सुप्रभात
रांची, रविवार
09.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 264



12 प्रीति जिंटा ने कामाख्या मंदिर में की पूजा




# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुखोई 30 लड़ाकू विमान से भरी उड़ान



## तीनों सेना की सर्वोच्च कमांडर बोलीं- रोमांचक रहा अनुभव, उड़ान टीम को बधाई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को वायु सेना के तेजपुर बेस से लड़ाकू विमान सुखोई -30 में उड़ान भरी। असम की यात्रा पर गयी तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू सुबह तेजपुर वायु सैनिक अड्डे पहुंची और उन्होंने करीब आधे घंटे तक सुखोई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। उनका विमान ब्रह्मपुत्र नदी और तेजपुर घाटी के ऊपर से गुजरते हुए वापस तेजपुर वायु सैनिक अड्डे पहुंचा। यह किसी लड़ाकू विमान की उनकी पहली उड़ान थी। श्रीमती मुर्मू सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की तीसरी राष्ट्रपति और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। इससे पहले प्रतिभा पाटिल ने 2009 में और अब्दुल कलाम 2006 में यह कारनामा कर चुके हैं।

झारखंड की राज्यपाल रह चुकीं श्रीमती मुर्मू की यह ऐसा अनुभव था। बाद में राष्ट्रपति ने आगंतुक पुस्तिका में लिखा, सुखोई लड़ाकू विमान में उड़ान भरना मेरे लिए रोमांचक अनुभव था। यह गर्व की बात है कि भारत की रक्षा क्षमता का विस्तार जल, थल और वायु सभी मोर्चों तक हुआ है। मैं वायु सेना और तेजपुर वायु सेना स्टेशन की समूची टीम को इस उड़ान के लिए बधाई देती हूं। उन्हे सुखोई विमान और वायु सेना की संचालन क्षमताओं के बारे में भी जानकारी दी गयी। राष्ट्रपति ने वायुसेना की संचालन तैयारियों की सराहना करते हुए उन पर संतोष व्यक्त किया। इस विमान को 106 स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार ने उड़ाया। विमान समुद्र तल से करीब दो किलोमीटर की ऊंचाई पर रहा और इसकी गति 800 किलोमीटर प्रति घंटा रही। तेजपुर वायु सेना स्टेशन परउन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

## कुड़मी आंदोलन से अब तक 300 से अधिक ट्रेनें रद्द, करोड़ों की क्षति

# बहरागोड़ा में एनएच पर 35 किमी जाम, फल-सब्जी सड़े

- झारखंड, बंगाल, बिहार ही नहीं नार्थ इस्ट भी प्रभावित
- रेलवे अधिकारियों ने कहा हालात चिंताजनक बनी है



**खबर मन्त्र टीम**

**रांची/जमशेदपुर।** कुड़मी/कुरमी जाति को एसटी का दर्जा देने की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल के कुस्तौर और खेमासुली में शुरू हुआ आंदोलन व्यापक रूप लेने लगा है। रेल और रोड जाम का असर अब बंगाल, ओड़िशा के साथ-साथ झारखंड में भी दिखने लगा है। शनिवार को पांचवां दिन है। अब तक 300 से अधिक ट्रेनें रद्द होने से रेलवे को रोज करोड़ों की क्षति हो रही है। सड़क जाम में बिहार, झारखंड, पंजाब, दिल्ली, ओड़िशा, यूपी समेत दक्षिण भारत की सैकड़ों ट्रकें फंसी हुई हैं। इससे सीधे तौर पर नॉर्थ ईस्ट भी प्रभावित हो रहा है, क्योंकि इसी एनएच से माल लदी बड़ी-बड़ी ट्रकें नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में जाती हैं। बहरागोड़ा एनएच पर 35 किमी जाम लगने से वाहनों के चालक और खलासी बेहाल हैं। (शेष पेज 11 पर)

**आम लोगों की बढ़ी मुसीबतें**

एनएच पर लगे जाम में सैकड़ों गाड़ियां फंसी हैं। दर्जनों ट्रकों पर सब्जियां हैं जो सड़ने लगी हैं। कई ट्रकों पर टमाटर लदे थे वे सभी गलने लगे हैं। कई टैंकरों में भरे दूध अब किसी काम के नहीं रहे। पश्चिम बंगाल से आलू की आवक प्रभावित होने से रिटेल मार्केट में इसकी कीमत बढ़ने लगी है। पश्चिम बंगाल से झारखंड के सीमावर्ती इलाकों के लिए आने वाली हरी सब्जियों की खेप प्रभावित हो चुकी है। हर दिन करोड़ों का नुकसान हो रहा है।

## बोकारो, रामगढ़ और लोहरदगा में नक्सलियों का उत्पात

# लेवी न मिलने से 12 वाहन फूंके, करोड़ों का नुकसान

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** झारखंड के तीन जिलों बोकारो, रामगढ़ और लोहरदगा में नक्सलियों ने जम कर उत्पात मचाया। लेवी न मिलने से नाराज नक्सलियों ने शुक्रवार रात 10 बजे से 11 बजे के बीच निर्माण कार्य में लगे 12 वाहन फूंक दिये। पुलिस सूत्रों के अनुसार बोकारो और रामगढ़ जिले में माने बिरसेन के दस्ते ने इस घटना को अंजाम दिया। यह दस्ता इनामी नक्सली मिथिलेश महतो के सरेंडर के बाद क्षेत्र में दहशत फैला रहा है। वहीं लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू स्थित बालाजी क्रेशर में शुक्रवार देर रात पीएलएफआई के



हथियारबंद उग्रवादियों ने एक करोड़ की पोकलेन मशीन और जेनरेटर को आग के हवाले कर दिया। साथ ही दहशत फैलाने के लिए बम भी फोड़े।

बोकारो के एसपी चंदन झा ने शनिवार को माना है कि नक्सलियों ने ये वाहन फूंके हैं। पुलिस ने पुष्टि की है कि बोकारो जिले के महुआटांड थाना क्षेत्र में एक जेसीबी, चार ट्रैक्टर और रामगढ़ में दो जेसीबी और तीन ट्रैक्टर नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। महुआटांड थाना क्षेत्र में पाइप लाइन का काम चल रहा है। यह करीब आधा दर्जन नक्सलियों ने यह वारदात की। रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के पारसाडीह में बीएम कंपनी पुल बना रही है। यहां करीब एक दर्जन नक्सली पहुंचे और वाहन फूंक दिये। जेसीबी पूरी तरह खाक हो गयी। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि जिन लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है वे लोग पहले से ही वाह निगाह रखे हुए थे। घटना की जांच की जा रही है। कैरी में 22 करोड़ रुपये की लागत से हर घर जल पहुंचाने के उद्देश्य पाइप लाइन बिछाई जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### रांची में कई राउंड फायरिंग चार लोग गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेव नगर इलाके में दो पक्षों में तनाव के बाद जमकर गोलियां चली। गनीमत रही कोई भी चोटिल नहीं हुआ है। जांच के दौरान पुलिस ने वारदात वाली जगह से पांच खोखे बरामद किये हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पार्षद ओमप्रकाश और सोनू के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। दोनों पक्षों में लड़ाई हो रही थी, जिसमें गोली चली है।

### आज रांची आयेंगे भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत

**रांची।** झारखंड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी रविवार को सेवा विमान से तीन दिन के दौरे पर आयेंगे। वे यहां प्रदेश भाजपा के हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन में शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने दी।

### सीआरपीएफ महानिदेशक ने किया कोबरा कैंप का दौरा

**रांची।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक डॉ सुजय लाल थाउसेन ने शनिवार को हजारीबाग के बरही स्थित 203 कोबरा बटालियन कैंप का दौरा किया। उन्होंने चतरा में नक्सलियों के खिलाफ अभियान की प्रशंसा की।

### बोकारो में भीषण आग से पांच लाख की क्षति

**बोकारो।** सेक्टर 12 के सेंटर मार्केट में शनिवार की दोपहर आग लग जाने से दो दुकानें जल गयीं। तीन दमकल गाड़ियों के आधे घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। टेंट हाउस से सटे दो दुकान भी जल गये। इसमें करीब पांच लाख की क्षति हुई है।

### उपराष्ट्रपति से मिले राज्यपाल राधाकृष्णन

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति निवास में उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की।

### चाईबासा : तीन नक्सली हथियार समेत गिरफ्तार

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला पुलिस ने आनंदपुर थाना क्षेत्र से पीएलएफआई के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से दो अवैध लोडेड देसी कट्टा और एक अवैध लोडेड देसी सिक्सर के अलावा पीएलएफआई पर्चा बरामद किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में अमित तोपनो, बीयेस लखवा और सन्तु लखवा उर्फ संतोष लखवा शामिल हैं। तीनों आनंदपुर थाना क्षेत्र के बेड़ातुलुंडा गांव निवासी हैं।

# रांची बंद शांतिपूर्ण मिला-जुला असर



- 100 बंद समर्थक हिरासत में, रिहा, केंद्रीय सरना समिति के 100 समर्थकों ने भी दी गिरफ्तारी
- बंद समर्थकों ने आंदोलन जारी रखने की दी चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पाहन महासंघ और समस्त आदिवासी संगठनों ने शनिवार को बुलाया। रांची बंद शांतिपूर्ण रहा। बंद समर्थक सुबह से ही रांची के बोड़ेया, डिबडीह बाइपास रोड, कांके रोड, पिठोरिया सड़क पर उतरे। रांची में बंद का असर अहले सुबह से देखने को मिला। आदिवासी संगठन के लोगों ने बिरसा चौक पर चारों ओर से घेराबंदी और टायर जलाकर नारेबाजी की। इसके अलावा कई जगहों करमटोली चौक, बोड़ेया चौक, डिबडीह बाइपास में कुछ देर के लिए रोड जाम किया। बंद समर्थकों को पुलिस ने अलग-अलग कैंप जगन्नाथपुर, मोरहाबादी टीओपी में देर शाम तक नजरबंद रखा। एसडीएम विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक के मुताबिक केंद्रीय सरना समिति के फूलचंद तिर्की भुनेश्वर लोहरा, निरंजना हेरेंज टोप्पो, हलधर चंदन पाहन, जगदीश पाहन, गीता लकड़ा, सोनी लकड़ा, विनय उरांव, गीता मुंडा, सुजाता मुंडा, प्रमोद एक्का समेत करीब 100 बंद समर्थकों को हिरासत में लिया गया था, देर शाम सबको छोड़ दिया गया। सभी बंद समर्थकों ने कहा कि यदि जल्द इस दिशा में प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आगे भी आंदोलन जारी रहेगा।

### वीरेंद्र राम की संपत्ति जब्त करने को इडी ने बनायी टीम

**रांची।** धनकुबेर बने पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की संपत्ति को ईडी ने जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसको लेकर ईडी ने अलग से टीम बनाई है। ईडी ने वीरेंद्र कुमार राम के पिता गेंदा राम के नाम पर खरीदा गया छतरपुर का फार्म हाउस और दिल्ली के पॉश डिफेंस कॉलोनी में खरीदे गए मकान को जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द ही एजेंसी दिल्ली समेत अन्य शहरों में वीरेंद्र राम की बनायी अचल संपत्ति को पीएलएमए प्रावधानों के तहत जब्त कर लेगी। अब तक की जांच में ईडी ने कई कंपनियों में इंवेस्टमेंट, ठेकों में कमीशनखोरी, वरीय अफसरों और नेताओं के साथ सांठगांठ के जरिए 250 करोड़ से अधिक की कमायी के साक्ष्य जुटाए हैं। इसी दिशा में कार्रवाई करते हुए ईडी एक सप्ताह के अंदर वीरेंद्र राम की अचल संपत्ति जब्ती की कार्रवाई करेगी। अभी वह जेल में हैं।

**18 करोड़ में खरीदी थी छतरपुर की प्रॉपर्टी :** ईडी की पूछताछ में वीरेंद्र राम ने अपनी कई संपत्तियों के बारे में खुलासा किया था। अब उनका ईडी ऑडिट करेगी। ईडी की पूछताछ में वीरेंद्र ने स्वीकार किया था कि छतरपुर की प्रॉपर्टी उसने 18 करोड़ कैश देकर खरीदी थी।

# सेल टैक्स विभाग सेटलमेंट से कमायेगा 14,000 करोड़

**सुधीर**

**रांची।** सेल टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 21000 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली कर झारखंड में रिकॉर्ड बनाया है। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष में अपने रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए भी तैयार है। विभाग की मानें तो चालू वित्तीय वर्ष में 24000 करोड़ रुपए की कमाई करने की योजना है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि टारगेट भले ही 24000 करोड़ रुपए का हो परंतु कमाई 27000 करो रुपए का होगा। इसके लिए उन्होंने विभिन्न मदों में कमाई का आकलन भी किया है।

अधिकारियों के अनुसार एसजीएसटी और आईजीएसटी सेटेलमेंट के रूप में 14000 करोड़ की कमाई की योजना है। वहीं वैट और सीएसटी मद्य में 8695 करोड़ रुपये, ईडी यानी कि इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी मद्य में 1200 करोड़ रुपये और प्रोफेशनल टैक्स के रूप में एक सौ करोड़ रुपये कमाई करने की योजना है। (शेष पेज 11 पर)

### सड़क पर गाड़ी जांच करने से अधिकारियों पर रोक

कमिश्नर ने कहा कि व्यापारियों को डराकर नहीं बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करके ज्यादा से ज्यादा कमाई किया जा सकता है। यही कारण है कि सेल्स टैक्स के अधिकारियों को बिना आदेश के सड़क पर वाहनों की जांच करने से रोक दिया गया है और इसका फायदा भी विभाग को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में 10-20 करोड़ नहीं, बल्कि 100 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली बिना सड़क पर गये व्यापारियों से की जायेगी। वह ज्यादा काम करेंगे और विभाग को ज्यादा टैक्स देंगे। इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है।




‘ खर्च करना आसान है, लेकिन कमाना बड़ा कठिन। परंतु इस कठिन काम को भी सेल टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आसान कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहां 21000 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली कर उनके विभाग ने पूरे राज्य में एक रिकॉर्ड बनाया है। वहीं, आने वाले वित्तीय वर्ष में 24000 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मिलकर इस लक्ष्य से ऊपर 27,000 करोड़ की कमाई करेंगे। विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। - **संतोष वत्स, सेल्स टैक्स कमिश्नर झारखंड**



## सचिवालय घेराव के जरिये जन भावनाओं को रखा जायेगा सरकार के सामने

# हल्ला बोल के लिए स्पेशल ट्रेन से रांची पहुंचकर 11 को दमखम दिखायेंगे भाजपा के कार्यकर्ता

### पार्टी के प्रदेश प्रभारी तीन दिनी रांची दौरे पर आज पहुंच रहे हैं रांची



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की ओर से 11 अप्रैल को राज्य की गठबंधन सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस आंदोलन को धरदार बनाने के लेने के लिए पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी तीन दिनी दौरे पर आज रांची आ रहे हैं। तीन दिनों तक रांची में रहेंगे और प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित आंदोलन में शामिल होंगे। पार्टी का टागरेट है कि 32 हजार गांवों से पार्टी के कार्यकर्ता रांची पहुंचें। पार्टी के सभी सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष और पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी इसके लिए रणनीतियों को अंजाम देने में लगे हैं। सचिवालय का जबर्दस्त घेराव हो, इसी बहाने अपनी ताकत को भी परखने की भी तैयारी है। अधिक से अधिक संख्या में पार्टी नेता, कार्यकर्ता जुटें, इसके लिए सभी पांचों प्रमंडल में तैयारियों को फाइनल टच दिया जा रहा है। संताल परगना से भी भाजपा कार्यकर्ता रांची में उपस्थिति दर्ज करा सकें, इसके लिए स्पेशल ट्रेन की बुकिंग तक कर ली गयी है। गोड्डा, दुमका, देवघर सहित दूसरे जिलों के पार्टी कार्यकर्ताओं को भी इसका लाभ मिलेगा।

**सचिवालय घेराव का ऐतिहासिक होगा : बाबूलाल**



भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने निशिकांत की सूचना को शेयर कर कहा कि 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव का ऐतिहासिक होगा। गोड्डा से हजारों कार्यकर्ता रांची आएंगे। सांसद निशिकांत जी की पहल पर एक विशेष ट्रेन गोड्डा से खुलेगी। गोड्डा, दुमका और देवघर से साथियों से अपील करते कहा है कि स्पेशल ट्रेन के संबंध में इस सूचना को अधिक से अधिक प्रसारित करें।

**हल्ला बोल के जरिये सरकार के सामने सवाल रखे जाएंगे : दीपक प्रकाश**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि वर्तमान सरकार से जनता त्रस्त है। राज्य में विकास कार्य ठप है। युवा नौकरी के सवालों से परेशान हैं। महिलाएं असुरक्षित हैं। करप्शन चरम पर है। सचिवालय घेराव के जरिये जन भावनाओं को राज्य सरकार के सामने रखा जायेगा। इसमें रांची में जनसैलाब दिखेगा।

**भाजपा का ऐतिहासिक प्रदर्शन होना है :** गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने ट्विटर के जरिये सूचना साझा करते कहा है कि रांची में 11 अप्रैल को भाजपा का ऐतिहासिक प्रदर्शन होना है। इसके लिए गोड्डा स्टेशन से विशेष ट्रेन दोपहर 2.45 बजे 10 अप्रैल को खुलेगी। यह ट्रेन सभी स्टेशनों पर रुकते 11 अप्रैल की सुबह 3 बजे हटिया रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। सांसद ने इस ट्रेन का लाभ लेने को गोड्डा, देवघर, दुमका जिले के पार्टी अध्यक्ष को समन्वय स्थापित करने को कहा है।

### भ्रष्टाचारी गठबंधन राज्य सरकार की नींव हिला देंगे : लक्ष्मण बड़ाइक

सचिवालय घेराव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शनिवार को सिमडेगा जिला के भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय मौजूद थे। कहा कि सिमडेगा जिले से हजारों की संख्या में सचिवालय घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में महाठगबंधन की सरकार भ्रष्टाचारी है। नौजवानों, महिलाओं, आदिवासियों, दलितों एवं पिछड़े वर्ग




को ठगने वाली सरकार है। अपराध चरम पर है। विकास कार्य ठप है। राज्य सरकार नियोजन नीति और स्थानीय नीति के नाम पर धोखा दे रही है। 11 अप्रैल को भ्रष्ट राज्य सरकार की नींव हिला देंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री विमला प्रधान, ओम प्रकाश, सूरज शाहदेव, दुर्गविजय सिंह, सावित्री देवी, दीपक पूरी, चिंतामणि, मुकेश, सुशील श्रीवास्तव, अनूप प्रसाद, राकेश रविकांत प्रधान, दीपेंद्र श्रीवास्तव, नवीन, तुलसी साहू, संजय ठाकुर, रुकमणी देवी, संजय शर्मा, श्रद्धानन्द बेसरा, मोती लाल सिंह, सतीश पांडेय, श्रीलाल साहू, नरेंद्र बड़ाईक, सुदर्शन सिंह, रामविलास बड़ाईक, देवकीनंदन साय, कृष्णकांत सिंह, प्रणव कुमार, सुजान आदि थे।

# इडी भेजेगी साहिबगंज के कई अधिकारियों को सम्मन

### फिर बुलाए जा सकते हैं माइनिंग अफसर और उपायुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ईडी के द्वारा जब्त माइनिंग पर अवैध खनन को लेकर इडी ने गंभीरता से लिया है। इडी के रांची जोनल कार्यालय से साहिबगंज में पदस्थापित माइनिंग अधिकारियों व डीसी को सम्मन भेजेगी। ईडी के कार्यालय में अवैध खनन से जुड़े मामलों की पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। इसी को लेकर साहिबगंज में ईडी की टीम तीन दिन तक रही, जिसके आखिरी दिन शुक्रवार को ईडी ने अवैध उत्खनन से जुड़े दस्तावेज साहिबगंज डीसी और एसपी को सौंपकर रांची लौट आई है।

गौरतलब हो कि ईडी की टीम तीन दिवसीय दौरे पर साहिबगंज में थी। शुक्रवार देर शाम जिला एसपी और उपायुक्त से मिलकर जरूरी कागजात थमाकर वापस रांची लौट आई। टीम अपने तीन दिवसीय दौरे पर महादेवगंज स्थित मारीकुटी पहाड़ पर व्यवसायी आलोक रंजन सहित अन्य के अवैध खनन की मापी की। साथ ही साथ जिलेबिया घाटी पर भी अवैध खनन का निरीक्षण किया तो इस बार उन्हें दो से तीन नए पत्थर व्यवसायियों का नाम सामने आए। इडी की टीम इन व्यवसायियों के खदानों पर विशेष रूप से छापेमारी की।

ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि ईडी इन व्यवसायियों को जल्द सम्मन कर पूछताछ के लिए रांची बुला सकती है।

ईडी के मुताबिक पत्थर व्यवसायी आलोक रंजन सहित अन्य लोग पंकज मिश्रा के काफी नजदीकी हैं, अवैध खनन में ये लोग काफी महारत हासिल कर ली है, इनके द्वारा लीज से अधिक पत्थर खनन किया गया है। यहां तक कि वन विभाग के जमीन पर भी अवैध खनन किया है। हाल ही में वन विभाग ने आलोक रंजन पर एफआईआर दर्ज करायी है। इडी का मानना है कि पंकज मिश्रा आज भी जेल के अंदर से इन व्यवसायियों का मॉनिटरिंग कर रहा है, आज भी उसके आदेश का पालन साहिबगंज में किया जा रहा है।

# तेलंगाना के बाद पीएम मोदी झारखंड को देंगे सौगात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलंगना में सिकंदराबाद-तिरुपति और तमिलनाडू में चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना किया। झारखंडवासियों की भी अब उम्मीदें बढ़ गयी हैं कि जल्द से जल्द झारखंड में भी वंदे भारत ट्रेन पटरियों पर दौड़ेगी। हालांकि, अटकलें तेज है कि झारखंड में रांची से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन 25 अप्रैल से



शुरू हो सकती है, लेकिन अभी तक इस खबर पर मुहर नहीं लगी है।

हालांकि, कहा जा रहा है कि यह ट्रेन कई सुविधाओं से लैस होगा। रांची और पटना के बीच की दूरी 6 घंटे से भी कम में यह ट्रेन पूरी करेगी। वंदे भारत ट्रेन टाटीसिलवे, बीआईटी मेसरा, बरकाकाना और हजारीबाग शहरों से होते हुए पटना और रांची को कवर करेगी और अन्य वंदे भारत ट्रेनों की तरह सप्ताह में 6 दिन चलेगी। अन्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की तरह ही सीट, वाशरूम, पूरी तरह से एयर कंडिशनर सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

**पीएम मोदी आ सकते हैं झारखंड**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए रांची आ सकते हैं। जैसा कि पहले भी देखा गया है कि कई बार पीएम मोदी खुद उस राज्य का दौरा कर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाते हैं, जहां से उसकी शुरुआत होती है। हालांकि कई बार ऐसा भी हुआ है कि पीएम मोदी ने वर्चुअल मोड पर भी उद्घाटन किया है।

# जेबीवीएनएल का टॉल फ्री नंबर जारी, लंबे समय से बिजली नहीं हो तो करें शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) लगातार उपभोक्ताओं को बिल पेमेंट और बिजली चोरी की खिलाफ जागरूक कर रहा है। वहीं, नयी तकनीकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को सरल सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा है। इसी क्रम में जेबीवीएनएल की ओर से इसके लिये अलग से सेल की स्थापना की गयी है, जहां उपभोक्ता बिजली नहीं रहने पर इसकी जानकारी 1912/1800-345-6570/ 1800-123-8745 दे सकते हैं। वहीं, सुविधा एप का इस्तेमाल करके भी उपभोक्ता बिजली कटौती की शिकायत कर सकते हैं। इसके लिये निगम ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, जहां उपभोक्ता 24 घंटे सातों दिन बिजली कटौती की जानकारी दे सकते हैं।

निगम की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार सोशल मीडिया हैंडल पर भी उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं, जहां निगम के फेसबुक, ट्विटर हैंडल पर उपभोक्ता शिकायत कर सकते हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, (एन.आर.ई.पी.), चतरा**
**(Email Add: nrepchatra@gmail.com)**

**शुद्धि–पत्र**

एन.आर.ई.पी. चतरा के अन्तर्गत (DMFT) सिमरिया प्रखण्ड के कुल 29 योजनाओं में निकाली गई, ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं.– EE/NREP/CHATRA/10/2022-23 दिनांक–18.03.2023, P.R No. 293059 NREP(22-23)D में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credite Certifecate एवं Affidavit प्राप्ति की अंतिम तिथि 06.04.2023 एवं निविदा खोलने की तिथि 07.04.2023 को अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है जिसकी प्राप्ति की तिथि 08.04.2023 पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक एवं खोलने की तिथि 10.04.2023 निर्धारित की जाती है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR.NO.294647 NREP(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांक–283 दिनांक–25.02.2023 जिसका PR संख्या–291367है के द्वारा निकाली गई सूचना को रद्द समझा जाय।
अन्य शर्त्तें पूर्ववत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

PR 294661Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, (एन.आर.ई.पी.), चतरा ।**
**Email Add: nrepchatra@gmail.com**

**शुद्धि–पत्र**

1. एन. आर. ई. पी., चतरा DMFT योजना अन्तर्गत् ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं.–EE/NREP/CHATRA/11/2022-23, दिनांक–18.03.2023, है तथा P.R. No. 293065 (NREP) 22–23 (D) जिसकी वेबसाइट ई–निविदा प्रकाशन की तिथि 01.04.2023, प्राप्ति की अंतिम तिथि 08.04.2023 अपराह्न 05.00 बजे तक, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 10.04.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक तथा ई–निविदा खोलने की तिथि 11.04.2023 है जिसमें ग्रुप संख्या 16 से 23 तक की तिथि में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–
2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.04.2023
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 17.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 18.04.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.04.2023 पूर्वाह्न 2.00 बजे।
6. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन.आर.ई.पी., चतरा।

PR 294684 NREP(23-24)D


# इडी की जांच में साहेबगंज में अवैध खनन के सबूत मिले, जिरवाबाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज

**एजेंसी**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में अवैध खनन को लेकर हुए खुलासे के बाद साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी थाना में एफआइआर दर्ज कराया गया है। एफआइआर जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने दर्ज कराया है।

एफआईआर में कहा गया है कि बीते पांच अप्रैल को ईडी और जिला प्रशासन की ओर से जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मारीकुप्ती, डेम्बा, सिमरिया, धुर्वे, चुआ, जोकमारी, लालमाटी, भुरकुंडा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अवैध उत्खनन किया हुआ पाया गया। साथ ही उसी क्षेत्र पर ड्रील होल कर बारुद को होल में डाला हुआ भी देखा गया। इससे साफ प्रतीत होता है कि अभी भी इलाके में अवैध खनन किया जा रहा है। दर्ज कराए गए एफआईआर में कहा गया है कि इस क्षेत्र पर पूर्व में विष्णु कुमार यादव उर्फ छोटू यादव के द्वारा अवैध खनन किया गया है। इस स्थल पर किसी प्रकार का कोई खनन पप्ता या अनुज्ञप्ति निर्गत नहीं है। इससे यह स्पष्ट है कि यह पूर्ण रूप से अवैध क्षेत्र है। इस कृत से सरकारी राजस्व की चोरी हो रही है एवं राष्ट्रीय संपत्ति का क्षरण भी हो रहा है।

इससे पूर्व ईडी की टीम पांच अप्रैल को साहिबगंज में उन क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करने पहुंची, जिन इलाकों को अवैध खनन क्षेत्र चिह्नित कर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। टीम को पहाड़ों पर अवैध खनन के लिए लगाए गए बारूद मिले, जिससे पता चला कि वहां ब्लास्टिंग किए जा रहे हैं। छानबीन में पता चला कि वहां रात में अवैध खनन होता है। जांच एजेंसी ने ड्रोन से वहां की तस्वीरें ली।

मौके पर पोकलेन और डंपर जैसे वाहनों के पहियों के ताजा निशान भी मिले हैं। निरीक्षण के बाद जांच एजेंसी ने विस्तृत रिपोर्ट साहिबगंज एसपी को भेजी है। इसमें कहा गया है कि मामला गंभीर है। पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराने की जरूरत है।

# 9वीं व 11वीं की बोर्ड परीक्षा कल से और 8वीं की 13 को



राजकीय मध्य विद्यालय पंडरा में पेरेंट्स के साथ बच्चों की हुई मीटिंग

### तीनों परीक्षाओं में शामिल होंगे 13 लाख बच्चे

### स्कूलों ने बांटे एडमिट कार्ड, तैयारी में जुटे बच्चे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से 8वीं, 9वीं और 11वीं के बच्चों के लिए बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया है। 9वीं और 11वीं की बोर्ड परीक्षा 11 और 12 अप्रैल को होगी। वहीं, 8वीं की बोर्ड परीक्षा 13 अप्रैल को होगी। 8वीं की परीक्षा में करीब 5 लाख बच्चे शामिल होंगे। वहीं, 9वीं में 4.5 लाख और एक 11वीं में 3.40 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए झारखंड एकेडमी काउंसिल की ओर से परीक्षा केंद्र निर्धारित कर दिया गया है। सभी बच्चों को तैयारी के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने को कहा गया है।

वहीं, स्कूलों द्वारा बच्चों को प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिया गया है। 9वीं और 11वीं की परीक्षा 2 दिन, दो सीटिंग में होगी और 8वीं की परीक्षा 1 दिन दो सेटिंग में होगी। ऑनलाइन एसेसमेंट बच्चों का पहले ही कर लिया गया है। जैक के सचिव मोहित कुमार सिंह ने बताया कि 9वीं 11वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी हो गई है। बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार कर लिया गया है। उनका एसेसमेंट भी ऑनलाइन कर लिया गया है। 8वीं के बच्चों को दो सेटिंग में चार विषयों की परीक्षा देनी है। इसके लिए उन्हें ऑब्जेक्टिव प्रश्न दिए जाएंगे।

इधर दूसरी ओर राजकीय मध्य विद्यालय पंडरा में शनिवार को पेरेंट्स के साथ बच्चों की मीटिंग की गई। इसकी अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य डॉ अशोक प्रसाद सिंह ने दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों को अभिभावकों के सामने परीक्षा के नियमों की जानकारी दी। साथ ही उन्हें एडमिट कार्ड भी उपलब्ध कराया। कहा कि परीक्षा से एक दिन पहले सोमवार को उन्हें स्कूल आना है। यहां परीक्षे के टिप्स दिये जायेंगे।

## अभय सिंह बने राजद के राष्ट्रीय महासचिव

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने राजद कार्यकर्त्ताओं ने खुशी जतायी है। युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि अभय कुमार सिंह हमारे पूर्व में अध्यक्ष रहे हैं और उनके साथ हम सभी पार्टी के लिए काम किए हैं। अभय सिंह को राष्ट्रीय महासचिव बनने से झारखंड में तो पार्टी मजबूत तो हुई है, लेकिन अब राजद अब देश के अन्य राज्यों में भी मजबूती के साथ खड़ा होगा। अभय कुमार सिंह ने कहा कि राजद का उदेश्य देश की एकता अखंडता के साथ सभी वर्गो के लोगों को साथ लेकर चलने का रहा है। इसी सिद्धांत को लेकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। वहीं लालू प्रसाद यादव के सेवक इरफान अहमद अंसारी ने भी अभय कुमार सिंह को बधाई दी है।

# झारखंड बंद को लेकर छात्रों में दो फाड़ एक गुट 10 को, तो दूसरा 19 के पक्ष में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 10 अप्रैल को झारखंड में नियोजन नीति पर होनेवाले बंद को लेकर असमंजस की स्थिति है। छात्रों का एक गुट शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के बाद झारखंड बंद को अब 10 अप्रैल के बजाय 19 अप्रैल को करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय को लेकर देवेन्द्र महतो का कहना है कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन की वजह से फिलहाल इस आंदोलन को टालने का छात्रों ने निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का असमय निधन से झारखंड के मूलवासी छात्र शोकाकुल हैं। जगरनाथ महतो एक ऐसे नेता थे जो 1932 खतियान आधारित स्थानीय और नियोजन नीति के पक्षधर थे। इस स्थिति में 10 अप्रैल को झारखंड बंद करना उचित नहीं होगा। यही कारण है कि 10 अप्रैल की जगह 19 अप्रैल को झारखंड बंद करेंगे।

वहीं दूसरी ओर झारखंड यूथ एसोसिएशन के समन्वयक इमाम शफी ने शनिवार को मोरहाबादी मैदान में मीडिया से बात करते हुए कहा कि 10 अप्रैल के झारखंड बंद को लेकर राज्य के सभी चौबीसों जिले में हजारों युवा बंद के समर्थन में सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो का असमायिक निधन झारखंडियों के लिए बड़ी क्षति है। इमाम शफी ने कहा कि हेमंत सरकार 60:40 वाली नियोजन नीति के आधार पर बहाली निकाल रही है। इससे दूसरे राज्यों के लोग भी नौकरियों में यहां आ जाएंगे। सभी स्टूडेंट्स मिलकर एक बार फिर 60:40 नीति के खिलाफ व खतियान आधारित स्थानीय-नियोजन नीति की मांग को लेकर आंदोलन करने को विवश हैं। 10 अप्रैल के आंदोलन से पूर्व आज मशाल जुलूस भी निकाला जायेगा।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–सितामनी कुमारी, उम्र–14 वर्ष, रंग–गोरी, उचाँई– 4 फिट 10 ईंच,

उपरोक्त लापता लड़की सितामनी कुमारी पिता–चुआ उराँव, सा0–आकरी, थाना–बिशुनपुर, जिला–गुमला। वर्तमान पता–बिशेषवर अर्पाटमेंट करमटोली, थाना –लालपुर जिला–राँची में अपने रिश्तेदार के यहाँ आयी थी जो दिनांक–14.03.2023 को घर से बिना बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में लालपुर, थाना कांड संख्या–81/2023 दिनांक –28.03.2023 , धारा–366(A) दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। –9431706139
थाना प्रभारी,लालपुर, राँची। –9431706159

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.294659 Police(23-24):D


# अपनी मांगों के समर्थन में कुड़मियों का बंगाल में आंदोलन जारी, रांची से खुलने वाली कई ट्रेनें रद्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कुड़मी को आदिवासी (अनुसूचित जनजाति) का दर्जा देने की मांग के समर्थन में कुड़मियों का आंदोलन जारी है। आंदोलनकारियों ने हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग और हाई-वे को पूरी तरह से जाम कर दिया है। इसकी वजह से इस रूट पर ट्रेन सेवा पूरी तरह से ठप हो गयी है। कुड़मियों के आंदोलन का असर झारखंड की रेल सेवा पर भी देखा जा रहा है। रांची रेल मंडल से चलने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।



**रांची से चलने वाली 4 ट्रेनों को किया रद्द :** दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल की ओर से शनिवार को बताया गया कि कम से कम 4 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इसमें बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन, बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन, आसनसोल-रांची मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन और रांची-आसनसोल मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को 8 अप्रैल को रद्द कर दिया गया है।

**आद्रा और खड़गपुर रेल मंडल में चल रहा है कुड़मियों का आंदोलन :** दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से जो जानकारी दी गयी है, उसमें कहा गया है कि कुड़मी समाज द्वारा आद्रा मंडल के कोटशिला स्टेशन पर धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम चल रहा है। खड़गपुर मंडल के खेमाशुलि स्टेशन तथा आद्रा मंडल के कुसतौर स्टेशन पर रेल पटरी पर 5 अप्रैल से शुरू हुआ जन आंदोलन 8 अप्रैल को भी जारी है। इसलिए कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

**यात्रा प्रारंभ 8 अप्रैल को,ये ट्रेनें रहेंगी रद्द**

ट्रेन संख्या 03357 बरौनी-कोयंबटूर स्पेशल एक्सप्रेस
ट्रेन संख्या 03595 बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन (वाया-मुरी)
ट्रेन संख्या 03598 आसनसोल-रांची मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन
ट्रेन संख्या 03597 रांची-आसनसोल मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन

स्पीड न्यूज

### चौका: जंगली गजराजो ने फिर ली एक की जान



चांडिल। शनिवार की तड़के सुबह चौका थाना क्षेत्र के बालीडीह में एक व्यक्ति को पटक कर मार डाला। मृतक की पहचान बालीडीह निवासी 42 वर्षीय रहिना मुंडा के रूप में हुई है। सारंडा की ओर जाने वाली जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़े हाथी ने इस घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रहिना मुंडा सुबह शौच के लिए निकला था। सूचना मिलने के बाद वन विभाग एवं पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन कर रही है। इस घटना के बाद बालीडीह गांव में मातम पसर गया। आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों ने चार लोगों की जान ले चुकी है।

### किसानों को दिया गया उन्नत किस्म के बीज



चांडिल। शनिवार को कृषि तकनीकी एवं सूचना केंद्र चांडिल में उन्नत किस्म के गर्मा मुंग के बीज चांडिल प्रखंड क्षेत्र के करीब 50 किसानों के बीच चांडिल के प्रखंड प्रमुख अमला मुर्मू के हाथों वितरण कर शुभारंभ किया गया। प्रमुख ने कहा इस तरह के उन्नत किस्म के बीज की बुवाई करने से किसानों की उपजाई में बढ़ोतरी होगी एवं किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर बीटीएम अमिता मांझी, एटीएम जयपाल गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कांड्रा स्टेशन पर आरपीएफ ने यात्रियों को किया जागरुक

गम्हरिया। कांड्रा स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल, सीनी के थाना प्रभारी अमल घोष के नेतृत्व में अधिकारियों व जवानों द्वारा यात्री सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आरपीएफ प्रभारी ने लोगो को जागरूक करते हुए उन्हें चलती ट्रेन पर पथराव नहीं करने, मानव तस्करी नहीं करने, महिला सुरक्षा और विशेष परिस्थिति में टॉल फ्री नंबर 139 पर कॉल करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर पर कॉल करें, उन्हें तुरंत सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि रेल आपकी संपति है, इसकी सुरक्षा करें। रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने पर रेल लाइन पार करने का प्रयास किसी भी हालत में ना करें यह जानलेवा साबित हो सकता है। अभी सभी ट्रेनों की गति तेज हो गई है। इसलिए रेलवे लाइन के किनारे चलने का प्रयास भी नहीं करना चाहिए। कहा कि सतर्कता से ही हम किसी भी अप्रिय दुर्घटना को रोक सकते हैं। रेल सुरक्षा बल प्रभारी अमल घोष ने कहा कि अगर रेलवे लाइन के आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो इसकी सूचना तुरंत दे ताकि किसी अप्रिय घटना का अंजाम देने के पहले ही उक्त व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।

### शरारती तत्वों ने होटल में लगाई आग, सामान समेत दुकान जलकर राख



गम्हरिया। आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित घोडाबाबा मंदिर के समीप सड़क किनारे झोपड़ीनुमा एक होटल में बीते शुक्रवार की देर रात शरारती तत्वों द्वारा आग लगा दी गई जिससे होटल पूरी तरह जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत क्रॉस कंपनी के पास सड़क किनारे बने झोपड़ी होटल में आग की लपटें स्थानीय लोगों द्वारा शनिवार की सुबह करीब चार बजे बजे देखा गया। जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक बांस और पुआल से बना वह होटल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। स्थानीय कुछ लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास भी किया गया। लेकिन तब तक आग पूरी तरह फैल चुकी थी। लोगों द्वारा इस घटना की जानकारी होटल के मालिक अरुण पासवान को दिए जाने के बाद वे मौके पर पहुंचे। किन्तु, तब तक पूरा होटल स्वाहा हो चुका था। बताया जाता है कि इसी होटल के सहारे उसका पूरा परिवार चलता था। घटना के बाद पीड़ित परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

### भाटिया बस्ती में मंत्री जगन्नाथ महतो को दी गयी श्रद्धांजलि

जमशेदपुर। कदमा भाटिया बस्ती में साई आवास में अल्पना दास की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया। कहा गया कि महतो एक जुझारु और जमीनी स्तर पर जुड़े नेता थे। शिक्षकों एवं विभाग से जुड़े लोगों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील थे और प्रदेश में शिक्षा के माहौल में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते थे। शोक सभा में शिल्पा नामता,साधना चक्रवर्ती, मुनकी भूमिज, सुष्मिता चक्रवर्ती, मोमीता चक्रवर्ती, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# भाजपा का हेमंत हटाओ-झारखंड बचाओ अभियान में 11 अप्रैल को

रांची सचिवालय महाघेराव में भाग लेने जायेंगे जमशेदपुर से हजारों कार्यकर्ता

झारखंड के इतिहास में हेमंत सरकार बनी सबसे भ्रष्ट व नकारा सरकार : विद्युत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सांसद विद्युतवरण महतो। साथ में राकेश सिंह,गुंजन यादव व अनिल मोदी।

जमशेदपुर। झारखंड की झामुमो-कांग्रेस एवं राजद की महागठबंधन सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र को लेकर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। पिछले साढ़े तीन वर्ष से झारखंड सरकार की वादाखिलाफी और पूरे प्रदेश में पांव पसारते भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी जैसे मुद्दे को लेकर आंदोलनरत भाजपा ने हेमंत सरकार के एक-एक वादों की जमीनी हकीकत बताते हुए उनसे सवाल पूछे हैं। शनिवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से साकची जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस-वार्ता में जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत वरण महतो ने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला महामंत्री राकेश सिंह, अनिल मोदी एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने हेमंत सरकार को सभी मोर्चों पर पूरी तरह से विफल बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के इतिहास में अब तक इतनी नाकारा, अराजक और भ्रष्ट सरकार किसी ने नहीं देखी। पूरे प्रदेश में बढ़ते अपराध, गिरती स्वास्थ्य सुविधा और बेरोजगार युवाओं से किये वादाखिलाफी से जनता में आक्रोश व्याप्त है। आगामी 11 अप्रैल को 'हेमंत हटाओ-झारखंड बचाओ' अभियान के तहत झारखंड भाजपा के नेतृत्व में रांची में सचिवालय महाघेराव में त्राहिमाम कर रही जनता के मुददों को मजबूती से आवाज देकर एवं इस सरकार की विदाई का शंखनाद कर सरकार की नींव हिला दी जाएगी। विद्युत महतो ने झामुमो के घोषणापत्र में किये गए घोषणाओं को लेकर हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। सांसद ने कहा, हेमंत सरकार में डॉक्टर, वकील, जज, पत्रकार, सुरक्षाकर्मी, महिला, आमजन कोई सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार राज्य की जनता को सुरक्षा देने में पूर्ण रूप से विफल रही है। कहा कि जैसे ही झारखंड में सत्ता परिवर्तन हुआ हिंसा की घटनाएं तेज हो गई। इसके पीछे हेमंत सोरेन सरकार की राजनितिक इच्छाशक्ति की कमी है। महतो ने बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था दम तोड़ रही है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जनता से सिर्फ झूठे वादों का खिलवाड़ कर रही है। हेमंत सरकार के सत्ता संभालने के बाद पूरे झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं ने दम तोड़ दिया है। आए दिन राज्य के सरकारी अस्पतालों में सुविधा की कमी, उपकरणों की कमी, डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की अनुपस्थिति की खबरें आती है। महतो ने कहा कि हेमंत सरकार का दृष्टिकोण ही बाहरी-भीतरी और तुष्टिकरण की वोट बैंक पॉलिटिक्स पर टिकी हुई है। उन्होंने राज्य के बिगड़ते हालात पर भाजपा झारखंड प्रदेश के नेतृत्व में 11 अप्रैल को प्रस्तावित सचिवालय महाघेराव में अधिक से अधिक संख्या में लोगों से शामिल होने और सरकार से सवाल करने का आह्वान किया। कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम, रांची रिम्स सहित पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं दम तोड़ रही है। पलामू, चाईबासा, गढ़वा, गिरिडीह, दुमका, साहेबगंज एवं देवघर को 25 हजार करोड़ रुपए के लागत से विश्वस्तरीय शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। किन्तु घोषणा को पूर्ण करने की दिशा में कोई प्रस्ताव नहीं है। क्या हुआ!

**घोषणापत्र में किया गया रोजगार का वादा: गुंजन यादव**

वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्ता में आने के लिए चुनाव के समय कई तरह के लोक-लुभावने वादे जनता से की। फिर सत्ता मिल जाने के बाद उन वायदों का क्या हाल हुआ है ,यह सर्वविदित है।

# मोदी के खिलाफ राहुल के साथ मोर्चा लें एक-एक कांग्रेसी : पांडेय

**जय भारत सत्याग्रह यात्रा के तहत टाटा पहुंचे कांग्रेस के प्रभारी, कहा-गांव-गांव जाकर खोले मोदी सरकार की पोल, लोगों की बात सुनें कांग्रेसी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



टाउन हॉल में एकता प्रदर्शित करते अविनाश पांडेय व वरिष्ठ कांग्रेसी।

जमशेदपुर। जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर में शनिवार को सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, विशिष्ट अतिथिगण प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय, मंत्रीगण बादल पत्रलेख के आगमन पर आगवानी एवं स्वागत मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया। आगमन स्थान डोबो पुल, सोनारी में 1000 से अधिक कांग्रेसजन एवं मोटर साइकिल काफि के साथ प्रभारी एंड टीम का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल बिरसा मुण्डा टाऊन हॉल, सिदगोड़ा में आदिवासी कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन जसाई मार्डी एवं आदिवासी समाज के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा परंपरागत तरीके से ढोल नगाडो के धुन पर अतिथि का स्वागत महिलाओं के टीम ने किया। जय भारत सत्याग्रह यात्रा सभा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सत्र का अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने किया। अतिथिगणों का स्वागत जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने बुके प्रदान कर, शॉल प्रदान कर, गाँधी टोपी पहनाकर मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ट अतिथिगणों का स्वागत कार्यकारीअध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर एवं ग्रामीण अमित राय ने किया गया। मुख्य अतिथि अविनाश पाण्डेय ने जय भारत सत्याग्रह यात्रा सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब कांग्रेस कार्यकर्तागण को आगे आना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चार हजार कि मी की यात्रा कर भाजपा सरकार के गलत कार्यों महंगाई, बेरोजगारी एवं अडानी के हाथों देश को खोखला करने के आवाज को उठाया है। इसलिए राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ खड़ा होना होगा। हर कांग्रेसी शहर से लेकर गांव तक आम लोगों के बीच जाकर मोदी सरकार की विफलताओं पर प्रकाश डाले ताकि वर्ष 2024 के चुनाव में लोकतंत्र विरोधी वर्तमान सरकार को सत्ता से हटाया जा सके। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता ने आम जनता के आवाज को मजबूती से उठाया, जिससे मोदी सरकार तिलमिला गई और आनन-फानन में राहुल गांधी जी का सदस्यता षडयंत्र रचकर करा दिया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्तागण पार्टी को मजबूत करें, कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें, वरिष्ठ नेता को ध्यान से सुने और जिम्मेवारियों का निर्वहन करें। वरिष्ठ नेतागण में डॉ अजय कुमार पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, मंत्री बादल पत्रलेख, राकेश्वर पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष इंटक, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। 2024 में आम जनता के भलाई के लिए भाजपा को उखाड कर फेकें, कांग्रेसजन जनता के बीच पहुचें। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रबंधन कार्य संजय सिंह आजाद एवं ब्रजेन्द्र तिवारी ने सम्पादित किया।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, अखिलेश्वर सिंह, अशोक चौधरी, चन्द्रभान सिंह, अजय सिंह, रघुनाथ पाण्डेय, बिजय खान, सहित लगभग चार हजार से अधिक कांग्रेसजनों ने उपस्थित दर्ज करायी।

**तिलक पुस्तकालय के जीर्णोधार कार्यक्रम का शिलान्यास**

कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत मुख्य अतिथि अविनाश पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथिगण प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू के कर कमलों से कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय जीर्णोद्धार का शिलान्यास कार्य जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ।

**अभय उपाध्याय और जगन्नाथ महतो की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा**

सभा के अंत में पूर्व एमजीएम मण्डल कांग्रेस के अध्यक्ष अभय उपाध्याय का दुर्घटनावश देहांत होने तथा माननीय मंत्री जगन्नाथ महतो का निधन हो जाने पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दिया। जय भारत सत्याग्रह यात्रा सह सभा में भारी संख्या में शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र से शामिल होने वाले सभी कांग्रेसजनों का जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने अभार जताया।

## टाटा स्टील के विकास कार्यों का श्रेय न लें पूर्व सीएम : भाजमो





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। भाजमो पूर्वी विधानसभा के संयोजक अजय सिन्हा, पश्चिम विधानसभा के संयोजक मुकुल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजु सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित शर्मा, अनुसूचित जनजाती मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश कोया ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रघुवर दास द्वारा जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की जनसुविधाओं के लिए टाटा स्टील के एमडी को चिरौरी-मिन्नत की भाषा में पत्र लिखना हास्यास्पद है और विगत 3 वर्षों में इस क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के बारे में उनकी जानकारी के अभाव का द्योतक है। भाजमो नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा है कि दास ने वही जनसुविधाएं दिलाने के लिए टाटा स्टील एमडी से आरजू किया है जो या तो हो चुकी हैं या होने की प्रक्रिया में हैं। इन्हें लागू कराने के लिए क्षेत्र के वर्तमान विधायक सरयू राय ने ने गत तीन वर्षों में संघर्ष किया है, धरना-प्रदर्शन किया है और सरकार एवं जिला प्रशासन को हस्तक्षेप करने के लिए तैयार कर कंपनी को इन्हें करने के लिए बाध्य किया है। ऐसी स्थिति में इसी काम के लिए श्री दास द्वारा एमडी की वंदना करना शोभा नहीं देता। नेताओं ने कहा कि वास्तव में चुनाव हार जाने के बाद दास घर में बंद हो गए हैं, उनके इर्द-गिर्द मंडराने वाले ही उनका सूचना स्रोत बन गए हैं।

## श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हुआ फ्रेशर डे का आयोजन

## आनंद महतो मिस्टर फ्रेशर व कविता कुमारी मिस फ्रेशर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




जमशेदपुर। शनिवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बी.एड. एवं डीएलएड के 2022-2024 सत्र के प्रशिक्षणार्थियों का फ्रेशर डे का आयोजन किया गया। इस फ्रेशर डे का आयोजन बी.एड एवं डीएलएड 2021-2023 सत्र के सीनियर प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा किया गया। नव नामांकित प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत तिलक लगा कर सीनियर ने किया। बी.एड. एवं डी.एल.एड. के नवनामांकित प्रशिक्षणार्थियों ने रैंप वॉक कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस क्रम में निर्णायको के द्वारा उनसे कुछ सवाल भी पूछे गए जिनका प्रशिक्षणार्थियों ने जवाब दिया। कार्यक्रम के अंत में मिस्टर फ्रेशर आनंद महतो, मिस फ्रेशर कविता कुमारी, बेस्ट कॉस्ट्यूम महिमा कुमारी तथा बेस्ट वॉक के लिए नेहा सुंडी चुनी गई। सभी विजेताओं को श्रीनाथ विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो ने सम्मानित किया। निर्णायकों के रूप में शशिकांत सिंह, सहायक प्राध्यापक जया रानी महतो तथा शालिनी चक्रवर्ती उपस्थित थी।

## सेवार्थ विद्यार्थी जमशेदपुर के द्वारा मानगो में शुरू की गई निशुल्क कोचिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




जमशेदपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के आयाम सेवार्थ विद्यार्थी (स्टूडेंट्स फॉर सेवा) जमशेदपुर महानगर द्वारा मानगो स्थित साउथ पॉइन्ट स्कूल प्रांगण में सीयूईटी (यूजी) की फ्री कोचिंग क्लास शुरू किया गया। ज्ञात हो इस वर्ष स्नातक में दाखिला लेने वाले विद्याथीर्यों को उवएळ परीक्षा देना अनिवार्य है इस लिए सेवार्थ विद्यार्थी द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू किया गया। आज प्रथम दिन सीयूइटी के परीक्षा से सम्बंधित विस्तार पूर्वक बताया गया और कल से विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों को लिये उस विषय के शिक्षकों के द्वारा निशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी क कराया जाएगा। सेवार्थ विद्यार्थी जमशेदपुर महानगर कार्य प्रमुख अभिषेक कुमार ने कहा कि सेवार्थ विद्यार्थी समाज एवं विद्यार्थियों के लिए सदैव सेवा भावना के साथ तत्पर रहा है, इस वर्ष सभी राजकीय विश्वविद्यालय में भी दाखिला लेने के लिए।

## मुसाबनी बीडीओ ने कुईलीसुता पंचायत का किया औचक निरीक्षण



जमशेदपुर। मुसाबनी प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी द्वारा कुईलीसुता पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मनरेगा योजना से क्रियान्वयन योजना, आम बागवानी, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित कर्मचारियों को आवश्यकता अनुसार दिशा-निर्देश भी दी गई। पदाधिकारी द्वारा मनरेगा के तहत चल रहे दीदी बाड़ी योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत संचालित आम बागवानी का निरीक्षण किया।

## डॉ अभिषेक एंड टीम ने सफलता पूर्वक की दो वर्षीय देवश्री का जटिल ऑपरेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सफल ऑपरेशन के बाद बच्ची को देखते कुणाल षाडंगी। साथ में डा अभिषेक कुमार व टीम।

जमशेदपुर। समय-समय पर दूत बन कर जमशेदपुर सहित राज्य की जनता की सहायता करने वाले सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक, भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के पहल पर फिर एक बार पूर्वी सिंहभूम जिले के निवासी दो वर्षीय बच्ची का नि:शुल्क इलाज किया गया। दरअसल, पटमदा प्रखंड के बोड़ाम निवासी मनींद्र नाथ महतो की दो वर्षीय बेटी देवश्री महतो एक गंभीर बीमारी ओम्फलोसेले से जूझ रही थी। जिसके कारण उसके शरीर में पेट के महत्वपूर्ण अंग शरीर के अंदर न होकर बाहर निकल आये थे। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वे इस बीमारी के जटिल और महंगे ऑपरेशन कराने में असमर्थ थे। जिसपर परिवार ने समाजसेवी परेश दत्ता से संपर्क साधा तथा अपनी बच्ची की परिस्थिति बताई। कुणाल षाड़ंगी ने विषय की गंभीरता को देखते हुए नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य निधि केडिया को इसकी ज़िम्मेदारी दी। डॉ अभिषेक तथा उनके डॉक्टरो की टीम ने बीमारी की गंभीरता को देखते हुए बिना समय गंवाए लगभग तीन घंटे की मेहनत के बाद देवश्री महतो का नि:शुल्क सफल ऑपरेशन किया। अब बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है।

# टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उन्नत डॉरमेट्री सुविधा का उद्घाटन किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





डॉरमेट्री सुविधा का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी। नवनिर्मित डॉरमेट्री का दृश्य।

जमशेदपुर। टाटा स्टील के खेल विभाग ने शनिवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उन्नत डॉरमेट्री सुविधा का उद्घाटन किया। चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्नत डॉरमेट्री सुविधा में बिस्तर, गद्दे और एयर कंडीशनिंग सिस्टम से सुसज्जित कुल 17 शयनकक्ष हैं। डॉरमेट्री में प्रति शयनकक्ष में 10 व्यक्तियों को समायोजित करने की क्षमता है। 80 व्यक्तियों की बैठने की क्षमता वाले बड़े और विशाल डाइनिंग हॉल (300 वर्गमीटर) को भी अलग सूखे और गीले भंडारण क्षेत्र, खाना पकाने के क्षेत्र और धुलाई क्षेत्र के साथ क्षेत्र की संशोधित रसोई सुविधा (100 वर्गमीटर) के साथ उन्नत किया गया है। इन डॉरमेट्री में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए अलग-अलग शौचालय होंगे। खेल विभाग और टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन हर साल जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 150 से अधिक खेल गतिविधियों का आयोजन करते हैं। प्रतियोगिताएं अंतरराष्ट्रीय/ राष्ट्रीय/ राज्य या जिला स्तर की चैंपियनशिप स्तर की होती हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में बाहरी खिलाड़ी आते हैं। ये उन्नत डॉरमेट्री हमें खेल परिसर के भीतर लगभग 150 प्रतिभागियों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेंगे। उन्नत डाइनिंग और रसोई की सुविधा हमें परिसर के अंदर सभी एथलीटों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने में भी सक्षम बनाएगी। इसके अलावा, खेल विभाग साल भर इस सुविधा का उपयोग इंटर डिपार्टमेंट/इंटर जेडीसी/इंटर कंपनी और स्टील प्लांट स्टील बोर्ड के आयोजनों के लिए करेगा। हाल ही में, टाटा स्टील ने टाटा स्टील बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर, बास्केटबॉल कोर्ट, टेनिस कोर्ट और स्पोर्ट्स क्लाइम्बिंग ट्रेनिंग सुविधा का उन्नयन किया। इसका उद्देश्य शहर में खेलों के समग्र विकास के लिए जमशेदपुर में और अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी करना है। परिसर के भीतर आवासीय सुविधा खेल विभाग को सभी उपस्थित लोगों को बेहतर अनुभव प्रदान करने में मदद करेगा और होटल से खेल के मैदान तक यात्रा के समय को भी बचाएगा।

## खबर एक नजर में

### नारायण आइटीआई में मंत्री जगन्नाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। शनिवार को नारायण आईटीआई लुपुंगडिह चांडिल में दिवंगत झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवम 2 मिनट का मौन रखा गया। मुख्य रूप से उपस्थित थे संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे, निखिल कुमार,शांति राम महतो,हरी नारायण साहू,पवन कुमार, अजय मंडल,कृष्णा महतो, सब्यसाची महतो, गौरव महतो, आदि मौजूद थे।

### टाटा स्टील गेट पर ट्राइबल चैम्बर का धरना 24 को



जमशेदपुर। शनिवार को ट्राइबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री, झारखंड चैप्टर के द्वारा ट्राईबल कल्चर सेंटर, सोनारी में टाटा ग्रुप के द्वारा एफर्मेटिव एक्शन का क्रियान्वयन नहीं होने एवं आदिवासी उधमिता की उपेक्षा के विरोध में एक दिवसीय धरना आहूत करने का निर्णय लिया गया है। संगठन के नेताओं ने बताया कि ट्राइबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडस्ट्री टिक्की के प्रदेश अध्यक्ष वैद्यनाथ मांडी ने बताया कि आगामी दिनांक 24 अप्रैल 2023 को ट्राईबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, झारखंड चैप्टर के बैनर तले आदिवासी उद्यमियों द्वारा टाटा स्टील गेट के समक्ष एक दिवसीय धरना आहूत की गई है। विदित हो कि वर्ष 2006 में आदिवासियों के विकास के लिए निजी क्षेत्रों में एफर्मेटिव एक्शन योजना बनाई गई थी जिसे वर्ष 2011 में प्रथम बार टाटा ग्रुप द्वारा इस योजना को अपने प्रतिष्ठानों में लागू कराया जिसमें कुछ आदिवासियों को बिजनेस व्यापार से जोड़ा गया था एवं अन्य टाटा ग्रुप से जोड़ना था परंतु वर्ष 2011 के बाद एफर्मेटिव एक्शन योजना को लेकर कंपनी गंभीर नहीं रही। मात्र दो-चार आदिवासी वेंडरों को छोड़कर बाकी सभी वेंडरों को इंक्वायरी तक नहीं दी जाती है काम मिलना तो दूर की बात है कुछ अधिकारियों द्वारा आदिवासी वेंडरों को काम से हटाने के लिए बेवजह उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। स्व: टाटा जी ने आदिवासी समुदाय के लिए बहुत कुछ किया है जिसका आदिवासी समुदाय हमेशा ऋणी रहेगा परंतु कुछ अधिकारियों के कारण टाटा के साख पर धब्बा लग रहा है। यह धरना टाटा कंपनी को नीचा दिखाना नहीं है बल्कि अपनी आवाज अपनी मांग को उच्च अधिकारियों तक रखना है।

### समाजसेवी पारस नाथ मिश्रा नेपाल मे सम्मानित



जमशेदपुर। शिक्षाविद और समजसेवी पारस नाथ मिश्रा को तीर्थस्थल जानकी मंदिर मे समाज सेवा के लिए महन्त श्री तपेश्वर दास द्वारा अंगवस्त्र ओढा कर सम्मानित करते हुए निरंतर जन सेवा के लिए आशीर्वाद दिया। महंत श्री तपेश्वर दास ने पारस नाथ मिश्रा द्वारा किये जा रहे जनसेवा के कार्य के लिए उन्हे ईश्वर का दूत बताते हुए युवाओं का प्रेरणा स्रोत बताया। नेपाल ने जानकी मंदिर मे भी आनंद भोज का आयोजन के लिए पारस नाथ मिश्रा को शुभकामना देते हुए कहा कि साधु संत को भोजन कराना ईश्वर का कार्य है। पारसनाथ ने कहा कि नेपाल के श्री राम मंदिर मे आनंद भोज का आयोजन होता आ रहा था अब प्रसिद्ध जानकी मंदिर मे भी हर माह आनंद भोज का आयोजन होगा।

### कागलनगर चौक पर जगन्नाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। गत शुक्रवार 7 अप्रैल को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जमशेदपुर के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में सोनारी कागलनगर चौक पर झारखण्ड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर सभी ने एक मिनट का मौन रख कर स्वर्गीय जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि दिया गया। गोपाल महतो ने कहा झारखण्ड आंदोलनकारी झारखण्ड के शिक्षा मंत्री टाइगर जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन से मन काफी दुखी महसूस कर रहा है। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से झामुमो नेता लालटू महतो, गोपाल महतो, शिव शंकर महतो, राजेश महतो, रोकी सिंह, कृपाल सिंह, परमजीत सिंह, इंदरपाल सिंह, परीक्षित लोहार,रोहित लोहार, संदीप महतो,गौतम धीवर,अशोक सिंह, चित्त महतो,अजय कर्मकार,आकाश महतो,संतोष प्रसाद,शिवा बर्मा, बरूण बागती,गौरव रजक, कोकिल, बासू कर्मकार, गौरव कर्मकार, ऋषि प्रसाद,राजा कर्मकार, चंदन महतो, गणेश महतो,सोमनाथ मुखर्जी उपस्थित थे।

### हुरलुंग और लालटांड पर अवैध शराब भठ्ठियां ध्वस्त

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम उत्पाद विभाग की कार्रवाई में बिरसानगर थाना के हुरलुंग एवं लालटांड में 2 अवैध महुआ शराब चुलाई भट्टियों को ध्वस्त किया गया। अवैध शराब चुलैकर्ताओं के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। शनिवार को गश्ती के क्रम में सीतारामडेरा थाना अंतर्गत मानगो बस स्टैंड के समीप एक टेम्पो की तलाशी के क्रम में अवैध महुआ शराब बरामद कर जब्त किया गया। अवैध शराब कारोबारी भीड़ का लाभ उठाकर फरार हो गया।

### झामुमो नेता शेख बद्रुद्दीन ने दी इफ्तार पार्टी



जमशेदपुर। शनिवार को एक इफ्तार पार्टी का आयोजन झामुमो नेता शेख बदरुद्दीन के आवास में किया गया। इसमें वरिष्ठ झामुमो नेता प्रमोद्ध लाल, बाबर खान एजसुल हक इलियास हुसैन, शेख निजामुद्दीन शेख अजहरुद्दी शेख शाबुद्दीन शेख सरफुद्दीन चन्दन लाल, जिया अंसारी हेलाल खान हाफिज मोहम्मद वसीमुल्ला शमसाद समीर सलाम, परवेज इराकी, के अलावा कई मुख लोग उपासित हुए। और सभी लोगों ने खुदा से दुआ मांगी राज्य और देश की उन्नति के लिए बाबर खान ने इस मौके पर कहां जाती धर्म से उठकर एक साथ एक थाली में खाना ही गंगा जमना तहेजीब का मिसाल है।

### कोल्हान वेलफेयर सोसाइटी ने दावत ए अफ्तार का किया आयोजन



जमशेदपुर। समाजिक संस्था कोल्हान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आजादनगर रोड न.6 मे दावत ए अफ्तार का आयोजन किया गया जिस मे संस्था के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने शिरकत की। इस मौके पर अपने शहर, राज्य व देश की खुशहाली, भलाई, तरक्की व आपसी भाईचारगी के लिए अल्लाह से दुआ की गई। मगरिब की नमाज गालिब हुसैन ने पढ़ाई। इस दावत ए अफ्तार मे शिरकत करने वालों मे शफी अहमद खान, गुफरानुल हसन, मो.मुशताक, हाजी मो.युनूस, मो.शमीम, महबूब आलम, राजू, महमूद आलम, मुन्ना, शकील अख्तर, गालिब हुसैन आदि के नाम उल्लेखनीय है।

### सुरभि शाखा का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



जमशेदपुर। शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आदित्यपुर सब्जी बाजार के पास स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही शिविर में आयी महिलाओं को 580 से अधिक सेनेटरी पैड बांटे गए। इस कार्यक्रम में डॉक्टर सुस्मिता, डॉक्टर रीना और डॉक्टर लक्ष्मी की टीम ने पूरा सहयोग दिया। सुरभि शाखा अध्यक्ष ऊषा चौधरी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सभी डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया। शाखा की प्रियंका अग्रवाल, पूजा अग्रवाल आदि ने भी अपनी सेवा प्रदान की।

स्पीड न्यूज

## सुदूरवर्ती क्षेत्रों में होगा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा : विधायक : डॉ शशिभूषण मेहता



पांकी पलामू। स्वास्थ्य सुविधा गावों में उपलब्ध हो इसके लिए सतत प्रयासरत हैं। उक्त बातें पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कही। वे शनिवार को पांकी के नवगगढ़ में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण के शिलान्यास उपरांत कही। विधायक ने कहा कि नवगढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके इसके लिए भवन निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों को ईलाज के लिए पांकी सीएचसी अथवा मेदनीनगर जाना पड़ता है। अब गांवों मे ही चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, चंदन सिंह, वशिष्ठ सिंह, सुदेश यादव,अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, देवराज कुमार साव, चंदन सिंह, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, मंटु शर्मा, अरविंद सिंह, विजय सिंह, पिंटू गुप्ता, भगेश्वर राम, राजकुमार सिंह, मिथलेश पासवान समेत अन्य उपस्थित थे। इसके अलावे विधायक डा मेहता ने पांकी प्रखंड के भरी में महादेव स्थल के पास चहारदीवारी निर्माण का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि वे पांकी विस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर संकल्पित हैं। पांकी प्रखंड विकास के मामले में सबसे आगे होगा।

## आज की रात है ईसाईयों के लिए महत्वपूर्ण : बिशप थेयोदर मसकर्नस



मेदिनीनगर। कैथोलिक कैलेसिया के वर्ष में दो सबसे महत्वपूर्ण पर्व होता है जिसमें क्रिसमस व पास्वा है। प्रभु यिशु के जन्म मनाते हैं जो एक सप्ताह तक ईसाईयों के लिए महत्वपूर्ण होता है। उक्त बातें रांची महाधर्म प्रांत के सहायक विशप सह डालटनगंज धर्म प्रांत प्रेरितिक प्रशासक थेयोदर मसकर्नस ने डालटनगंज चर्च में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि खजूर पर्व रविवार से शुरूआत कर प्रभु यिशु एरूसलम की ओर जाते हैं। वे एक महान राजा हैं लेकिन सेवा करनेवाले राजा हैं। उन्होंने कहा कि तेल तीन प्रकार के होते हैं। बकतीसमा, पुरोहित अभिषेक तेल व बीमारों का तेल, तीनों को मिलाकर बिशप आशीर्वाद देते हैं। पुरोहित अपने चर्चों में ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु यिशु ने मानव को सेवा का मार्ग दिया है। गरीबों की सेवा करना कैलेसिया का धर्म है। सामाजिक काम में प्रभु सेवा करनेवाला राजा हैं। वे अपने प्राण को त्यागकर सेवा प्रदान किया है। प्रभु यिशु समाज में अच्छे चीजे को फैलाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु की पुनरूथान का दिन होता है। आग पर आशीष नया पानी पर आशीष एवं नई रौशनी से नये जीवन की शुरूआत ईस्टर संडे से होता है। प्रेस वार्ता में फादर प्रदीप बाखला, सुमन मिंज शामिल थे।

## अधिवक्ता सुरक्षा कानून सरकार लागू करें : रामदेव यादव



मेदिनीनगर। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सह झारखंड स्टेट बार काउंसिल के भावी सदस्य रामदेव यादव ने प्रेस वार्ता कर कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा कानून सरकार अविलंब लागू करे। उन्होंने संघ कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के विभिन्न जिलों में अधिवक्ता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आए दिन अधिवक्ताओं के ऊपर जानलेवा हमला किया जा रहा है। साथ ही साथ उन्हें धमकी भी दी जाती है। इसके बावजूद भी अधिवक्ताओं की सुरक्षा से संबंधित कोई पहल सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। जबकि अधिवक्ता जनता को न्याय दिलाने के लिए इमानदारी पूर्वक काम करते हैं। वे अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री द्वारा अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है। यादव ने 11 सूत्री मांगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि केंद्र व राज्य सरकार अधिवक्ताओं के मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं करती है। तो आने वाले समय में अधिवक्ताओं के हक एवं सुरक्षा को लेकर आंदोलन की शुरूआत पलामू से ही किया जायेगा। झारखंड सरकार अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू कर कल्याण कोष अविलंब लागू करे,सरकारी स्तर पर प्रत्येक अधिवक्ताओं को दस लाख रुपए का टर्म जीवन बीमा एवं पांच लाख का मेडिक्लेम लागू किया जाए। साथ ही साथ युवा अधिवक्ताओं को पांच वर्ष तक दस हजार रुपये मासिक प्रोत्साहन राशि दिया जाए। उन्होंने सरकार से मांग किया कि प्रदेश के संघ पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचित अध्यक्ष एवं महासचिव को सरकारी अंगरक्षक उपलब्ध कराया जाए। प्रेस वार्ता में अधिवक्ता मदन मोहन सिंह, ललित शुक्ला, वीरेंद्र कुमार तिवारी, शंकर त्रिपाठी, संजय पांडे व अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गुब्बारा फोड़ समारोह आयोजित



मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बलून बर्सटिंग (गुब्बारा फोड़) समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। जिसमें फाउंडेशनल स्टेज प्री. नर्सरी से कक्षा द्वितीय (नई शिक्षा नीति के तहत) तक के छात्रों ने भागीदारी निभाई। विदित हो कि नये सत्र के आरंभिक अवसर (8 अप्रैल) पर बच्चों के नवीन कक्षा के प्रति विशिष्ट रुचि और विद्यालय के प्रति लगाव हेतु इस प्रकार की अनेक गतिविधियां कराई जाती है। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा गुब्बारों सहित विभिन्न गीतों पर नृत्य का मनोहारी प्रर्दशन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि इस प्रकार की स्वतंत्र गतिविधियां बच्चों के विद्यालयीन व कक्षागत रुचियां प्रदान करने में सहायक होती है। बच्चों के प्रति अध्ययन सुरुचि संबंधी वातावरण निर्माण के प्रति विद्यालय संवेदनशील है। ऐसे गतिविधियां बच्चों को संकोच व डर से दूर रखने का प्रभावशाली माध्यम होता है। छात्रों द्वारा बम-बम बोले आदि गीतों पर छात्रों के कदम थिरके।

# अमर शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा स्थापना का शिलान्यास, गर्व नहीं सौभाग्य की बात : डॉ शशिभूषण

### 51 कर्मकांडी ब्राह्मणों ने वेद मंत्रोचारण के बीच कराया पूजन कार्य

संजय पाठक









तरहसी पलामू। देश में आजादी की अलख जगाने वाले 1857 में स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी अमर शहीद मंगल पांडेय के पुण्यतिथि पर तरहसी के मिडिल स्कूल चौक पर शहीद मंगल पांडेय का मूर्ति की स्थापना को लेकर शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के मौके पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधिवत वेद मंत्रोच्चारण के साथ शिलान्यास की आधारशिला रखी। 51 ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोचारण कर विधिवत पूजा करवाया गया। पूजा उपरांत सभी ब्राह्मणों ने शंख ध्वनि बजाकर शहीद मंगल पांडे को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही शहीद मंगल पांडे अमर रहे।

वंदे मातरम जैसे नारों से पूरा चौक गुंजायमान हो गया। मौके पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि शहीद मंगल पांडे के पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थापना किए जाने का शिलान्यास किया यह गर्व ही नहीं सौभाग्य की बात है। आज से इस चौक का नाम शहीद मंगल पांडे चौक हो गया, उन्होंने शहीद मंगल पांडे के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई के अग्रणी क्रांतिकारी मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को बलिया जिला के नगवा गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम दिवाकर पांडेय था और माता का नाम अभय रानी था। वे अपनी बहादुरी साहस और अच्छे सैनिक के रूप में जाने जाते थे उनके द्वारा भड़काई गई क्रांति की ज्वाला ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन को पूरी तरह से हिला दिया था। मंगल पांडे 1849 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के सेना में शामिल हुए थे। सबसे पहले उन्होंने ही कारतूस में गाय और सुअर की चर्बी डाली जाती थी इस बात का खुलासा किया था। जिससे सभी धर्मों में अंग्रेजों के प्रति नफरत पैदा हो गया। इस तरह शहीद मंगल पांडे ने बैरकपुर छावनी में 29 मार्च 1857 को अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का बिगुल बजा दिया। अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट मार्शल द्वारा मुकदमा चलाकर 18 अप्रैल 18 57 को फांसी की सजा सुनाया गया लेकिन इससे पहले ही 8 अप्रैल 1857 को मंगल पांडे को फांसी दे दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजीत प्रसाद ने किया। कार्यक्रम समापन होने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया था जहां ब्राह्मणों और सभी लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर विनोद गुप्ता गोपाल प्रसाद, रविंद्र पासवान प्रवीण पांडे, आलोक पांडे उज्जवल पांडेय, इंद्रदेव यादव, संजय कुमार वीरेंद्र सिंह, अनिल सिंह विनोद पांडे, परमेश्वर साहू, जितेंद्र तिवारी, सत्येंद्र यादव, शत्रुघन सिंह बच्चन ठाकुर, लाला प्रसाद, बिगु साव, संतु राम, करण शर्मा, सुरेश राम, शंभू प्रसाद सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलेज में बीएड प्रशिक्षुओं का सत्र प्रारंभ कार्यक्रम आयोजित

# प्रशिक्षु शिक्षक हैं देश के कर्णधार : कुलाधिपति

खबर मन्त्र संवाददाता



विश्रामपुर पलामू। रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय से संबद्ध सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलेज विश्रामपुर में बीएड प्रशिक्षुओं के लिए सत्र प्रारंभ कार्यक्रम 2022-24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरसी विवि के कुलाधिपति डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी व विशिष्ट अतिथि विवि के कुलपति डॉ कल्याण कुमार समेत अन्य अतिथि डॉ विनय कुमार, डॉ ओमप्रकाश शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ महेश कुमार सिंह ने अपने स्वागत भाषण से किया। कार्यक्रम संयोजक पंकज कुमार, कार्यक्रम प्रभारी उषा शर्मा, अजय कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार पांडेय ने प्रशिक्षुओं के बीच प्रोत्साहन भाषण दिया। साथ ही महबूब आलम, रोहित कुमार तिवारी, अखिलेश कुमार, अनिल कुमार व कुतबुदीन अंसारी समेत अन्य प्राध्यापक शामिल थे।

आरसीयू के कुलपति ने कहा कि प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण के दौरान सभी विधाओं में दक्ष करना प्राध्यापकों का मुख्य कर्तव्य है। इसके बाद कुलाधिपति ने एक प्रशिक्षक और शिक्षक के गुणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षुओं या भावी शिक्षक देश के कर्णधार हैं। यह समाज के वास्तविक विकासकर्ता हैं। समापन भाषण में कॉलेज के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि समेत कार्यक्रम में शामिल सभी प्राध्यापक, प्रशिक्षुओं समेत समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डॉ आरपी सिन्हा हेल्थ सेंटर नावाटोली में पारस हॉस्पिटल के डॉक्टर करेंगे इलाज, न्यूरो रोग एवं कैंसर रोगी को मिलेगा बेहतर इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में पारस हॉस्पिटल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश के विभिन्न स्थानों पर सेवा दिया जा रहा है।पारस हॉस्पिटल का एक अलग पहचान है जहां पर गंभीर रोगों से ग्रसित रोगी जाकर अपना इलाज सफलतापूर्वक करा रहे हैं। पारस एचईसी अस्पताल रांची के चिकित्सक पलामू में भी अपनी सेवा प्रदान करेंगे। डॉक्टर आरपी सिंहा हेल्थ सेंटर नावाटोली में पारस अस्पताल के चिकित्सक प्रत्येक महीना के दूसरे एवं चौथे शनिवार को सेवा प्रदान करेंगे।इस संबंध में प्रेस वार्ता कर डॉ आर पी सिन्हा ने बताया कि पलामू आज भी चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है।यहां पर गम्भीर रोगियों का इलाज नहीं हो पाता है। जिस कारण लोग इलाज कराने के लिए झारखंड के अलावे देश के विभिन्न राज्यों में जाकर इलाज कराते हैं। जो अब पलामू में ही सेवा उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि पारस हॉस्पिटल रांची के साथ मिलकर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाया जा रहा है। जहां पर रोगियों को बेहतर इलाज मिलेगा। हिमेटोलॉजी विभाग के डॉ अभिषेक रंजन ने बताया कि ब्लड कैंसर, थैलेसीमिया, सिकल सेल, एनीमिया, खून में लोहे की कमी, मेगालोब्लास्टिक, बोन मेरो फेलियर सिंड्रोम, रक्त स्त्राव, प्लेटलेट विकार जैसे गंभीर रोग से ग्रसित रोगी इलाज के अभाव में दूसरे राज्यों में भटकते हैं। अब ऐसे रोगियों का समुचित इलाज पलामू में संभव हो पाएगा। अब लोगों को इलाज के लिए कहीं बाहर जाने की जरुरत नहीं है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि सिरदर्द, स्ट्रोक, मिर्गी, न्यूरोइम्यूनोलॉजी, न्यूरो इंफेक्शन, न्यूरो मस्क्युलर एवं मांसपेशी विकार से संबंधित अन्य प्रकार के रोग से ग्रसित रोगी का इलाज डालटनगंज डॉक्टर आर पी सिन्हा हेल्थ सेंटर में संभव होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को रोग का पता नहीं लगने के कारण वे भटक जाते हैं और उनका समुचित इलाज नहीं हो पाता है। जिस कारण वे गंभीर रोग से ग्रसित हो जाते हैं या फिर उन्हें जीवन भर विकलांगता जैसी स्थिति में जीना पड़ता है। प्रेस वार्ता में एजीएम मार्केटिंग प्रभाकर ठाकुर, सीनियर मार्केटिंग सुनील दुबे मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी हित में करें कार्य : सांसद

## 11 अप्रैल को रांची में होनेवाली महारैली को लेकर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी पलामू की बैठक जिला कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने की। वहीं संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 11 अप्रैल को होने वाली महारैली रांची चलो सचिवालय का घेराव करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम तथा विशिष्ट अतिथि पाटन छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी शामिल थे। बैठक में मुख्य रूप से विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यक्रम समय पर हो जाए इसकी जवाबदेही हमें दी गई है जिसे समय पर पूर्ण करना हमारा कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि नौ अप्रैल को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी एवं चतरा लोकसभा सांसद सह प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सिंह का आगमन भी कल तीन बजे होना सुनिश्चित हुआ है। कल बाबूलाल मरांडी जी का प्रेस वार्ता भी होना सुनिश्चित हुआ है। मौके पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि चुनाव आने में बहुत ज्यादा समय नहीं है हम सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करना चाहिए। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, अविनाश वर्मा, प्रभात कुमार, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, धीरेंद्र दुबे, रामेश्वर राम, जितेंद्र तिवारी, सीटू गुप्ता, मनोज विश्वकर्मा, रेनू देवी, विजय ओझा, नवेन्दु मिश्र, सोमेश सिंह, अमर मिश्र, विजय पाठक, संतोष पांडे, संजय सिंह, शशी भूषण पांडे, ईश्वरी पांडे, प्रेम सागर सिंह, अशोक तिवारी, मनीष अग्रवाल, दीपक दुबे समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान ने किया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी श्रवण कुमार गुप्ता ने किया सतबरवा का दौरा



सतबरवा पलामू। अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा (अभारौवैम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद प्रत्याशी श्रवण कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को सतबरवा का दौरा किया। उन्होंने आजीवन सदस्यों से आग्रह किया कि आगामी 16 अप्रैल को पटना में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव की तिथि निर्धारित है। जिसमें अध्यक्ष पद का चुनाव लड रहे हैं। सतबरवा के सभी पांच आजीवन सदस्यों का आशीर्वाद चाहिए। श्रवण गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहला प्राथमिकता बेटियों की शादी बिना दहेज के कराने का प्रयास होगा। गरीब तथा समाज के सभी होनहार छात्रों के शिक्षा पर ध्यान दिलाने के लिए अभियान चलाया जाएगा ताकि समाज के बच्चे पढ़ लिखकर देश का निर्माण में अपना योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष में रौनियार समाज के लोगों को एक मंच पर लाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के हर छोटे-बड़े शहर तथा जहां पर रौनियार वैश्य समाज के लोगों की बहुलता है वहां पर धर्मशाला बनाने की पहल तेज होगी।रौनियार वैश्य समाज का गौरवशाली इतिहास है। राजा हेमचंद्र विक्रमादित्य के हमलोग वंशज हैं। रौनियार वैश्य समाज का गठन 102 साल पहले हुआ है। चिंता जाहिर करते हुए श्रवण गुप्ता ने कहा कि देश में करोड़ों की संख्या में रौनियार समाज के लोग हैं। परंतु देश में मात्र 32 सौ आजीवन सदस्य है।अध्यक्ष बनने के बाद महानगरों से लेकर छोटे-छोटे शहरों में धर्मशाला निर्माण एक साल के अंदर कराया जाएगा ।आजीवन सदस्य संदीप कुमार, सतीश कुमार, अर्पण कुमार गुप्ता अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि श्रवण जी झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा के अध्यक्ष के तौर पर इनका कामकाज को देख चुके हैं। इससे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का सतबरवा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

## युवा भूईयां समाज समिति का सम्मेलन आयोजित

## समाज के विकास के लिए हमेशा हैं तैयार : रामचंद्र भूईया

खबर मन्त्र संवाददाता



मनातू पलामू। मनातू प्रखंड के रंगिया पंचायत स्थित ग्राम नावा टोला में युवा भूईया समाज समिति के द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि के तौर पचु भुइयां ,विशिष्ट अतिथि रामचंद्र भूईयां, नौडिहा पंचायत के वर्तमान मुखिया बंधु भुइयां ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। बैठक की अध्यक्षता अरुण भुईयां व संचालन शैलेश भुईया ने किया। भुईयां समाज ने वार्ड स्तरीय समारोह में वार्ड से लेकर पंचायत तक पंचायत से लेकर प्रखंड तक अपनी समाज को विकास एवं एकजुटता पर बल दिया। मौके पर समाज में सारे लोग शिक्षित कैसे बनेंगे इस पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर रामचंद्र भुईयां ने कहा कि समाज के विकास व सहायता के लिए हमेशा तत्पर हैं। कहा कि शिक्षा से ही इस समाज का गरीबी मिटेगा। लोग जागरूक होकर समाज को आगे बढ़ाने में भूमिका निभायें। भूईयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष पचु भुइया ने अपने समाज के लोगों को शिक्षा पर फोकस डाला ताकि पढ़ लिख कर के अपने समाज के लोग डॉक्टर इंजीनियर बने। नौडिहा पंचायत के मुखिया बंधु ने कहा कि उंचे पद पाने के लिए मेहनता करना होगा। मौके पर युवा भूईया समाज के काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

### संत मरियम के डायरेक्टर व प्रिंसिपल ने चालक और उपचालकों के साथ की बैठक

## चालकों पर निर्भर है बच्चों की सुरक्षा : अविनाशदेव

गुणवतापूर्ण शिक्षा उत्तम संस्कार के साथ भविष्य निर्माण है मकसद : कुमार आदर्श

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। सुरक्षित सफर बस चालक के हाथों में है। इसे लेकर चालक उपचालक के साथ विद्यालय प्रशाल में प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने बैठक कर यातायात नियमों के पालन पर गहनता से चर्चा किये। चालक, उपचालक को संबोधित करते प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने कहा कि गाड़ी के चाल नियंत्रित हो, बच्चों के सामने धुम्रपान निषेध न करें, चलती वाहन में कान में ईयरफोन का प्रयोग सर्वथा वर्जित करें, अश्लील संवाद से बचें। हम बेहतर शिक्षा के दिशा में हर सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। निदेशक अविनाश देव ने कहा कि स्कूल बस के चालक पर ही बच्चों की सुरक्षा निर्भर है। उन्होंने कहा कि चालक और उप चालक को बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा संवेदनशील रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चालकों की सुरक्षा पर ही शिक्षकों के शिक्षा कारगर है । शिक्षकों को भी इस दिशा में हमेशा सजग रहने की जरूरत है।

## वाईजेके का पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला आज

मेदिनीनगर। युवा जागृति केंद्र द्वारा पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन रविवार को दिन के 10 बजे से आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी युवा जागृति केंद्र के अध्यक्ष राजन सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि पदाधिकारियों के प्रशिक्षण से उनमें दक्षता आयेगा। प्रशिक्षण कार्यशाला तिनकोनिया गैरेज होटल राज इन में आयोजित किया गया है।

# जींवत झांकी व लड़की बुलैट राईडर्स के साथ निकलेगी जन्मोत्सव शोभायात्राः युवा वाहिनी

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा में लड़की बुलैट राईडर्स व जीवंत झांकी समेत तरसा पार्टी मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

शोभायात्रा में वाराणसी से शंख बजाने वाले विशेषज्ञों की विप्र टोली इस शोभायात्रा का नेतृत्व करते हुए सबसे आगे चलेंगे। इस संबंध में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, जन्मोत्सव शोभायात्रा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी), प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पांडेय (लल्लू पांडेय) व पलामू जिलाध्यक्ष पंडित विकास दूबे ने बताया कि जन्मोत्सव शोभायात्रा में जीवंत झांकी में भगवान परशुराम, मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का दरबार, देवो के देव महादेव व बीर बजरंग बली पर आधारित जींवत झांकी की प्रस्तुती की जाएगी।

उन्होंने बताया कि लड़की बुलैट राईडर्स शहर के लिए अनोखा दृश्य होगा और शहर में इस प्रकार की यह पहली प्रस्तुती होगी, वहीं शोभायात्रा में लाईव भक्ति जागरण भी प्रस्तुत किया जाएगा। जिसमें बाहर के कलाकारों के द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि रेड़मा रांची रोड (ठाकुरबाडी. के नजदीक) स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय से 22 अप्रैल को संध्या तीन बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा समापन के बाद मिलन समारोह सह रात्रि भोज के साथ शोभायात्रा उत्सव के समापन की घोषणा की जाएगी।

# जामा मस्जिद सतबरवा में मुकम्मल हुई तरावीह की नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। जामा मस्जिद सतबरवा में 15 वें रमजान को खत्म ए कुरान (तरावीह) की नमाज मुकम्मल हुई। जामा मस्जिद के इमाम तौफीक आलम मिस्बाही ने बताया कि रमजान में रोजा रखने की बहुत ही फजीलत है।

इसलिए रमजान का एक भी रोजा किसी मजबूरी में नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि तरावीह पढ़ने का बहुत ही सवाब है। तरावी सुन्नते मोअक्कदा है। तरावीह की नमाज मर्द और औरत दोनों के लिए जरूरी है। जो लोग तरावीह की नमाज अदा करते हैं उनको पूरा कुरान पढ़ने का सवाब होता है। तरावीह खत्म के मौके पर मस्जिद में बच्चे, बूढ़े बुजुर्ग काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

मस्जिद में मौजूद नमाजियों द्वारा देश की अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस मौके पर अल हुसैन कमेटी के द्वारा मस्जिद के इमाम तौफीक आलम मिस्बाही को नजराना देकर नवाजा गया। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर नौशाद आलम, सेक्रेटरी सरफराज आलम, खजांची मोहम्मद अताउल्लाह, मोहम्मद नाजीर हुसैन (पोल्ट्री फॉर्म) बाबू खान, मोहम्मद अदनान अशरफ, समीर आलम, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद तमसीर, मो सैफुल्लाह इत्यादि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## डॉ उर्मिला सिन्हा को दी गई श्रद्धांजलि



धनबाद। धनबाद की सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. उर्मिला सिन्हा के धैया धनबाद स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंदर वर्मा, अशोक सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह,धनबाद सोसाइटी ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकॉलोजी की अध्यक्ष डॉ गायत्री सिंह एवं सचिव डॉ. नेहा प्रियदर्शिनी और पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रतिभा राय एवं डॉ. अल्का ने पहुँच उनके पुत्र डॉ. गौतम सिन्हा और वैभव सिन्हा को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा के शांति के लिए के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## झारखंड गौरव सम्मान से नवाजे गए रमेश पांडे

रांची/धनबाद। होटल रेडिसन ब्लू में झारखंड गौरव सम्मान से नवाजे गए हैं युवा भाजपा नेता रमेश पांडे एक निजी अखबार के द्वारा आयोजित किए गए इस सम्मान कार्यक्रम में झारखंड के कुछ अति विशिष्ट महत्वपूर्ण शख्सियतों को सम्मानित किया गया। जिसमें रमेश पांडे प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में गणमान्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम और रामेश्वर उरांव रांची के सांसद संजय सेठ सहित कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत किया।

## सामाजिक संस्था ने ब्लड बैंक में किया रक्तदान

धनबाद। विश्व स्वास्थ दिवस के अवसर पर सामजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के केन्द्रीय सदस्यों ने धनबाद के सरकारी ब्लड बैंक शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पहुंचकर रक्तदान किया । जिसमें दर्जनों रक्त दाताओ ने रक्तदान किया। मौके पर धीरज सिंह, विवेक कुमार, राज कुमार चौहान, दीपक तुरी अस्पताल प्रबंधन की ओर से संजीव तुरी, माणिक कुमार, नीमाय इत्यादि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सेवानिवृत्ति पर कर्मियों को दी गई बधाई

निचितपुर। ईस्ट बसुरिया कोलियरी में कार्यरत कर्मचारी फोरमैन के पद पर राजकुमार कनौजिया व क्लर्क के पद पर कार्यरत पीके बनर्जी को सेवानिवृत्त के मौके पर ईस्ट बसुरिया कोलियरी प्रांगण में एक सादे समारोह में सभी कर्मियों व प्रबंधक ने बधाई दी। मौके पर परियोजना पदाधिकारी क्यू आई खान, प्रबंधक फजरुल रहमान, सुरक्षा पदाधिकारी कमलाकांत कुमार, सचिन कुमार सिंह, रोहित कुमार सिन्हा,रामचंद्र प्रसाद, संजीत सिंह, गोपाल दत्ता, प्रदीप चौबे मुख्तार अंसारी, सरवन कुमार , ललिता देवी,बेबी देवी, मीना देवी आदि मौजूद थे।

## भाजपा का विधानसभा घेराव 11 को

बेरमो। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 11 अप्रैल को झारखंड विधानसभा घेराव हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ अभियान के तहत पूरे जोरशोर से तैयारी की जा रही है। इस अभियान के तहत बेरमो प्रखंड प्रभारी श्री सूरज प्रसाद नायक एवं महामंत्री मनोज तिवारी चंद्रदेव सिंह उपाध्यक्ष श्री गौतम राम नेतृत्व में बेरमो प्रखंड के जारंग डी पंचायत भाजपा कार्यालय में भूत अध्यक्षों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें अधिक से अधिक संख्या मैं शामिल होने का आह्वान किया गया।

## फुसरो में कारी साहब का भव्य स्वागत

बेरमो। रमजान के पाक महीने में हर साल की भांति इस साल भी ढोरी बस्ती के भेड़मुक्का स्थित गुलशने बगदत में हजरत कारी सफीकुल कादरी साहब का जोरदार स्वागत किया।

# गैंगस्टर प्रिंस खान पर बढ़ेगी इनाम की राशि

### इनाम की राशि बढ़ाने पर पुलिस कर ही है विचार

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। अंतरराष्ट्रीय अपराधी बनने की दहलीज पर पहुंच चुके धनबाद वासेपुर के कुख्यात प्रिंस खान के सिर पर महज पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है। धनबाद पुलिस प्रिंस खान पर घोषित इनाम की राशि बढ़ाने पर विचार कर रही है। समीक्षा के बाद एक-दो दिनों में पुलिस मुख्यालय को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा जाएगा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगले सप्ताह तक इनाम की राशि बढ़ा दी जाएगी। प्रिंस खान के विदेश भागने की पुष्टि के बाद धनबाद पुलिस रेस हैं। धनबाद पुलिस के साथ-साथ एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) और सीआईडी भी प्रिंस खान और उसके भाई गोपी खान को दबोचने में जुटी है। प्रिंस के पासपोर्ट की इंट्री से सुरक्षा एजेंसियों को पक्की सूचना है कि वह दुबई में है. इधर, सीआईडी की रिपोर्टिंग के आधार पर प्रिंस खान के पासपोर्ट को रद्द किया जा चुका है। अब उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस की तैयारी है। झारखंड सीडीआई ने इस संबंध में सीबीआई दिल्ली से पत्राचार किया है। प्रिंस खान से जुड़े अपराध का पुलिंदा सीबीआई को भेजा जा चुका है। रेड कार्नर नोटिस के लिए सीबीआई प्रस्ताव तैयार कर इंटरपोल को सौंपने की तैयारी में है। एक सप्ताह से 10 दिनों के अंदर प्रिंस खान को भारत का भगोड़ा घोषित करते हुए उसके खिलाफ 192 देशों व उन देशों के एयरपोर्ट पर रेड कार्नर नोटिस जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद इंटरपोल की सहायता से प्रिंस को दुबई में ही पकड़ने के प्रयास शुरू होगा। बढ़ाया जाएगा इनाम प्रिंस खान के सिर पर 50 हजार रुपए से एक लाख रुपए इनाम रखने की तैयारी है। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर धनबाद पुलिस मुख्यालय को भेजेगी। मुख्यालय से मुहर लगते ही इनाम की राशि बढ़ा दी जाएगी।

## नक्सलियों ने फूंकी जेसीबी और ट्रैक्टर



बेरमो। तेनुघाट मुख्यालय के ललपनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत केरी ग्राम में बीते देर रात नक्सलियों का तांडव देखा गया ।नक्सलियों ने पेयजलापूर्ति योजना कार्य मे लगे वाहनों को आग के हवाले कर दिया है ।नक्सलियों के द्वारा एक जेसीबी मशीन एवं एक जेनरेटर मशीन में आग लगाकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया हैएजिसे फायरब्रिगेड के द्वारा बुझाया गया ।वहीं वहां खड़े चार ट्रैक्टरों को भी जलाने का असफल प्रयास किया गया है ।घटना के बारे में बताया जाता है कि ललपनिया थानाक्षेत्र के केरी ग्राम निवासी रामलोचन साव उर्फ लीला साव का चार ट्रैक्टरए एक जेसीबी मशीन और एक जेनरेटर गांव में हो रहे पेयजलापूर्ति योजना के तहत पाइपलाइन कार्य मे लगा हुआ था ।कार्य के पश्चात चालक के द्वारा सभी वाहनों को रामलोचन साव के घर के समीप खड़ा कर दिया गया था ।तभी बीते देर रात लगभग 10रू30 बजे नक्सलीए रामलोचन साव को खोजते हुए वहां आये एवं वहां खड़े सभी वाहनों को आग के हवाले कर दिया। लोगों ने दबे स्वर में बताया है कि नक्सली करीब सात की संख्या में थेएजो हथियारों से लैस थे ।आगजनी करने के पश्चात नक्सलियों ने पाइपलाइन में जो काम करेगाएउसका अंजाम यही होगा का नारा लगाते हुए वहां से चले गए ।बताया जाता है कि नक्सली लगभग डेढ़ से दो घण्टे तक घटना को अंजाम दिया है ।सभी नक्सली वर्दी में थे ।घटना की पुष्टि बोकारो के एसपी चंदन झा ने भी की हैए हालांकि उन्होंने बताया कि घटना में नक्सलियों का हाथ है कि उपद्रवियों काएयह जांच का विषय है। इस संबंध में रामलोचन साव ने बताया कि मैं घर पर नही था। रात के करीब 10रू30 बजे जब मैं वापस अपने घर आया तो देखा कि हथियार से लैस एक वदीर्धारी बगल में हो रहे सड़क निर्माण कार्य के मुंशी लाला यादव को बंधक बनाकर पूछताछ कर रहा था। ज्यों ही उसकी नजर मुझपर पड़ी तो उसने मेरा नाम लेते हुए कहा कि देखो लीला साव आ गयाए पकड़ो उसे यह सुनकर मैं वहां से भाग निकला।

# ओबी के दहकते अंगारे से एक झुलसा

### आउटसोर्सिंग कंपनी पर कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। ओबी के दहकते अंगारे की चपेट में आने से धनबाद में शनिवार को एक शख्स बुरी तरह से झुलस गया है। बताया जाता है कि जिस समय ओबी डंप किया जा रहा था। शख्स वहीं पास में शौच के लिए बैठा था. इसी दौरान ओबी डंप किया गया। जिसकी चपेट में आने से शख्स झुलस गया है। हालांकि घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से शख्स को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



घटना के बाद मौके पर पहुंचे आजसू के केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र निषाद ने कहा कि बीसीसीएल और डीजीएमएस की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है. पूर्व में बीसीसीएल के द्वारा घनी आबादी वाले क्षेत्र में खनन कार्य नहीं चलाने का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद भी नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। बगल में स्थित बागडिगी में चल रही इस आउटसोर्सिंग को 2014 में बंद किया गया था, लेकिन फिर से इसे जयरामपुर में चालू करा दिया गया. स्थानीय लोगों ने मामले ने प्रशासन से बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है।

लोगों ने मामले में बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग प्रबंधन के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की है।

ओबी के दहकते अंगारे की चपेट में आया कैलाशः जानकारी के अनुसार घटना अलकडीहा ओपी क्षेत्र के जयरामपुर के पास हुई थी. यहां संचालित बीसीसीएल एरिया 10 की सुश्री आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा खनन का ओबी डंप किया जा रहा था। वहीं पास में ही बीआर कंपनी क्षेत्र निवासी कैलाश भुइयां शौच के लिए गया था. इस दौरान ऊपर से वाहन के जरिए ओबी डंप कर दिया गया। जिससे ओबी की दहकते अंगारे नीच बैठे कैलाश पर गिर गए।

### निजी अस्पताल में चल रहा है इलाज

कैलाश के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे। लोगों ने आनन-फानन में झरिया के फूसबंग्ला स्थित एक निजी अस्पताल में युवक को भर्ती कराया. जहां उसका इलाज चल रहा है।इस संबंध में कैलाश की पत्नी ने बताया कि कैलाश सुबह शौच के लिए गए थे। इसी दौरान ओबी की चपेट में आने से वह झुलस गया।

## भगवान शिव की पूजा कर मांगा सुख-समृद्धि का वरदान

बेरमो। भाजपा में शामिल होने के बाद बेरमो निवासी सह शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश प्रकाश कुमार सिंह देवघर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से सीधे बाबा मंदिर पहुंचे। जहां पुजारियों द्वारा उन्हें संकल्प कराकर पूरे विधि विधान के साथ भगवान भोलेनाथ पूजा संपन्न कराई। भगवान शिव का पूजा.अर्चना कर माथा टेका एवं बेरमो क्षेत्र में सुखएशांति और समृद्धि के लिए कामना किया। बाबा बैजनाथ मंदिर और एयरपोर्ट में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। श्री सिंह के

# ऑनलाइन होगा स्ट्रीट वेनडरों का प्रोफाइल

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से आच्छादित चास नगर निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडरों को योजना अंतर्गत उनका सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए 10 अप्रैल से 15 अप्रैल 2023 तक पांच दिवसीय शिविर का आयोजन चास नगर निगम के नव निर्मित भवन परिसर में होगा। इस सम्बन्ध में निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। शिविर में अर्हता रखने वालेध्छूटे हुए लाभुकों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनधन योजनाए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजनाए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाए भवन और अन्य निर्माण श्रमिक योजना के तहत निबंधनए प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजनाए वन नेशन वन राशन कार्डए जननी सुरक्षा योजनाए प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के साथ अच्छादित किया जाएगा। लाभुकों को अपना आधार कार्डए आवासीय प्रमाण पत्रए आय प्रमाण पत्रए बैंक खाताए राशन कार्डए जाति प्रमाण पत्र आदि का मूल एवं छाया प्रतिए पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा।

# समय पर पूरा करें योजनाएं: विधायक

### समीक्षा बैठक

धनबाद। झारखंड विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति ने सभापति सह विधायक जामताड़ा, इरफान अंसारी, की अध्यक्षता में शनिवार को सर्किट हाउस में विभिन्न विभागों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, राजस्व संग्रहण की स्थिति व विकास योजनाओं की समीक्षा तथा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर सभापति ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभापति ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को गति देने तथा सभी जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में कृतसंकल्पित है। गर्मी की मौसम को देखते हुए उन्होंने जिले में किसी प्रकार से पेयजल और बिजली की समस्या उत्पन्न नहीं हो, पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रदूषण बोर्ड के पदाधिकारी से जिले में संचालित उद्योगों के प्रदूषण सर्टिफिकेट, नदियों के पानी की क्वालिटी की जानकारी ली तथा विभिन्न विभागों में आंतरिक संसाधन से प्राप्त राजस्व की समीक्षा की। सभापति ने कहा कि विकास कार्यों के सफल क्रियान्वयन में सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व की काफी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# बरसात से पहले सभी वार्ड की नालियों की होगी सफाई

### नगर परिषद बोर्ड की बैठक में निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

चिरकुंडा। चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के सभागार मे शनिवार को बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता मौजूद थी। बैठक मे आगामी वर्षा काल को लेकर परिषद क्षेत्र की साफ सफाई को लेकर सर्वसम्मति से रणनीति बनी जिसमे प्रमुख विषय रहा कि आगामी वर्षा काल से पूर्व सभी वार्डो एव शहर के नाला नाली की सफाई करा ली जाएगी ताकि वर्षा के समय नालियो का पानी सडको पर ओवरफ्लो न हो जहां पीडब्लु डी का नाला है उसे विभाग के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा।प्रधानमंत्री आवास योजना वर्टिकल -4के निर्माण को लेकर नगर विकास विभाग से स्वीकृति के लिए गैराबाद जमिन पर दिशा निर्देश की मांग की जाएगी जिसके लिए पत्राचार किया जाएगा।चिरकुंडा ,कुमारधुबी व मुगमा पथ के फोर लेन निर्माण व लाईट लगाने को लेकर पीडब्लू डी को पत्राचार किया जाएगा तथा नगर विकास विभाग को भी किया जाएगा।14वें वित्त के बड़े कार्यो को लेकर जो अबतक क्रियान्वित नहो हो पाई है उस कार्यो को 15वे वित मे शामिल किया जाएगा। एसएचएमएस महाविद्यालय में लाईब्रेरी का निर्माण व तालाब का सौंदर्यिकरण डीएमएफटी फंड से कराने की पहल की जाएगी।बराकर नदी के नगर परिषद क्षेत्र के छठ घाटों के निर्माण व घाटों पर स्नान घर निर्माण को लेकर योजना बनायी गयी।

# बीएसके मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र बदलने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। शनिवार एनएसयूआई ने बीएसके मैथन कॉलेज के परीक्षा केंद्र बदलने की मांग की है ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत यूजी सेमेस्टर 5 की परीक्षा की शुरूआत 11 अप्रैल से होने को है जहां बीएसके मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र वर्तमान में केके टीटी कॉलेज गोविंदपुर निर्धारित की गई है। जिला सचिव मनीष झा एवं बीएसके मैथन कॉलेज के उपाध्यक्ष शाहबाज हुसैन ने कॉलेज प्राचार्य से मुलाकात की साथ ही मांग पत्र देते हुए कहा है कि बीएसके मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र केके टीवी कॉलेज गोविंदपुर निर्धारित की गई है जोकि हमारे कॉलेज से काफी दूरी पर है तथा मैथन कॉलेज में बहुत से विद्यार्थी बंगाल से भी आते हैं ऐसे में उन विद्यार्थियों का समय पर अपने परीक्षा केंद्र पहुंचना एवं छात्राओं को अंधेरा होने से पूर्व अपने घर पहुंचने में बहुत से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा जिसे ध्यान में रखते हुए एनएसयूआई यहा मांग करती है कि परीक्षा शुरू होने से पूर्व मैथन कॉलेज का परीक्षा केंद्र किसी नजदीकी कॉलेज को बनाया जाय।

# शिक्षा बचाओ, देश बचाओ के तहत नुक्कड़ नाटक

### शिक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

नुक्कड़ नाटक और गीत के माध्यम से शिक्षा के प्रति आम लोगों को जागरूक करते हुए झारखंड के शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट मौन रखा गया। कला जत्था समूह में टीम प्रबंधक विकाश ठाकुर, शर्मिष्ठा सेन गुप्ता, सुमना लहरी, किशोर मुर्मू, संगीता हाँसदा, गुड़िया हाँसदा, हिरिया देवी, श्याम पाण्डेय, दिमोल मरांडी, टुकन महतो, सुरेंद्र भारती, धनेश्वर पंडित व दिल्ली के सुप्रसिद्ध लेखक राधे श्याम मंगोलपुरी मौजूद थे। समापन पर जनवादी महिला समिति (एडवा) सिंदरी नगर कमेटी की ओर से शिक्षा बचाओ - देश बचाओ जत्था के पूरे टीम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

सिन्दरी। शिक्षा बचाओ, देश बचाओ नुक्कड़ नाटक को ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड की ओर से झारखंड के विभिन्न जिलों से आए कला जत्था द्वारा सिन्दरी व बलियापुर में चार जगहों पर दशार्या गया। इस मौके पर सिन्दरी के मदर टेरेसा स्कूल राँगामाटी, नेहरू मैदान शहरपुरा में नुक्कड़ नाटक भविष्य का सौदा का मंचन किया गया।

कलाकारों ने गीत के माध्यम से जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने की अपील की। मर्ज किए गए स्कूल और बंद किए गए स्कूल को खोलने के लिए संबंधित गीत पेश किया गया। कार्यक्रम को सफल करने में प्रो डॉ दीपक कुमार सेन, हेमंत जायसवाल, भोला नाथ राम, आर के मिश्रा, सुबल चंद्र दास, सूरज कुमार सिंह, राजू बाउरी, गोपाल राय, बबलू बाउरी, राम लाल महतो, रामलायक राम, पिंटू चटर्जी, गौतम प्रसाद, जनवादी महिला समिति सिंदरी नगर कमेटी अध्यक्ष रानी मिश्रा, सचिव मिठू दास, संयुक्त सचिव रंजू प्रसाद एवं सविता सिंह, उपाध्यक्ष सीमा मिश्रा सहित ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड सदस्य मौजूद रहे।

# प्रभु का वन गमन भक्तों को दिखाता है मुक्ति का मार्गः डॉ अमृता

### सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर में रामकथा पाठ का छठा दिन

खबर मन्त्र संवाददाता

सिन्दरी । सिन्दरी के शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के छठे दिन शनिवार को भोपाल से आई कथावाचिका डॉ अमृता करुणेश्वरी ने प्रभु श्री राम के वन गमन, माता कैकेयी के वचनों व केवट चरित्र का वर्णन किया। इस कथा को सुनने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और पूरा सिन्दरी भक्तिमय हो गया है। कथावाचिका ने बताया कि महाराजा दशरथ को अपने श्वेत रंग के केस देखकर भावी राजा के लिए ऋषि वशिष्ठ से मंत्रणा कर अपने बड़े पुत्र श्री राम को युवराज बनाने का निर्णय लिया। परंतु माता कैकेयी के दो वचनों में भरत को राजा व तापसी वेश में राम को चौदह वर्ष का वनवास की माँग राजा दशरथ से की और अयोध्या के राजा बनते बनते श्री राम वन के राजा बन गए। माता कौशल्या इस खबर से दुःखी हुईं और प्रभु से उन्होंने पूछा कि कैकेयी ने महाराज को रोका नहीं। प्रभु श्री राम ने कहा कि माता ने ही उन्हें कहा है। माता कौशल्या ने प्रभु से कहा कि माता पिता की आज्ञा एक हो तो पुत्र को वही कार्य करना चाहिए। माता सीता व भैया लक्ष्मण के हठ ने वनवास में उन दोनों को साथी बनाना पड़ा।

### प्रभु श्रीराम ने निषादराज से नदी पार कराने का किया आग्रह



वनवास में आगे जाकर प्रभु ने अपने मित्र निषादराज से भेंटकर हृदय से गले लगा लिया। प्रभु द्वारा सरयू नदी को पार करने के लिए निषादराज केवट से नदी पार कराने के लिए आग्रह किया। केवट की भक्ति अविरल थी और उसने प्रभु के पाँव पखारने की बात से अपने साथ पूरे परिवार को चरणामृत का पानी पिलाकर कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने बताया कि इस पूरी कथा से यह सार निकलता है कि लोगों को वृद्धावस्था में सबसे ज्यादा समय भक्ति की ओर देना चाहिए। प्रभु के वनवास गमन की कथा से सीख मिलती है कि सुख दु:ख आते जाते रहते हैं और हमें सुखों में ज्यादा भूलना व दु:खों में धैर्य नहीं खोना चाहिए। निषादराज की घटना से हमें शिक्षा मिलती है कि प्रभु के चरणों में ही मुक्ति संभव है।

# फल विक्रेता से मांगी 25 लाख रंगदारी, 6 को पुलिस ने पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद में रंगदारी वसूली का एक नया तरीका, 25 लाख रुपए फिलहाल दे दे ,कुछ जरूरी काम है। 6 महीने में वापस कर देंगे, अगर पैसा नहीं दिए तो परिवार के किसी को दुनिया से जाना होगा। यह कह कर निरसा के फल विक्रेता अशोक प्रसाद से 25 लाख रुपए रंगदारी मांगी गई है। इतना ही नहीं, रंगदारी लेने आदमी भी घर पहुंच गया, फिर मामले का खुलासा हुआ। धनबाद में रंगदारी वसूली का एक नया तरीका, 25 लाख रुपए फिलहाल दे दे ,कुछ जरूरी काम है। 6 महीने में वापस कर देंगे, अगर पैसा नहीं दिए तो परिवार के किसी को दुनिया से जाना होगा। यह कह कर निरसा के फल विक्रेता अशोक प्रसाद से 25 लाख रुपए रंगदारी मांगी गई है। इतना ही नहीं, रंगदारी लेने आदमी भी घर पहुंच गया, फिर मामले का खुलासा हुआ। इस आशय का एक पत्र फल विक्रेता अशोक प्रसाद के घर के समीप 4 अप्रैल की रात को फेंका गया था। रकम 7 अप्रैल की सुबह 10 बजे से लेकर रात 10 बजे के बीच फल की पेटी में भरकर देने की बात कही गई थी। पुलिस ने इस सिलसिले में एक टेंपो चालक को पकड़ा है। फिर निरसा मुख्य सड़क से 6 लोगों को हिरासत में लिया है।

एक नजर में

## अवैध कब्जा वाले मकान हुए खाली



बोकारो। सम्पदा न्यायालय बोकारो द्वारा बेदखली अभियान के तहत सेक्टर 04 I के आवास संख्या 2158ए 2031ए 04M के 1166ए 2064ए 2069ए 3040ए 3110ए 3118 एसेक्टर 05 के आवास संख्या 1125एसेक्टर .3B के 606ए 3व के 266ए 804ए 03M के 380ए 495ए सेक्टर .06ठ के 4034ए 1116ए 1124ए सेक्टर .11B के 3074 को मजिस्ट्रेट प्रवीण रोहित कुजूर के निर्देशन में खाली कराया गया। आवास खाली कराने के अलावा अवैध कब्जाधारियों का सामान भी सम्पदा न्यायालय द्वारा जब्त कर लिया गया है।

## बीएसएल में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन पर प्रशिक्षण




बोकारो। बीएसएल के एचआरडी सेंटर में जीएचजी उत्सर्जनरू एक स्थायी भविष्य का निर्माण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसादए सीजीएम ;एचआरडीद्ध मनीष जलोटाए एजीएम शशांक शेखरए नितेश रंजन सहित विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे। मनीष जलोटा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर एवं राजन प्रसाद ने स्टील इंडस्ट्री में ग्रीन हाउस गैस को कम करने की प्रमुख चुनौतियों के समाधान करने पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान शशांक शेखर एवं नितेश रंजन ने कर्मियों को जीएचजी उत्सर्जन के परिणामोंए पर्यावरण पर इसके प्रभावए जलवायु परिवर्तन और उत्पाद लागतए जीएचजी उत्सर्जन गणना के लिए वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा अपनाई गई पद्धति तथा जीएचजी उत्सर्जन से संबंधित वर्तमान वैश्विक और राष्ट्रीय नियमों और नीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वयन वरीय प्रबंधक ;एचआरडीद्ध अमित आनंद द्वारा किया गया।

## सेल के वित्त निदेशक की अधिकारियों संग बैठक



बोकारो। दो दिवसीय दौरे पर बोकारो आए सेल के निदेशक ;वित्तद्ध अनिल कुमार तुल्सीआनी ने अपने दौरे के दूसरे दिन संयंत्र के हॉट स्ट्रिप मिल तथा सीआरएम.3 का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान ईडी ;संकार्यद्ध बी के तिवारीए सीजीएम ;हॉट स्ट्रिपद्ध आलोक वर्माए सीजीएम ;सीआरएम.3द्ध वेद प्रकाश एवं अन्य अधिकारियों ने श्री तुल्सीआनी को संयंत्र के उत्पादन तथा अन्य संबंधित पहलुओं से अवगत कराया। निदेशक प्रभारी के कांफ्रेंस हाल में निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाशए ईडी ;एफ एंड एद्ध एस रंगानी व वित्त एवं लेखा विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अपराहन अनिल कुमार तुल्सीआनी बोकारो से विदा हुए।

## कायस्थ महासभा को शक्ति प्रदान करने को लेकर बैठक में विचार-विमर्श

बेरमो/पेटरवार। वर्ष 1887 में लाला हरगोविंद दयाल के द्वारा कायस्थ महासभा का स्थापना किया गया था। जिसमें काली प्रसाद कुलभास्कर के द्वारा आर्थिक सहयोग भी दिया गया था। जिसमें उस समय से चित्रांश को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 1925 में डॉ राजेंद्र प्रसाद इस संस्था से जुड़े थे। अभी भी हमारे बीच बहुत बिखराव है। हमें एक दूसरे को एक साथ जोड़ना जरूरी हैए जिसके लिए हमें महिलाओं को आगे लाना होगा । तभी हम आगे बढ़ेंगे और एकजुटता सफल होगी। उक्त बाते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक में महासभा के जिला प्रभारी गिरिवर नंदन प्रसाद ने कही। बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री प्रसाद ने बताया कि हमें जिला स्तर से लेकर अनुमंडल स्तरए प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर संगठन बनाना होगा। जिसके तहत हम सदस्य बनाने पर जोर दे सकते हैं। आगे कहा कि आगामी 23 अप्रैल को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक बैठक तेनुघाट में करने का निर्णय लिया गया है ।

## चार दिन से युवक लापता, सनहा दर्ज

बेरमो/फुसरो। चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के तेलो पश्चिमी के कोदगाहीर का निवासी माथुर कर्मकार का 23 वर्षीय पुत्र पवन कर्मकार चार दिनों से लापता हैण इसका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। उसके पिता ने बताया कि उसका पुत्र चार दिन से लापता है। काफी खोजबीन के बाद जब वह नहीं मिला तो चन्द्रपुरा थाना में लिखित आवेदन देकर खोजबीन करने के लिए आग्रह किया गया है। सुचना देने के लिए मोबाइल नंबर 62011 56455, 8084803827 हैं।

## डीवीसी छाई पौंड का एसडीओ ने किया निरीक्षण

बेरमो। शनिवार को बोकारो थर्मल डीवीसी छाई पॉन्ड का दौरा बेरमो अनुमंडल के एसडीएम अनंत कुमार ने किया और वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उनके साथ डीवीसी बोकारो थर्मल इकाई के डिजिएम बी जी होलकर उप अभियंता आर के सिन्हाए सिविल के पदाधिकारी राहुल कुमार के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि अख्तर अंसारी मुखिया पति महबूब आलमए अशोक सावए भुनेश्वर साव सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे।

## समय संवाद

कुछ देशों में ईस्टर दो दिन तक भी मनाया जाता है और दूसरे दिन को ईस्टर सोमवार कहा जाता है। ईस्टर संडे के दिन ईसाई धर्म के लोग गिरजाघरों में जाकर यीशु को याद करते हैं, उनकी याद में मोमबत्तियां जलाते हैं, बाइबिल पढ़ते हैं और अपने प्रभु यीशु के जीवित होने की खुशी में एक-दूसरे को बधाई देते हैं। ईस्टर रविवार के पहले सभी गिरजाघरों में रात्रि जागरण तथा अन्य धार्मिक परंपराएं पूरी की जाती हैं और असंख्य मोमबत्तियां जलाकर यीशु में अपना विश्वास प्रकट किया जाता है। ईस्टर पर सजी हुई मोमबत्तियां अपने घरों में जलाना तथा मित्रों में बांटना ईसाई धर्म में एक प्रचलित परम्परा है। इस पवित्र दिन को ह्यईस्टर दिवस तथा ह्यईस्टर रविवार के नाम से भी जाना जाता है।

# ईस्टर का त्योहार खुशियां अपार

**के भी विनोद**

**क्रिसमस** के अलावा ईस्टर को भी ईसाई धर्म का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्व माना जाता है। दरअसल दोनों ही पर्व ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाए जाते हैं। प्रतिवर्ष गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मनाया जाने वाला ईस्टर संडेह्न ईसाइयों का महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है। यह इस वर्ष 9 अप्रैल को मनाया जाएगा। गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के बलिदान को याद कर जहां ईसाई धर्म के लोग दुखी होते हैं, वहीं ईस्टर संडे पर उनकी खुशी दोगुनी होती है क्योंकि ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार गुड फ्राइडे के बाद आने वाले रविवार को दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले शांति के मसीहा ईसा मसीह पुनः जीवित हुए थे और उनके जीवित होने की खुशी में ईसाई धर्म को मानने वाले लोग ह्यईस्टर संडेह्न मनाते हैं।

बाइबिल में उल्लेख है कि ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित होने के बाद ईसा मसीह 40 दिन बाद तक पृथ्वी पर रहे और उस दौरान उन्होंने अपने शिष्यों को प्रेम एवं करुणा का पाठ पढ़ाया तथा फिर स्वर्ग चले गए।

नए जीवन और जीवन के बदलाव के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले ईस्टर पर्व को भाईचारे और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन ईसा मसीह के जीवित होने के बाद उनको यातनाएं देने वाले और सूली पर चढ़ाने वाले लोगों को भी बहुत पश्चाताप हुआ था।



ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार ईस्टर शब्द की उत्पत्ति ईस्त्र शब्द से हुई थी। यूरोप में प्रचलित पौराणिक कथाओं के अनुसार ईस्त्र वसंत और उर्वरता की एक देवी थी, जिसकी प्रशंसा में अप्रैल माह में उत्सव होते थे। इन उत्सवों के कई अंश यूरोप के ईस्टर उत्सवों में आज भी देखने को मिलते हैं। इसीलिए इसे नवजीवन या ईस्टर महापर्व का नाम दे दिया गया।

ईस्टर के पहले वाले रविवार को खजूर रविवार के नाम से जाना जाता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी रविवार के दिन ईसा मसीह ने यरुशलम में प्रवेश किया था। ईसाई विद्वानों के मतानुसार 29ई. को ईसा मसीह गधे पर सवार होकर यरुशलम पहुंचे थे और वहां के लोगों ने खजूर की डालियों से उनका स्वागत किया था, इसीलिए इस दिन को ह्यपाम संडेह्न कहा जाता है। यहीं यरुशलम में उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा गया और राजद्रोह के आरोप में शुक्रवार को सूली पर चढ़ा दिया गया। ईसा मसीह को सूली पर लटकाने की घटना को गुड फ्राइडे के नाम से जाना जाता है और इसके तीसरे दिन यानी संडे को ईसा मसीह के दोबारा जीवित होने की घटना को ईस्टर संडे के रूप में मनाया जाता है। ईसाई धर्म में इस घटना को इस बात प्रमाण भी माना जाता है कि सत्य कभी नष्ट नहीं हो सकता। ईस्टर की आराधना ऊषाकाल में ईसाई महिलाओं द्वारा की जाती है क्योंकि माना जाता है कि यीशु का पुनरुत्थान इसी वक्त हुआ था।

ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार जब ईसा मसीह को मृत्युदंड दिया गया तो उनके अनुयायी बहुत निराश और हताश हो गए थे लेकिन गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मरियम मदीलिनी नामक एक महिला ईसा मसीह की कब्र पर गई, जहां उस समय गहन अंधकार छाया था। महिला ने देखा कि ईसा मसीह की कब्र पर पत्थर नहीं है। उसने इसके बारे में ईसा के अनुयायियों को बताया, जिन्होंने वहां आकर देखा तो कब्र में केवल कफन पड़ा था, ईसा मसीह नहीं थे। कुछ देर बाद वे सभी वहां से चले गए लेकिन महिला वहीं बैठकर रोने लगी। तभी उसने देखा कि कब्र में जहां ईसा मसीह का शव रखा था, वहां दो स्वर्गदूत सफेद कपड़े पहने खड़े थे, एक ईसा मसीह के सिर के पास और दूसरा पैरों के पास। दोनों देवदूतों ने महिला से रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वे उसके ईसा मसीह को लेकर चले गए हैं। तभी उसने वहां ईसा मसीह को देखा।

देवदूतों ने उसे कहा कि वे अब परम पिता के पास जा रहे हैं। इस घटना के तुरंत बाद महिला फिर ईसा के अनुयायियों के पास आई और उनको बताया कि कैसे प्रभु ईसा मसीह पुनः जीवित हो गए हैं। ईसाई मान्यताओं के अनुसार ईसा मसीह पुनः जीवित होने के बाद 40 दिन तक पृथ्वी पर रहे और अंत में वे अपने कुछ शिष्यों के साथ आसमान में चले गए। ईस्टर के दिन ईसाई धर्म के लोग अपने घरों को अंडों से सजाते हैं और एक-दूसरे को अंडे उपहार स्वरूप भी देते हैं।

# राम ने गुरु वशिष्ठ से भक्ति सीखी और सिखायी भी

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**राम** ने वशिष्ठ से भक्ति सीखी और लक्ष्मण सहित चारों भाईयोंको सिखाया भी इसके साथ ही सुग्रीव और हनुमान को भी भक्ति का पाठ पढ़ाया। यही कारण था कि जंगल में रहने वाले हनुमान जी को अयोध्या में जो दायित्व मिला वह लव कुश सहित अन्य सभी भाइयों को भक्ति सिखाने का ही था। उसके निवार्ह को उन्होंने अपना सौभाग्य समझा। राजकाज और भक्ति दोनों के आदर्श राम थे।

समाधि सरकार सदगुरु जी अपने सदगुरु के आदेशपर राजपुर जैसे दियरा में आकर भक्ति का प्रचार किया। वे रत्ती भर भी अपने गुरुदेव के आदेश से नहीं हटे। गढ़वा घाट आश्रम के निमार्ण सहित राजपुर और उसके आस पास दर्जनों आश्रम का निमार्ण कराया। राजपुर का आश्रम भी उन्होंने दासनुदास भाव रखकर ही किया। अपने भगवान परमहंस दयाल अद्धैतानंद जी ने छपरा से जाकर टेरी जो अभी पाकिस्तान में है वहां ब्रह्म विद्यालय एवं आश्रम की स्थापना की। रामनवमी 1846 को उनका जन्म छपरा के समीप एक ग्राम में हुआ था। इनके बाद सदगुरु भगवान स्वरूपानंद जी और उनके बाद सदगुरु आत्मविवेकानंद जी ने इस आश्रम परम्परा को गढ़वा घाट काशी तक लाकर भक्ति का प्रचार किया। आज भी टेरी में आश्रम है। गढ़वा घाट आश्रम से ही स्वामी आत्मविवेकानंदजी सदगुरु स्वामी शिवधर्मानंदजी महाराज को छपरा की भक्ति जो गंगा युमना के किनारे पाकिस्तान में अफगानिस्तान के सीमा टेरी तक स्थापित की गयी थी उसे बक्सर जिले के क्षेत्र में स्थापित करने का कार्य सौंपा गया। स्वामी शिवधर्मानंद जी ने इसी योग का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छोटका राजपुर में स्थापित ब्रह्म विद्यालय आश्रम को अपने सतगुरु आत्मविवेकानंद जी गढ़वा घाट काशी को समर्पित किया। शिलापट्ट पर उल्लेखित है श्री श्री मत्परमहंस, ज्ञान मार्तण्ड, नित्य सगुण ब्रह्म स्वरूप, भक्ति सूक्ति दायक, पतित पावन, दीन बंधु परम दयालु परमहंस श्री स्वामी आत्मविवेकानंद जी, बंगला कुटी, गढ़वा घाट, बनारस काशी संस्थापक दरबार का महापतित दासानुदास शिवधर्मानंद जी सेवक जलेश्वर छोटका राजपुर आरा, शाहाबाद बिहार, फागुन सदी 15 विक्रम संवत 2011 आठ मार्च 1955 । जो भी कुछ किया गुरुदेव भगवान को समर्पित कर दिया। गढ़वा घाट और राजपुर दो नहीं है एक ही है। इसलिए दरबार की स्थापना कर भक्तों के लिए एक स्थान बनाया गया जहां भक्त की रुचि के अनुसार कार्य स्थापित कर उसका कल्याण हो सके।

# कोरोना से बचाव

**जूली विशर**

**टिप्स:** जब हमें लग रहा था कि महामारी खत्म हो रही है, तभी कोरोना की दूसरी लहर आ गई। दरअसल यह बीमारी कभी गई ही नहीं थी। इसलिए हमें महामारी से लड़ने के फिर से तैयार होना पड़ा।

### शारीरिक रूप से सक्रिय रहें

घर में रहने के बावजूद शारीरिक रूप से सक्रिय रहना जरूरी है। इसलिए घर पर ही व्यायाम करें।

### पौष्टिक आहार

इस वक्त पौष्टिक आहार का सेवन बेहद जरूरी है। चीनी-नमक कम करें और ताजी फल-सब्जी खाएं। खाने में वसा, प्रोटीन, विटामिन और काबोर्हाइड्रेट की पर्याप्त मात्रा हो।

### मानसिक और भावनात्मक सेहत

अगर बेचैनी, तनाव और ज्यादा सिर दर्द महसूस हो तो डॉक्टर की मदद लें। वहीं गहरी सांस लेना और दोस्तों व परिवार से लगातार बात करते रहने से आपको अच्छा लगेगा। लोगों से जुड़े रहें और रिश्ते बनाकर रखें। इससे भावनात्मक स्तर बेहतर रहेगा। अपनी पसंदीदा चीजें खाएं और अपने शौक पूरा करें। जहां तक हो सके नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

### प्रेरणा लें

लाइफ कोच अन्ना जियाननकोरस कहती हैं कि इस दौर में प्रेरणा बेहद जरूरी है। किसी सेलिब्रिटी, एथलीट, दोस्त आदि से सीखें कि वे महामारी के दौर में कैसे फिट हैं। गाना सुनें, किताब पढ़ें और घर के बाहर टहलें। इससे आपको ताजगी महसूस होगी। याद रखें जैसे पहली लहर खत्म हुई थी, वैसे ही जल्द दूसरी भी खत्म हो जाएगी। बस आपको सावधान रहना है।

### सूचना रखें पर ज्यादा नहीं

खबरों और सूचनाओं पर नजर रखें। लेकिन बेहद सनसनीखेज सूचनाओं से दूर रहें। वहीं वर्तमान में जीने का प्रयास करें। भविष्य को लेकर ज्यादा चिंतित न रहें।

### अच्छी नींद

सेहतमंद रहने के लिए पर्याप्त नींद जरूरी है। इसलिए नींद की रूटीन का पालन करें।

# बचपन में ब्रेनवास्ड हुए हैं हमसब



**मनोज शर्मा**

**पहले** टेपरिकॉर्डर में लोग फिल्मों के डायलॉग सुना करते थे। शोले, मुगले आजम, मजदूर जैसी फिल्मों के डायलॉग खूब चले। कुछ फिल्मों के डायलॉग दो कैसेट में आते थे। वोल्युम1-2 करके। मैने भी बचपन में मुगले आजम के डायलॉग कैसेट खूब बजाये हैं। उसकी शुरूआत धीर गंभीर आवाज में ऐसे होती थी...मैं हिंदूस्तान हूं.. फिल्म में अकबर को शहंशाह , महाबली और सलीम को साहब ए आलम संबोधित किया गया है।

तब की बेवकूफी ऐसी कि दो घंटे डायलॉग सुनते और इंतजार कि हां अब ये वाला गाना बजेगा.. फिर बजता.. हमें काश तुमसे मोहब्बत न होती?

फिर कुछ मिनट खालिस उर्दू में अनारकली के लिये अकबर और सलीम में फालतू की किचकिच के बाद गाना बजता..तेरी महफिल में किस्मत आजमा कर हम भी देखेंगे। पूरे डायलॉग को सुनने के बावजूद मेरा बाल मन ये न जान पाया था कि इस लड़ाई में शहंशाह जीता कि साहब ए आलम? एक बार मैने अपने पापा से पूछा कि पापा अंत में किसकी जीत हुई? पापा ने कुछ गोल मोल सा बता दिया था कि सलीम मरने से बच गया था क्योंकि तोप के नाल को किसी ने ऊपर उठा दिया और अनारकली को दीवार में चुनवा देने के नाम पर सुरंग के रास्ते भारत से बाहर भेज दिया गया और सलीम को बता दिया गया कि अनार कली दीवार में चुनवा कर मुआ दी गयी। लेकिन मेरी उत्सुकता बनी रही। लेकिन फिल्म के संवाद और स्कूल के इतिहास के किताब को पढने का दिमाग पर गहरा मानसिक असर हुआ। मैं लंबे समय तक भारतीय इतिहास को सिर्फ मुगलों का इतिहास ही समझ बैठा। मेरी बाबर, हुमायू, अकबर, जहांगीर के प्रति सिंपैथी थी। उन स्कूली किताबों में अकबर की तस्वीर के नीचे कैप्शन में 'अकबर महान' लिखा होता था। अकबर से युद्ध में हेमू के आंख में तीर लगकर मरने के वाकये को पढकर मैं खुश होता था।

एक बार गांव में दशहरे में नाटक खेला गया राणा संग्राम उसमें भी मेरी इच्छा बाबर को जीतते देखने की ही थी। अकबर के बचपन के बारे में पढ़ कर लगता था कि बेचारा टुअर था। उसका बाप हुमायू तो सीढियों से गिर कर मर गया था और दस बारह वर्ष की उम्र में ही गद्दी पर बैठना पड़ा था। मेरी छोटी बहन ने आर्ट्स लिया था। मैने साइंस से आनर्स करने के बाद भी उसके इतिहास के पूरे किताब को पढ़ा। तब कुछ कुछ अहसास कि मैं अब तक सिर्फ मुगलों के इतिहास को ही भारत का इतिहास समझे बैठा था।

दरअसल स्कूली किताबों और बौलीवूड की फिल्मों ने मुगलों को लेकर हमें बचपन में ब्रेनवाश किया था। समय के साथ हमें भान हुआ कि बाबर ,औरंगजेब ने क्या किया? और मुगलों का काल ही पूरा भारतीय इतिहास नहीं बल्कि वह एक अध्याय भर है। तब स्कूली इतिहास के किताब में कहीं ये नहीं पढा कि औरंगजेब ने हिंदूओं पर कितने कर लगाये, कितने मंदिर ढहाये। वैसे ही टीपू को भी पढाया गया।

अब यूपी के स्कूली किताबों से मुगलों का इतिहास घटाया जायेगा। यानि अब ढाई सौ साल का इतिहास एक सामान्य अध्याय की तरह ही होगा। अच्छा है अब हर सच्चाई को किताबों में शामिल करना चाहिए। हमलावरों की सही तस्वीर, यहां के शासकों के हार जीत का भी सही विवरण हो, धर्म, विध्वंस, प्रतिकार और उन शासकों का भी विस्तृत इतिहास होना जरूरी है जो मुगलों से पहले भी थे बाद भी।।

# गर्मी में सत्तु का स्वाद

### सेहत अनुकूल

**सत्तू** का नाम भारत में नया नहीं है। सदियों से इस भोज्य पदार्थ का प्रचलन है। आज सत्तू का जायका भारत ही नहीं बल्कि कई अन्य देशों में पसंद किया जा रहा है। चीन, कोरिया, अफ्रीका में सत्तू के व्यंजन लोकप्रिय हो रहे हैं। प्राचीन ग्रंथों में सत्तू शब्द मिलता है। भोजपुरी में सतुआ, कश्मीरी में सोतु, कुमाउंनी में सातु-सत्तु, पंजाबी में सत्तू, गुजराती में सातू तथा हिन्दी में सत्तू-सतुआ इसके नाम हैं। इंडियन फास्ट फूड सत्तू सेहत के लिए भी अनूकूल है। इसे कहीं भी खाया जा सकता है। चरक संहिता में सत्तू सेवन ग्रीष्मकाल में बेहतर बताया है। चने को पानी में भिगोकर, सुखाकर भूना जाता है व फिर भुने जीरा, काली मिर्च के साथ पीसा जाता है। चने, जौ व मकई के सत्तू के कई व्यंजन बनाये जाते हैं :

**शर्बत**

सत्तू को अकसर पानी में घोलकर शर्बत के रूप में पिया जाता है। सत्तू के शर्बत में प्याज,चटनी, नींबू, मिर्च, जीरा डालकर आप इसे टेस्टी बना सकते हैं।

**लड्डू**

एक बाउल में करीब 200 ग्राम सत्तू, एक कप देसी घी और 400 ग्राम गुड़ डालें। गुड़ पिसा हुआ हो। सारी सामग्री मिलाकर गाढ़ा आटा तैयार कर लें। अब इसके पेड़े बनाकर 20 मिनट ठंडे स्थान पर रख दें। पौष्टिक सत्तू के लड्डू तैयार हैं।

**परांठे**

सत्तू से परांठे तैयार करने को 100 ग्राम सत्तू, 2 चम्मच तेल, एक प्याज, 3-4 कली लहसुन, जीरा, नमक और काली मिर्च स्टफ कर लें। साथ ही, नरम आटा गूंथ लें। छोटी-छोटी लोइयां बनाकर उनमें एक चम्मच सत्तू की स्टफिंग भर लें और बेलकर परांठा बना लें। सरसों के तेल का प्रयोग करें। दही या अचार के साथ गरमा गरम खायें।



मखाना क्रीम के साथ सत्तू-**अलसी का तीखा**

सत्तू 200 ग्राम, मक्खन 1 बड़ा चम्मच, अलसी 20 ग्राम, 10 मखाने, कुकिंग क्रीम 50 मिली. , हरे प्याज 10ग्राम, अजवाइन 10 ग्राम, प्याज 20 ग्राम, लहसुन 10 ग्राम, 2 चम्मच जैतून तेल, चंद दाने चीनी।

विधि : सत्तू और अलसी को एक साथ मिला लें। इस मिश्रण को सफेद मक्खन में रगड़ें। इसमें नींबू का रस डालें। पानी डालकर इसका आटे गूंथ लें। पौना घंटे रखा रहने दें। यह आसानी ये जुड़ेगा नहीं, इसलिए सूखे आटे से चिपकाएं। इसे टार्ट शेल में रोल करें और ओवन में 180 डिग्री पर करीब आधा घंटे के लिए बेक करें। इस बीच, प्याज, अजवाइन, प्याज और लहसुन काट लें। एक कड़ाही लें और उसमें जैतून तेल डालें। कटी हुई सब्जियों को भूनें और क्रीम डालें। मखाने डालें और पकने दें। काली मिर्च बुरक इसे पके हुए टार्ट शेल में भरें। ऊपर से कुछ दाने चीनी छिड़कें। टाट यानी तीखा तैयार है।

### स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद सत्तू

गर्मियों में लू से बचाने का गुण सत्तू में है। सत्तू ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में भी मददगार है। फाइबर से भरपूर होने के कारण पाचन के लिए उत्तम है। वहीं सत्तू भूनकर तथा पीसकर बनाए जाने के कारण पाचन में आसान होता है। बतौर डाइटिंग खुराक यह कारगर है। सत्तू पाचन में हल्का होता है जो शरीर छरहरा बनाता है। शरीर में एक्स्ट्रा ग्लूकोज कम करता है।

# हिंदू धर्म की जड़ें संस्कार बन कर जन-जन के मन में है

**डॉ नीलम महेंद्र**

**हिन्दू** धर्म या सनातन संस्कृति जिसकी जड़ें संस्कारों के रूप में, परम्पराओं के रूप में भारत की आत्मा में अनादि काल से बसी हुई हैं।

ये भारत में ही होता है जहाँ एक अनपढ़ व्यक्ति भी परम्परा रूप से नदियों को माता मानता आया है और पेड़ों की पूजा करता आया है

आज जहां एक तरफ देश में हिन्दू राष्ट्र चर्चा का विषय बना हुआ है। तो दूसरी तरफ देश के कई हिस्सों में रामनवमी के जुलूस के दौरान भारी हिंसक उत्पात की खबरें आती हैं। हिंदू धर्म दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना धर्म है और दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में 1.2 अरब लोग इस धर्म को मानते हैं। यह धर्म स्वीकार्यता, आपसी सम्मान और शांति के मूल्यों के साथ विविध परंपराओं और आस्था प्रणालियों को सम्मिलित करता है। हिन्दू धर्म के योग, आयुर्वेद, ध्यान, भोजन, संगीत और कला जैसे प्राचीन ज्ञान को अमेरिकी समाज के लाखों लोगों ने व्यापक रूप से अपना कर अपने जीवन को सुधारा है।₹ एक रिपोर्ट के अनुसार 3.6 करोड़ अमरीकी योग करते हैं और 1.8 करोड़ ध्यान लगाते हैं।

क्या है ये सनातन संस्कृति जिसका साक्षी भारत रहा है? क्या ये वाकई में अनादि और अनन्त है? वर्तमान में इस प्रकार के प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो गए हैं। लेकिन समस्या ये है कि इन प्रश्नों के उत्तर किसी पुस्तक में तो कतई नहीं मिलेंगे। क्योंकि ये प्रश्न जितने जटिल प्रतीत होते हैं इनके उत्तर उससे कहीं अधिक सरल हैं। हमारे मन में यह विचार आ सकता है कि यदि हम वेद पुराण आदि पढ़ लें तो हमें इन सभी सवालों के जवाब मिल जाएंगे। शायद ऐसा सोचने वाले लोगों के लिए ही कबीर ये पंक्तियां लिख कर गए थे कि पोथी पढ़ पढ़ जग मुआ पंडित बना न कोय ढाई आखर प्रेम का पढ़े तो पंडित होय। देखा जाए तो इन सरल सी पंक्तियों में कितनी गहरी बात छिपी है।



वाकई में अगर हम इन प्रश्नों के उत्तर खोजना चाहते हैं तो हमें किसी वेद पुराण या किसी किताब को नहीं बल्कि भारतीय समाज को,उसकी समाजिक व्यवस्था को बारीकी से समझना होगा। वो संस्कृति जो संस्कारों से बनती है। वो संस्कार जो पीढ़ी दर पीढ़ी मां से बेटी में और पिता से बेटे में स्वतः ही बेहद साधारण तरीके से चले जाते हैं। इस प्रकार एक परिवार से समाज में और समाज से राष्ट्र में ये संस्कार कुछ इन सहजता से जाते हैं कि वो उस राष्ट्र की आत्मा बन जाते हैं। ये भारत में ही हो सकता है कि कहीं किसी गली या मोहल्ले में अगर कोई गाय ब्याहती है (बछड़े को जन्म देती है) तो आस पास के घरों से महिलाएं मिल जुल उसके लिए दलिया बनाकर उसे खिलाती हैं, उसके बछड़े के लिए घर से किसी पुराने कपड़े का बिछावन बनाती हैं।

ये भारत में ही होता है कि हर घर की रसोई में पहली रोटी गाय के लिए और आखरी रोटी कुत्ते के लिए बनती है। ये छोटी छोटी बातें भारत के हर व्यक्ति का साधारण व्यवहार है जिससे कि इस सृष्टि के प्रति उसके दायित्वों का निर्वाहन अनजाने ही सहजता से हो जाता है। इस व्यवहार को करने वाले व्यक्ति ने भले ही वेदों का औपचारिक रूप से अध्ययन न किया हो लेकिन फिर भी ये सभी कार्य वो अपनी दिनचर्या में सामान्य रूप से करता है। लेकिन अब अगर आपको बताया जाए कि वेदों में पांच प्रकार के यज्ञ बताए गए हैं जिनमें से एक है ₹वैश्वदेवयज्ञः₹ सभी प्राणियों तथा वृक्षों के प्रति करुणा और कर्त्तव्य समझना उन्हें अन्न-जल देना ,जो कुछ भी भोजन पकाया गया हो उसका कुछ अंश गाय, कुत्ते और पक्षी को देना ही वैश्वदेव यज्ञ कहलाता है तो आप क्या कहेंगे।

ये है हिन्दू धर्म या सनातन संस्कृति जिसकी जड़ें संस्कारों के रूप में परम्पराओं के रूप में भारत की आत्मा में अनादि काल से बसी हुई हैं।

ये भारत में ही होता है जहाँ एक अनपढ़ व्यक्ति भी परम्परा रूप से नदियों को माता मानता आया है और पेड़ों की पूजा करता आया है। हिन्दुफोबिया से ग्रसित लोग जिसे अंधविश्वास और पिछड़ापन कहते रहे आज आधुनिक वैज्ञानिक उसे विज्ञान मानने के लिए विवश हैं। उनकी भी गलती नहीं है क्योंकि वो बेचारे तो आज यह खोज पाए हैं कि पेड़ भी जीवित होते हैं। वे आज जान पाए हैं कि पेड़ 40 किलो हट्र्ज से 80 किलो हट्र्ज की फ्रीक्वेंसी की आवाजें भी निकालते हैं। लेकिन चूंकि मनुष्य केवल 20 हट्र्ज से 20 किलो हट्र्ज तक की फ्रीक्वेंसी की आवाजें ही सुन सकता है इसलिए हमें वो आवाजें सुनाई नहीं देतीं। भले ही आधुनिक वैज्ञानिक आज जान पाए हों कि हर पौधा खुश भी होता है दुखी भी होता है, उसे डर भी लगता है, उसे पीड़ा भी होती है। लेकिन भारत के लोग तो सनातन काल से पेड़ों को चेतन मानते आए हैं। इसीलिए संध्या के बाद उन्हें जल तक नहीं देते कि वो विश्राम कर रहे हैं। और अगर औषधीय उपयोग के लिए भी यदि उनके किसी अंग को लेते हैं जैसे पत्ते, फूल,छाल अथवा बीज या फिर जड़ तो पहले उस वृक्ष से अनुमति मांगते हैं, क्षमा मांगते है। यहां लोग पत्थर को भी पूजते हैं और कंकड़ में भी शंकर को ढूंढते हैं।भारत के लोग ऐसे जी जीवन जीते हैं, सदियों से जीते आए हैं और आगे भी जीते रहेंगे। क्योंकि भारत की आत्मा इन्हीं संस्कारों में बसती है।

ये ही है भारत, यही है हिन्दू धर्म यही है सनातन संस्कृति। अब इस सनातन धर्म से किसी को हिन्दुफोबिया हो रहा है तो आगे आप खुद समझदार हैं।

लेखिका वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कहां से सीखा झूठ बोलना ? आखिर कभी सोचा आपने



**प्रिया राज**

कहां से सीखा है झूठ बोलना? झूठ बोलने पर हर घर में, हर बच्चे का सामना इस सवाल से होता ही है। साथ ही यह प्रश्न अभिभावकों की नाराजगी और हैरानी दोनों लिये होता है। बच्चे का सच बोलने के बजाय बातें बनाना पेरेंट्स को दुखी भी करता है और चिंतित भी। साथ ही यह उलझन भी बढ़ जाती है कि बच्चा यह सीख कहां से रहा है? ऐसे में एक ताजा रिसर्च बड़ों का सच से सामना भी करवाती है और सचेत भी करती है। हाल ही में पोलैंड और कनाडा के शोधकताओं ने पाया कि बच्चों की झूठ बोलने की आदत और बड़ों के बर्ताव का गहरा संबंध है। आमतौर पर अभिभावक बच्चों से हर बात में 'हां' ही सुनना चाहते हैं। ऐसा न होने पर कभी सख्ती बरती जाती है तो कभी सजा बच्चों के हिस्से आती है। ऐसे में बच्चे पेरेंट्स को खुश करने के लिए भी झूठ बोलने लगते हैं। जरूरी है कि बचपन से जड़ें जमा लेने वाली इस गलत आदत को लेकर सोचा जाए। ताकि बच्चे सहज रूप से सच कह सकें।

**हिदायत नहीं, हल की बात**

बच्चे ज्यादातर उस परिस्थिति में झूठ बोलते हैं, जब कोई गलती हो जाती है। कभी सजा से बचने के लिए तो कभी कोई बात छुपाने के लिए। आमतौर पर बालमन के इस दुराव-छिपाव के पीछे अभिभावकों की सख्ती का डर होता है। इतना ही नहीं, बच्चे जानते हैं कि उनकी गलती पकड़ी गई तो अनगिनत हिदायतें और बंधन लगा दिये जाएंगे। जैसे किसी दोस्त के घर में बच्चे के हाथ से कुछ टूट-फूट गया तो आगे से किसी के घर न जाने की हिदायत। बच्चों के मन पर ऐसी पाबंदी गहरा असर डालती है। इसीलिए उनसे सच सुनने के लिए पेरेंट्स को संतुलित रवैया अपनाना होगा। बच्चों को भरोसा हो कि आप उन्हें 'जज' करने के बजाय उसकी उलझन या गलती को समझेंगे।



**बड़ों के व्यवहार का असर**

घर के बड़े सदस्यों के बर्ताव का बच्चों के व्यवहार पर गहरा असर पड़ता है। अगर वे बात-बात में बड़ों को झूठ बोलते हुए देखते-सुनते हैं तो यह उनके लिए सहज सी बात हो जाती है। अध्ययन बताते हैं कि किसी परिस्थिति या आपसी संवाद के दौरान जाहिर की गईं माता-पिता की प्रतिक्रियाओं से भी बच्चे सच्चाई को तोड़-मरोड़कर पेश करना सीख जाते हैं। शोधकताओं के मुताबिक, बच्चे लगभग 3 साल की उम्र में झूठ बोलना सीखना शुरू करते हैं। उम्र के इस पड़ाव पर बच्चे समझने लगते हैं कि उनके आस-पास के लोग उनके दिमाग को नहीं पढ़ सकते। वहीं 4-6 साल की उम्र में बच्चे अपने चेहरे के हावभाव अपने शब्दों से मिलाना सीख जाते हैं। गौर करने वाली बात है कि इस आयुवर्ग के बच्चों का अधिकांश समय अपनों के बीच ही बीतता है, खासकर पेरेंट्स के साथ। ऐसे में अभिभावकों की सतर्कता जरूरी है। दुनियावी बर्ताव निभाने भर को कुछ अलग रंग-ढंग से कहना भी हो तो यह बच्चों के सामने न किया जाए। बच्चे अच्छे-बुरे का फर्क नहीं समझ पाते। न ही इंसानी जीवन से जुड़ी परिस्थितियों की उलझनों और बातचीत को। वे तो बड़ों के व्यवहार को देखकर बहुत कुछ सीखते जाते हैं।

(संत जेवियर कॉलेज रांची)

### मानसिकता...



## स्पीड न्यूज

### महिला सम्मान बचत पत्र खाता एक बेहतर योजना, इससे जुड़ेः रविशंकर



**रामगढ़।** रामगढ़ कैंट सब डिवीजन अंतर्गत चितरपुर उप डाकघर में शनिवार को पहला महिला सम्मान बचत पत्र खाता खोला गया। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला सम्मान बचत पत्र का शुभारंभ 1 अप्रैल से किया गया । रामगढ़ में पहला महिला सम्मान बचत पत्र खाता चितरपुर उप डाकघर में शिवानी कुमारी, पिता दीपक कुमार जायसवाल, सिकनी निवासी का खोला गया है। भारत सरकार द्वारा महिला सम्मान बचत पत्र के माध्यम से 7.5 प्रतिशत की निश्चित ब्याज दर पर 2 वर्ष की अवधि के लिए महिलाओं या बालिकाओं के नाम पर 2 लाख रूपए तक की जमा सुविधा प्रदान की जाएगी। यह खाता 31 मार्च 2025 के बाद नही खुलेगी। महिलाएं महिला सम्मान बचत पत्र से लाभ प्राप्त करने के लिए अपने नजदीकी डाकघर में खाता खुलवाएं। शनिवार को चितरपुर उप डाकघर में महिला सम्मान बचत पत्र की पहली बालिका को डाक विभाग परिवार द्वारा सम्मानित भी किया है। योजना के संबंध में डाक सहायक रविशंकर राय ने कहा कि महिला सम्मान बचत पत्र बहुत ही अच्छी योजना है। महिलाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए।

### चैंबर सदस्य बने दिलीप अग्रवाल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एडं इंडस्ट्रीज, रामगढ के संचालन समिति द्वारा पतरातू ब्लक से कॉप्शन प्रक्रिया द्वारा भुरकुंडा के व्यवसायी दिलीप कुमार अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया। इसके पूर्व चैंबर चुनाव के सदस्यों द्वारा पदाधिकारियों के चयन के बाद शुक्रवार की देर शाम बिजुलिया स्थित चैंबर भवन में चुनाव समिति और चैंबर पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में चैंबर के नए अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कप्शन के माध्यम से छह नामित सदस्यों का चयन कर चुनाव पदाधिकारी को नाम सौंपा। जिसमें पतरातु प्रखंड से दिलीप अग्रवाल का मनोनयन किया गया। मौके पर व्यवसायी दिलीप अग्रवाल ने अपने चैंबर के संचालन समिति के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास से चैंबर के संचालन समिति ने मुझे यह कार्यभार सौंपा है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

### सरना झंडा जलाने की कड़ी निंदा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में शनिवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रितिका भोक्ता एवं एंचालन संतोष उरांव ने किया। बैठक में उपस्थित समिति के लोगों ने रांची जिला में सरना झंडा जलाए जाने का कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कहा गया कि सरारती तत्वों को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई करे अन्यथा केंद्रीय सरना समिति एवं आदिवासी समाज के लोग विचार-विमर्श कर उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही पुलिस-प्रशासन की होगी। मौके पर दर्शन गंझू, श्याम सुंदर करमाली, श्रीनाथ करमाली, महादेव बेदिया, राजन करमाली, हरिलाल बेदिया, उमेश मुंडाआदि मौजूद थें।

### भाजपा ने महिलाओं को किया सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देशा पर भाजपाईयों द्वारा सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। इसी के तहत भाजपा भुरकुंडा मंडल में एसटी मोर्चा के अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय चोरघरा में समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित करने को ले सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसटी मोर्चा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो व संचालन वरिष्ठ भाजपाई जगतार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, एससी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक, भुरकुंडा मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतन सिंह उपस्थित थें। कार्यक्रम के तहत समाजहित में कार्य करने वाली जनसंघ काल की समाजसेवी सिनगी देवी, जलसहिया नीतू देवी, व संगीता देवी, सुनीता देवी, मेधावी छात्रा, मोनिका कुमारी, आरती कुमारी, शांति देवी आदि को भाजपाईयों एवं चोरधरा पंचायत की पूर्व मुखिया बंदी देवी ने अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

### उपायुक्त ने डीएमएफटी की बैठक



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए । वहीं , विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। ांसद, विधायक एवं उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों, कक्षा दसवीं तथा कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत मेधावी छात्र छात्राओं हेतु डीएमएफटी मद से विशेष कोचिंग कराने, विभिन्न विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, सभी थानों के हाईवे पेट्रोलिंग/गश्ती वाहन के लिए स्ट्रेचर बेड उपलब्ध कराने, सभी थानों के लिए स्पीड गन कैमरा उपलब्ध कराने की मांग की।

# युवाओं को लगी ब्राउन शुगर की लत

## उड़ता हजारीबाग : नाबालिग भी हैं नशे की गिरफ्त में

अभय कुमार सिंह

हजारीबाग। ब्राउन शुगर की जद में हजारीबाग शहर है। शहर की संकरी गलियों में नशा बिक रहा है। पूरे जिले में इस काले कारोबार के एजेंट स्लीपर सेल की तरह फैले हुए हैं, जो नशे के बड़े तस्करों के लिए काम करते हैं। यहां की युवा पीढ़ी शराब, सिगरेट, गांजा, डेंड्राइट के साथ ब्राउन शुगर( बीएस) का भी सेवन नशे के लिए कर रही हैं जो बेहद खतरनाक है। नशे के आदी हो चुके इन युवाओं को ना भविष्य की चिंता है ना वर्तमान का डर। दुःख की बात यह है की सिर्फ युवा ही नहीं, नाबालिग भी इसकी चपेट में आने से खुद को नहीं रोक पा रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले नशे के आदि एक युवा ने आर्थिक तंगी के कारण फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी क्योकि उसे घरवालों ने पैसे देने से इंकार कर दिया था। एक्सपर्ट बताते हैं कि ब्राउन शुगर की लत दस से १२ दिनो में लग जाती है। छोटी सी पुडिया के लिए हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं।




### एक पैकेट ड्रग्स की बनती है 600 पुड़िया

ड्रग्स के धंधे में फायदे ही फायदे हैं। तभी इस धंधे में नशे के दलदल में फंस चुके युवक आसानी से आ जाते हैं। 40 हजार रुपये में मिलने वाले एक पैकेट ड्रग्स की लगभग 600 पुड़िया बनती है और प्रत्येक बड़ी पुड़िया 400 रुपये में बिकती है। यानी 40 हजार का माल 2.50 लाख रुपये में बिकता है। इतना ही छोटे डीलरों से माल खरीदने वाले पेडलर उसमें मिलावट कर कम कीमत में उसे बेच देते हैं। एक बड़ी पुड़िया को दो पुड़िया बनाकर भी बेचा जाता है। पुलिस तंत्र फेल होने के कारण ड्रग्स के कारोबारियो के लिए हजारीबाग आरामगाह बन गया है। सदर थाना, मुफ्फसिल, लोहसिंघना और बड़ी बाजार थाना, कोर्रा टीओपी के आसपास से लगातार नशे के सामानों की बिक्री की खबरें आती रहती हैं। पुलिस कुछ मौको पर कार्रवाई भी करती है मगर इसे रोकने के लिए जिस ठोस पहल की आवश्यकता है वो कही नजर नहीं आती है। पुलिस का मानना है कि 70 फीसद स्ट्रीट क्राइम ड्रग्स के चलते ही होते हैं। अगर ये सही है तो ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है।

**क्राइम में भी इजाफा :** नशे में वारदात जैसे मोबाइल, चेन छिनतई, लूट, आपसी रंजिश में झगड़ो की खबरें आती रहती है। शहर में नशा क्राइम करने की एक मुख्य वजह बनती जा रही है जिसे अभी नहीं रोका गया तो आने वाला समय भयावह स्थिति पैदा कर देगा। यहां नशे के विरोध में काम करने वाले सामाजिक संगठन और सामाजिक कार्यकर्ता, नेता मौन क्यों है ये सोचने वाली बात है। डीजे के मुद्दे पर व अन्य मुद्दों पर आमरण अनशन करने वाले हजारीबाग और इचाक के युवा इस मुद्दे पर कब आंदोलन करेंगे ये भी लाख टके का सवाल है। अगर हजारीबाग को बचाना है और अपने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना है तो यहां के आम नागरिको को नशा के खिलाफ आवाज बुलंद करना होगा।

# रामगढ़ में नक्सलियों ने दो जेसीबी व तीन ट्रैक्टर फूंके

**परसाडीह में लेवी को लेकर रविंद्र महतो कंस्ट्रक्शन के मजदूरों को पीटा**

खबर मन्त्र संवाददाता





**गोला (रामगढ़) ।** रामगढ़ जिले में एक बार फिर नक्सलियों एक बड़ी घटना को अंजाम देकर अपनी दहशत फैला दी है। नक्सलियों ने गोला थाना क्षेत्र के परसाडीह गांव में रविंद्र महतो कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यस्थल पर दो जेसीबी और तीन ट्रैक्टर फूंक डाले हैं। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि जिन लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है वे लोग पहले से ही वाह निगाह रखे हुए थे। परसाडीह गांव में पुल निर्माण का कार्य पिछले कई महीनों से जारी है।

शुक्रवार की रात जब हथियारबंद लोग वहां पहुंचे तो उन लोगों ने निर्माण स्थल पर मौजूद मजदूरों की पिटाई भी की जिससे वे घायल हो गये हैं। अपराधियों ने एक कमरे में भी आग लगा दी है, जिसमें कुछ रुपये और अन्य कागजातों की जलने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला लेवी और रंगदारी से जुड़ा हुआ है। अपने वर्चस्व को एक बार फिर कायम करने के लिए तथाकथित नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। कंपनी के मालिकों के द्वारा रंगदारी नहीं दी गई तो सुनियोजित साजिश के तहत पुल निर्माण स्थल पर हमला किया गया। तथाकथित नक्सली संगठनों के द्वारा इस इलाके में पिछले कई वर्षों में कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया गया है।

कंपनी का लगभग एक करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना रात को ही पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस सदलबल घटनास्थल पर पहुंची और रातभर जंगलों का खाक छानते रहे। लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस द्वारा वरीय अधिकारियों को भी दी गई। जिसके बाद शनिवार 10:00 बजे के करीब एसपी पीयूष पांडेय, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। साथ में इंस्पेक्टर राजेश कुमार, थाना प्रभारी सिद्धांत, एसआई विक्रमशील, मनीष कुमार, एएसआई गिरिश महतो, रामानंद सिंह आदि मौजूद थे।

**क्या कहते हैं एसपी:** घटना के संबंध में पूछे जाने पर एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि इस घटना में किस नक्सली संगठन या किस अपराधिक गिरोह का हाथ है इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

कंस्ट्रक्शन के मालिक रविन्द्र महतो से पूछे जाने पर बताया कि इस घटना को अंजाम अचानक दिया गया है। इससे पूर्व किसी नक्सली संगठन या अपराधिक गिरोह द्वारा मुझे न फोन किया गया था और न ही लेवी की मांग की गई थी। नक्सलियों द्वारा मजदूरों के साथ मारपीट किये जाने से जेसीबी चालक सुमित कुमार महतो, विरेन्द्र महतो, हेल्पर मुस्कान महतो, मोहन कुमार, ट्रैक्टर चालक गुड्डू महतो ,मजदूर सनतलाल टुडू आदि घायल हुए।

### जगरनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि

भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ जिला माली मालाकार कल्याण समिति ने दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन कर शोक व्यक्त किया है। इस दौरान समिति के लोगो ने स्व. जागरनाथ महतो के चित्र पर माल्र्यापण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर समिति के लोगों ने कहा की जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन माली समाज के लोगों काफी र्मामहत हैं। झारखंड प्रदेश में टाइगर के नाम से चर्चित स्व. जगरनाथ महतो अपने समाज के साथ-साथ हर दिल अजीज थे। शोक व्यक्त करने वालो में समिति के रामगढ़ जिला अध्यक्ष रामगढ़ पिंटू मालाकार, जिला सचिव उदय मालाकार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष परवेश मालाकार, जिला उपाध्यक्ष ड. रवि कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू मालाकार, आलोक मालाकार, सागर मालाकार, राहुल मालाकार, अनिकेत मालाकार, प्रकाश मालाकार, दिलीप मालाकार, रामकुमार मालाकार, महेश मालाकार, सुरेंद्र मालाकार, धनंजय कुमार, मालाकार, अमित मालाकार आदि शामिल थे।

### रामगढ़ में बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन

**रामगढ़।** शहर के बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास 5 अप्रैल को मंत्री श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता के द्वारा किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को बिरसा बस स्टैंड परिसर में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा सहित अन्य ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने बताया कि डीएमएफटी के तहत बिरसा बस स्टैंड का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है । जो जिले वासियों को कई सुविधाएं देगा । उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने की अपील की। बहुप्रतीक्षित बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ के जीर्णोद्धार के उपरांत यात्रियों को उपलब्ध होंगी आधुनिक सुविधाएं। यात्रियों के लिए 2 एवं बस चालकों व अन्य कर्मियों के लिए अलग से 1 डॉरमेट्री।

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता

**शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने की जरूरत : प्राचार्य**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग में शनिवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका थीम हेल्थ फोर ऑल रखा गया था। इसमें बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं को ग्रुप में विभाजित कर संदेशपरक और ज्ञानवर्द्धक रंगोली बनवाई गई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपत्ति है। स्वास्थ्य के प्रति हमें सजग रहने की आवश्यकता है। हमें सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहने की जरूरत है। इस मौके पर प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोली बनाई। इसमें प्रथम स्थान-ग्रुप एच लीडर-मोनू कुमार, द्वितीय स्थान-ग्रुप जी-लीडर लीसा कुमारी और तृतीय स्थान-ग्रुप ए- लीडर-नावेल टुडू रहे। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस मौके पर उप प्राचार्य डॉ प्रमोद प्रसाद, डीएलएड के प्रभारी विभागाध्यक्ष महेश प्रसाद, व्याख्याता अशोक कुमार सिन्हा, कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी, लीना कुमारी, दीपमाला, रचना कुमारी, परमेश्वर यादव, दशरथ कुमार, अनिल कुमार, गुलशन कुमार, जगेश्वर रजक, संदीप खलखो, रूपेश कुमार दास, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा, कश्यप कुणाल, आलोक रंजन केरकेट्टा, शिक्षकेत्तरकर्मी अंजन कुमार, पम्मी कुमारी, नंदकिशोर कुमार, अखौरी विकास कुमार, संजय कुमार, राजकुमार साव, ज्योति हेमा एक्का आदि उपस्थित थे।

# क्षत्रीय समाज को संगठित होना जरूरी : चौहान

**दहेज उन्मूलन समिति महासभा उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का 97वां अधिवेशन का शुभारंभ**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत कटियोन में क्षत्रीय दहेज उन्मूलन समिति महासभा उत्तरी छोटानागपुर झारखंड का 97वाँ अधिवेशन कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोडरमा, धनबाद आदि जिलों से क्षत्रिय बंधु शामिल हुए।आगन्तुक अतिथियो का स्वागत अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने माल्यार्पण कर स्वागत किया । साथ हीं बरही डूमरडीह होते हुए कार्यक्रम स्थल कटिऑन पहुंचकर कार्यक्रम की शुरूवात झंडोतोलन के साथ किया गया।अध्यक्ष एवं संरक्षक के साथ-साथ क्षत्रिय बंधुओं के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।

साथ ही तीन दिवसीय अधिवेशन के कार्यकारी अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह को नियुक्त किया गया और उन्हें पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ हीं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह एवं क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह संरक्षक अवधेश कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष राज सिंह चौहान एवं समस्त पदाधिकारियों को पगड़ी एवं माला बनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि क्षत्रिय महासभा के उत्थान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। युवा अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने क्षत्रिय समाज के सभी लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि आज वक्त आ गया है कि संपूर्ण क्षत्रिय समाज एक मंच पर आकर संगठित हों। ताकि समाज की एकता व अखंडता बनाकर इसे नया अध्याय बना सकें। इस दौरान उन्होंने समाज में फैल रही कुरीतियों पर अंकुश लगाने और समाज को संगठित करने पर, दहेज मुक्त समाज एवं मृत्यु भोज जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाज से दूर किये जाने की बात कही। मौके पर बिहार के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष गोपाल सिंह, युवा प्रमंडलीय अध्यक्ष राज सिंह चौहान, संरक्षक अवधेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, तीन दिवसीय कार्यक्रम के अध्यक्ष पत्रकार अनुज कुमार सिंह, व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष सिद्धेश्वर सिंह, सचिव बसंत सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह, संरक्षक लक्ष्मी नारायण सिंह, सदस्य दिगंबर सिंह, सुजीत सिंह, कृष्णा सिंह, मिथलेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, टीचर संजय सिंह, संजय सिंह, रामलखन सिंह, कन्हाय सिंह, सुखदेव सिंह, रविंदर सिंह, मंटू सिंह, केदार सिंह, जगदीश सिंह, उमेश सिंह, दिनेश्वर सिंह, उदय प्रताप सिंह, रामचंद्र सिंह, इशो सिंह, सतेंद्र सिंह, प्रभु नारायण सिंह, कैलाश पति सिंह, बिनोद सिंह, त्रिभुवन सिंह, राकेश सिंह, भोला सिंह, शम्भू सिंह, मनोज सिंह, शैलेश सिंह, सकलदेव सिंह, प्रमोद सिंह, बच्चू सिंह, प्रदुमन सिंह, अजय सिंह, देवेंदर सिंह, मिथिलेश सिंह शामिल है।

## एक नजर में

### संजय मेहता ने मुख्यमंत्री एवं डीजीपी को लिखा पत्र, निर्दोष व्यक्तियों के नाम हटाएं

हजारीबाग। बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं सोशल एक्टिविस्ट संजय मेहता ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पुलिस महानिदेशक, पुलिस उप महानिरीक्षक, हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से संजय मेहता ने हजारीबाग, कोर्रा थाना कांड संख्या 53/23 की निष्पक्ष अनुसंधान करने की मांग की है। संजय ने पत्र में लिखा है कि कांड संख्या 53/23 में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 120 (इ), 186, 188, 153 (अ), 294, 295 (अ), 341, 342, 323, 324, 325, 307, 332, 333, 353, 504, 506. मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 52, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 की धारा 5, द बिहार कंट्रोल ऑफ द यूज एंड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट 1955 की धारा 2 के तहत यह मामला दर्ज किया गया है। जिसमें 29 नामजद अभियुक्त बनाए गए हैं। 0150-200 अन्य अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस प्राथमिकी में जिस घटना का उल्लेख किया है उस घटना के दौरान जो व्यक्ति वहाँ मौजूद भी नहीं थे उनका नाम भी इस प्राथमिकी में जोड़ दिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस पूर्वाग्रह से प्रेरित होकर इस तरह की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने जो आरोप लगाएं हैं वे भी बेबुनियाद हैं।

### बगजोबरा में दिशोम बाहा महोत्सव धूमधाम से मना



चरही। चुरचू पंचायत के ग्राम बगजोबरा में दिशोम बाहा महोत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया ।जिसके मुख्य अतिथि पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति व विशिस्ट अतिथि चुरचू मुखिया पूनम बेसरा ,आंगो मुखिया सितामुनी देवी व दिगवार मुखिया महेंद्र मुर्मू थे ।आदिवासी युवा युवतियों ने ढोल मांदर से पारंपरिक नृत्य व संगीत से अतिथियो का स्वागत किया गया ।मौके पर बाहा महोत्सव के मुख्यातिथि पूर्व जिप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि दिशोम बाहा आदिवासियों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है। जो प्रकृति प्रेमी ,जंगलो ,पहाड़ों ,नदी -नालों को ईश्वरीय देन मानकर पूरे प्रकृति को सम्मान देते हैं ।वर्तमान पीढ़ी को इससे बरकरार रखने की जरूरत है ।चुरचू मुखिया पूनम बेसरा ने कहा कि आदिवासियों को अपनी धर्म ,भाषा संस्कति को बरकरार रखने की जरूरत है ।आंगो मुखिया सीतामुनि देवी ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को अपना भाषा व संस्कृति पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दिशोम बाहा नृत्य व संगीत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीमो को सम्मानित किया गया ।इस दिशोम बाहा महोत्सव में बाहा नृत्य व संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दस टीमो ने भाग लिया ।जिसमें प्रथम जाहेर मारसल युवा क्लब नरान ,द्वितीय बालीडीह व तृतीय कजरी को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बाहा महोत्सव को सफल बनाने में बाहा महोत्सव के अध्यक्ष गुरुदयाल हँसदा ,सचिव - सहदेव किस्कु व कोषाध्यक्ष आनंद सोरेन ,संरक्षक सह नायके लालजी मांझी , लाजरुष सोरेन रामकिशोर मुर्मू ,महादेव सोरेन सहित अन्य लोग शामिल थे।

### डीवीसी के खिलाफ बेमियादी अनशन खत्म



विष्णुगढ़ । विस्थापित संघर्ष मोर्चा द्वारा डिवीसी के खिलाफ बेमियादी अनशन के पांचवें दिन समाप्त हो गया ।अनसन करियों और डीवीसी प्रबंधक के विच वार्ता के बाद अनशन समाप्त कराया गया । विदित हो की पूर्व में भी कई बार विस्थापितों द्वारा अपने मांग को ले अनशन और धरना प्रदर्शन किया गया था जिसके बाद विभाग धरना प्रदर्शन करने वालों को लॉली पॉप दे कर धरना प्रदर्शन समाप्त करवाया था। विदित हो की कई बार विभाग झूठा आश्वासन और दिलासा दिया है लेकिन विस्थापितों की मांग आज तक जस का तस है। कोनार डैम से ग्रामीणों को नावाटांड में ला कर दशकों पूर्व बसाया गया है। नीवर्तमान विधायक टेकल महतो भी मामले पर डिवीसी से वार्ता हुई थी लेकिन उस वक्त स्कूल व एक दो तालाब व कुंवा की व्यस्था दी गई। पुनः ग्रामीणों द्वारा आंदोलन हुवा उस वक्त भी बीच में हीं आंदोलन तुड़वाया गया. पुनः इस बार विस्थापितों को पांचवे दिन डिवीसी के आश्वासन के बाद अनसन खत्म हो गया।

### मेड़कुरी : सिवाने नदी पर बनेगा पुल

दारू। दारू प्रखंड के मेड़कुरी सिवाने नदी पर छह करोड़ पचास लाख की लागत से पुल निर्माण की स्वीकृति मिली है। पूल निर्माण की स्वीकृति मिलने की खबर मिलते ही मेड़कुरी जिनगा करियातपुर इचाक आदि क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस नदी पर बना वर्तमान पूल काफी संकरा और जर्जर है, पूल के दोनो तरफ सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए लगाए गए छोटे खंभे काफी जर्जर थे। इस कारण इस पूल में कई लोगो ने सड़क हादसों में अपनी जान गावां दी है ।यह पूल दारू और इचाक प्रखंड को सीधे जोड़ता है जिस कारण इस रास्ते से रोजाना काफी संख्या में लोगों का आना जाना रहता है। इस पूल के निर्माण की मांग के लिए ग्रामीणों ने सांसद जयंत सिन्हा , सदर विधायक मनीष जायसवाल, जिला पार्षद गीता देवी से मिलकर बनवाने का आग्रह किया। जिला पार्षद के विशेष आग्रह पर सदर विधायक ने कुछ माह पूर्व इस पुल का निरीक्षण कर जल्द स्वीकृति दिलाने की बात कही थी जिसके बाद उन्होंने कई अधिकारियों से मिलकर पूल की स्वीकृति का आग्रह किया था। दारू प्रखंड की जिला पार्षद गीता देवी ने पूल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर कहा कि इसके लिए उनके द्वारा किया प्रयास सार्थक रहा उन्होंने सदर विधायक के साथ सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों का आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि पुल का निर्माण होना अत्यंत जरूरी था। इस पुल से गिरकर कई लोगों की मौत पूर्व में हो चुकी है जिससे उन्हें काफी पीड़ा होती थी ।

### टाटीझरिया में 23 वाहनों से 11500 रुपये कटा चालान

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया पुलिस के द्वारा अभियान चलाकर कुल 23 वाहनों से 11 हजार 500 रुपए का चालान काटा गया है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार देर शाम टाटीझरिया थाना के सामने एनएच-522 पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 23 वाहन चालकों के चालान काटे, साथ ही 11 हजार 500 रुपए का चालान काटा है। उन्होंने बताया कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जगह-जगह चेकिंग पाइंट लगाकर पुलिसिया कार्रवाई की जा रही है।

### विवि टीम ने जेएम कॉलेज का किया निरीक्षण



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर भुरकुंडा जेएम कालेज भुरकुंडा में झारखण्ड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची की टीम ने अध्ययन केन्द्र खोलने हेतु कॉलेज की विधि-व्यवस्था का शनिवार को भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण में आए यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने सभी संसाधनों का बारीकी से अध्यन किया। साथ ही मौजूद संसाधनों के प्रति संतुष्टि जताई। मौके पर पदाधिकारियों ने कहा की कलेज में अध्ययन केन्द्र की शुरूआत करने के लिए व्यवस्थित संसाधनों का निरीक्षण किया गया है। अध्ययन केन्द्र के लिए मौजूद व्यवस्था बेहतर है। अप्रैल माह के अन्तिम सप्ताह में यहां अध्ययन केन्द्र खोलने को ले सभी प्रक्रियाएं पुरी कर ली जाएगी। इससे पूर्व कलेज के प्राचार्य ड विद्यानंद तिवारी ने निरीक्षण में पहुंचे यूनिवर्सिटी के समन्वयक प्रो.प्रेम सागर केसरी और विकास कुमार मौर्या को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## स्पीड न्यूज

### सरना समिति की बैठक 14 अप्रैल को बामदा गांव में मेला स्थल पर

**गुमला।** सरना समिति गुमला जिला के द्वारा सरना स्थल घेराबंदी एवं जिला में पूर्ण शराब बंद लागू करने की मांग को 14 अप्रैल को बामदा गांव मेला स्थल पर बैठक का आयोजन किया गया है। पूर्व में पदयात्रा का कार्यक्रम निर्धारित था। जिसे स्थगित कर दिया गया है। क्योंकि 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती होने से सरकारी छुट्टी है। इस कारण से पदयात्रा को स्थगित किया गया है। जिसके लिए समय और तिथि का निर्धारण 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली बैठक में किया जायेगा।

### केंद्र सरकार के नीतियों के कारण देश में महंगाई चरम पर : अरुण पांडेय



**घाघरा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के नेतृत्व में शनिवार को घाघरा जग बगीचा साप्ताहिक हाट में जय भारत सत्याग्रह पर नुक्कड़ सभा की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक के मुख्य गेट के समीप से बैनर और झंडे लेकर कांग्रेसी जुलूस की शक्ल में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जग बगीचा स्थित साप्ताहिक हाट पहुंचे। जहां नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार के कार्यकाल में महंगाई पूरे देश में बढ़ती जा रही है। जिसके कारण जनता त्राहिमाम कर रही है। मौके पर बिष्णु राम, दिलबहार अंसारी, शहजाद खान,अशोक उरांव,ऑगस्टिन महेश कुजूर, राजीव उरांव, रमेश जायसवाल, रामवृत उरांव सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### भाजयुमो और ओबीसी मोर्चा के नेतृत्व में चलाया गया सफाई अभियान



**कुडू।** भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नवीन कुमार चुन्नू एवं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरजू कुमार साहू के संयुक्त नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के हेंजला कालीपुर एवं नावाटांड मे प्रदेश एंव जिला द्वारा निर्देशित कार्यक्रम किया। गया जिसमें हेंजला शिव मंदिर परिसर का सफाई एवं छठ घाट की सफाई की गयी। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, नंदकिशोर यादव, युवा मोर्चा मंत्री मुन्ना यादव, पप्पू यादव, राजू साहू, सुरेश राम, दीपक राम, अशोक साहू एवं आनंद साहू उपस्थित थे।

### भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के अध्यक्ष बनाये गये संदीप रविदास



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो रविदास मुहल्ला स्थित आंगनबाड़ी के पास पूर्व वार्ड पार्षद ब्रजेश रविदास की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें आनेवाले 14 अप्रैल दिन शुक्रवार को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष संदीप रविदास, उपाध्यक्ष विनोद रविदास, सचिव ब्रजकिशोर राम, सह सचिव मुन्ना राम, कोषाध्यक्ष अमित गडेरी एवं दुर्गा राम सह कोषाध्यक्ष दीपक राम को बनाया गया।

### बालाजी माइंस में पीएलएफआई उग्रवादियों ने मचाया तांडव



**कुडू/लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र में फिर से एक बार उग्रवादियों ने तांडव मचाया है। कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू बालाजी माइंस में बीते मध्य रात्रि आधा दर्जन की संख्या में नकाब पहन कर हथियार से लैस माइंस में खड़ी पोकलेन और लाल पुंडरीक नाथ शाहदेव के क्रेशर पर रखी डीजी जनरेटर को आग लगा दी। सूचना पर कुडू थाना प्रभारी बिस्वजीत कुमार सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कुछ महीने पहले भी पीएलएफआई उग्रवादियों ने बालाजी क्रेशर पर पोस्टर चिपकाया था। जिस मामले में गिरफ्तारी भी हुई थी।

### बड़ागाईं : घर में लगी आग से भारी क्षति



**भंडरा।** थाना क्षेत्र के बड़ागाईं निवासी अनुप हजाम पिता स्व प्रकाश ठाकुर के घर बीती देर रात 10 बजे घर में आग लगने से हजारों का नुकसान हो गया। आग से सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। इतना ज्यादा नुकसान होने से घर की महिलाओं, परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। घर के मालिक अनुप हजाम ने बताया कि गत देर रात 10 बजे सभी सदस्य खा कर सो रहे थे। इसी दरम्यान घर में अचानक आग लगी है। घर मे धुइं होने से घर के सदस्यो में अफरा-तफरी मच गयी और सभी सदस्य जैसे तैसे घर से बाहर निकल गये। उन्होंने कहा कि आगजनी इतनी तेज थी की आग से कच्चे मकान के भीतर रखा पूरा सामान राख हो गया। मुखिया कइली उरांव ने कहा कि बच्चों के तमाम अकादमिक दस्तावेज सहित अन्य सामान राख हुआ है। हजारों का नुकसान है। प्रशासन गरीब परिवार को घर बनाने में मदद करे और पीड़ित परिवार को भी मुआवजा देने के लिए कदम उठाये।

### भाजपा ने जन समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्ष किया : बालमुकुंद सहाय



**लोहरदगा।** भाजपा 11 अप्रैल झारखंड सचिवालय घेराव हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम के निमित्त बैठक बक्सीडिप्पा स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, बबन गुप्ता एवं माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद्र प्रजापति उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत पार्टी के संस्थापक के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन व वंदे मातरम गीत के साथ में की गई। बैठक में 11 अप्रैल के कार्यक्रम की तैयारी की समिक्षा की गयी। बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए बालमुकुंद सहाय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जन समस्याओं को लेकर हमेशा से संघर्ष करती रही है। झारखंड में जिस प्रकार से भ्रष्टाचार और असुरक्षा व तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा दिया है जिससे पूरे प्रदेश की जनता त्रस्त है।

# आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है सरहुल : अवध मनी पाठक

➲ **घाघरा के चुंदरी करंजटांड़ में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती युवतियां और कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चुंदरी करंजटांड़ में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, प्रोफेसर अवध मनी पाठक, विशिष्ट अतिथि, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे, अतिथि घाघरा थाना एसआई निर्मल महतो, चपका मुखिया आंगनी उरांव,चुंदरी मुखिया विनीता कुमारी शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सभी राजस्व ग्राम के पहानों की अध्यक्षता कर रहे हैं पहान विष्णु उरांव व रूद्र पहान के द्वारा पूजा अर्चना करके सामूहिक प्रार्थना कर किया गया। वहीं कार्यक्रम में 19 खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा से सुशोभित होकर मंच के समीप नृत्य गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर अवध मनी पाठक ने कहा कि सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन होने से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिल रहा है। जिसे हमें बनाये रखने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि सरहुल हमारा प्राकृतिक पर्व है। जिसे संजोय कर रखने की जरूरत है। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि हम आदिवासी प्राकृतिक की उपासना करते हैं। हमें जल, जंगल, जमीन की संरक्षण करने की जरूरत है। हमारे पूर्वजों के द्वारा दिया गया नृत्य, संगीत, कला, संस्कृति, धरोहर जिसका संरक्षण की जरूरत है, ताकि आने वाले पीढ़ी इसे जान सके। थाना के एसआई निर्मल महतो ने कहा कि युवा वर्ग नशा छोड़कर शिक्षा को बढ़ावा दें और अपना परिवार एवं देश का नाम रोशन करें। वही कार्यक्रम में खोड़हा दलों को गैस चूल्हा, नाद, झंझरा देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया

**ये भी थे उपस्थित :** कार्यक्रम में उपस्थित, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, उप मुखिया अजीत मनी पाठक, वार्ड सदस्य सूगा उरांव, मन्मथ देवी, रीमा उरांव, सुनीता उरांव, अलका ठाकुर, अनिल भगत, शीतल उरांव, मुनेश्वर उरांव, पंचायत समिति सदस्य सुचिता देवी, प्रधान उरांव, ग्रामीण राम कुमार भगत, जॉर्ज मनी देवी, फुल कुमारी देवी, सतीश उरांव, सुरेंद्र यादव, संजेश उरांव, विनोद भगत, संजय ठाकुर, कैलाश महतो, राजेश मनी पाठक, नीलेश मनी पाठक सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

इसके पूर्व अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक ले जाया गया जहां अंगवस्त्रम व आम का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

कृषि व वनोपज आधारित जीविकोपार्जन विषय पर कार्यशाला में **बोले डीएफओ**

# वनोत्पाद का लाभ वन से जीवन जीनेवालों को मिले

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यशाला में वनोत्पाद पर लगे स्टॉल का निरीक्षण करते अतिथि।

**गुमला।** कृषि व वनोपज आधारित जीविकोपार्जन विषय पर शनिवार को कार्तिक उरांव महाविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का डीएफओ बेलाल अहमद, एसडीओ रवि जैन, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मौके पर डीएफओ बेलाल अहमद ने कहा कि वनोत्पाद का शत-प्रतिशत लाभ वनोत्पाद पर जीविकोपार्जन करने वाले लोगों को देना कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वनोत्पाद करने वाले लोगों को उनके मेहनत का फल नहीं मिल पाता है। सरकार की मंशा है कि वनोत्पाद पर जीविकोपार्जन करने वाले लोगों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराकर उनके आर्थिक स्थिति में सुधार करना। वनोत्पाद से लाभ मिलने पर ग्रामीणों का वन से लगाव बढ़ेगा और वन भी सुरक्षित रहेंगे। एसडीओ रवि जैन ने कहा कि वनों उत्पाद पर जीविकोपार्जन करने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। उनके उत्पाद का लाभ बिचौलिये ले जाते हैं। जिसमें सुधार को लेकर कार्य किया जा रहा है। कहा कि सरगुजा, चिरौंजी, महुआ, गोंदली, लाह आदि बाजार में महंगे दामों में बिकते हैं। लेकिन उत्पादन करने वाले किसान लाभ नहीं उठा पाते हैं।

# लोहरदगा : भंडरा के बंडा पतरा टोली में पीएलएफआइ उग्रवादियों का तांडव

➲ **मजदूरों को पीटा, छीने मोबाइल, काम बंद करने की दी चेतावनी, छोड़ा पर्चा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के नंदनी नदी से नदी नगड़ा तक बाया मुख्य नहर के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ बीती रात मारपीट कर काम बंद करने अन्यथा बुरा अंजाम भूगतने की चेतावनी उग्रवादियों द्वारा दी गई है। इस क्रम में उग्रवादी मजदूरों का सात मोबाइल छीन कर अपने साथ ले गए। घटना के संबंध में कार्यस्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि रात में 10:30 बजे के आसपास मोटरसाइकिल में 6 उग्रवादी राइफलनुमा बड़े हथियार लेकर आये। मजदूरों के रहने वाले जगह पर लगभग 50 मजदूर थे।



भुक्तभोगी मजदूर।

**खास बातें :** सभी मजदूरों के साथ मारपीट किए और मजदूरों का मोबाइल छीन लिया। हथियारबंद उग्रवादियों ने नहर निर्माण में काम नहीं करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दिया कि अगर नहर निर्माण में काम किया तो बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा। उग्रवादियों ने एक पर्चा भी मजदूरों को दिया। जिसमें ठेकेदार से लेवी की मांग की गयी है। पर्चा में कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान पीएलएफआई लिखा हुआ है। उग्रवादियों द्वारा दिया गया पर्चा पुलिस अपने कब्जे में ले ली है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि नंदनी नदी से नदी नागड़ा तक नहर निर्माण कार्य में लगे मजदूरो के पड़ाव स्थल में अपराधी आये थे। मजदूरों के साथ मारपीट कर मोबाइल छीनकर ले गये हैं।

**56 करोड़ की लागत से लॉडज कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है कार्य :** जल संसाधन विभाग के द्वारा नाहर का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। नहर निर्माण का कार्य लॉडज कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है । यह कार्य 56 करोड़ की लागत से की जा रही है।

**लंबे समय के बाद उग्रवादियों ने दर्ज करायी अपनी उपस्थिति :** उग्रवादियों द्वारा निर्माण स्थल में किये जा रहे विकास काम को लेवी के लिए रोक लगाने की घटना के बाद भंडरा थाना क्षेत्र में उग्रवादी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दिए।लंबी चुप्पी के बाद उग्रवादियों की उपस्थिति का क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

### छोटानागपुरिया तेली उत्थान समिति गुमला की बैठक आज

**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समिति गुमला की बैठक 9 अप्रैल को बड़ाईक मुहल्ला स्थित समाज के कार्यालय में आहुत की गई है। बैठक में समाज के लोगों से प्राप्त सामाजिक व वैवाहिक समस्या का समाधान किया जायेगा। वहीं बैठक में पिछड़ी जाति के आरक्षण को लेकर भी विशेष चर्चा की जाएगी। बैठक में समाज के सभी ईकाई के सदस्यों से भाग लेने की अपील की गयी है। जानकारी समाज के जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर साहू ने दी।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर दी गयी श्रद्धांजलि

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने इसे शिक्षा जगत में अपूर्णीय क्षति बताया। इस दौरान दैनिक वंदना स्थगित कर दी गई तथा सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### 14 से चैनपुर प्रखंड से शुरू होगी हालात बदलो संदेश यात्रा

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल का संयुक्त रूप से चल रहे लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में हालात बदलो संदेश यात्रा 14 अप्रैल 2023 से गुमला विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड से शुरू की जायेगी। संदेश यात्रा के तहत सभा आयोजित की जायेगी तथा सभा में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कालाबाजारी, गुमला को रेल लाइन से जोड़ने, गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर एल्यूमीनियम कारखाना का निर्माण, कृषि आधारित रोजगार का सृजन करने, मानव तस्करी, पलायन, विकास के नाम पर मची लूट के अलावे परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का के गृह अनुमंडल क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को उठाया जायेगा। जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

### ग्रामीणों ने बीडीओ से मुलाकात कर की खराब पड़े चापाकल व जलमीनार को दुरूस्त करने की मांग

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के आदर पंचायत के इटकिरी गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप से मुलाकात कर गांव में खराब पड़े चापाकल व जल मीनार की मरम्मत कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा है कि ईटकिरी गांव में लगभग सभी चापाकल व जलमीनार खराब है। जिससे लोगों को पीने के पानी के अलावे दैनिक उपयोग के लिए पानी की काफी किल्लत हो रही है। लोग दूर दूर जाकर पानी ला रहे हैं जबकि चापाकल व जल मीनार को बनाने से सभी लोगों की समस्या दूर हो जायेगा। आवेदन में ग्रामीणों ने खराब पड़े चापाकल व जलमीनार के स्थान का भी जिक्र किया है। जिसमें ईटकिरी अखाड़ा, ईश्वर भगत के घर के पास, आंगनवाड़ी के पास, पवन साहू के घर के पास, राम केश्वर भगत के घर के पास, सागर महली के घर के पास, सोमा उरांव के घर के पास के चापाकल व जल मीनार खराब है।

# किसी पार्टी के लिए सर्वोपरि हैं कार्यकर्ता : नीरु शांति भगत

›› **आकाशी पंचायत में आजसू पंचायत का किया गया पुनर्गठन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** आजसू पार्टी के सुप्रिमो सुदेश महतो के दिशा निर्देश पर पार्टी को जिले के सभी पंचायतों में कमेटी का विस्तार किया जाना है। जिसके तहत शनिवार को भंडरा प्रखंड के आकाशी पंचायत में पार्टी की बैठक कर पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमे पंचायत कमेटी के अलावे अल्पसंख्यक मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, छात्र संघ, महिला मोर्चा, बुद्धजीवी मोर्चा, आदिवासी मोर्चा आदि का विस्तार किया गया। मौके पर आजसू नेत्री नीरु शांति भगत ने अपने संबोधन में सभी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजसू पार्टी प्रखंड से लेकर पंचायत और पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक अपना संगठन को मजबूत करेगी। इसलिए आज आप सबों के कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेवारी दी गयी है।

# बिशनपुर विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि बने संजय

›› **कार्यकर्ताओं ने दी बधाई**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** बिशनपुर विधानसभा के विधायक चमरा लिंडा ने बेलागड़ा ग्राम निवासी संजय उरांव को विधानसभा का विधायक प्रतिनिधि बनाया है। इस संबंध में विधायक ने पत्र जारी किया। इस क्रम में विधायक प्रतिनिधि संजय उरांव ने शनिवार को घाघरा प्रखंड मुख्यालय कार्यालय परिसर स्थित कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण किया। वहीं लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय उरांव ने कहा कि विधायक द्वारा जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गयी है। मैं उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करुंगा। क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर उसे बेहतर प्लेटफार्म तक पहुंचाने का कार्य करूंगा ताकि उसका निराकरण जल्द से जल्द कराया जा सके। ग्रामीण किसी भी समस्या की बाबत जानकारी हमें दें।

# चैनपुर बस स्टैंड के समीप पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**कई वाहनों को किया जब्त**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने मुख्यालय के बस स्टैंड के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें रास्ते से गुजरने वाली सभी छोटे बड़े वाहनों के कागजात, हेलमेट, सीटबेल्ट, ट्रिपल लोडिंग इत्यादि की जांच की गयी।

जांच के दौरान बिना हेलमेट के चलने लोगों के वाहनों को जब्त किया गया है। मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि गुमला एसपी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोगों से अपील की जा रही है वे मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें एवं नशापान कर वाहन न चलायें, अन्यथा पकड़े जाने पर वाहन को जब्त किया जायेगा।

### सिसई : फांसी लगाकर आत्महत्या

**सिसई।** थाना क्षेत्र के पोड़हा निवासी प्रदीप साहू (45) ने बीते शुक्रवार रात अपने कमरे के छत में लगे लकड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि मृतक मानसिक रोगी था। जानकारी के अनुसार रात में खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया और कमरे में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतक के पिता बुधवा साहू ने सिसई थाना में यूडी केस दर्ज कराया है। वहीं शव को सिसई पुलिस अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

# मारपीट के दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** बदला ग्राम में मारपीट के आरोप पर सेन्हा थाना पुलिस संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर दो नामजद युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में आइसक्रीम बेचने के दौरान किसी बात को लेकर आइसक्रीम वाले से दोनो युवक का कहा सुनी हुआ और विवाद बढ़ गया, उसी दौरान आइसक्रीम वाले के साथ स्थानीय दोनों युवक मारपीट करने लगे जिसकी सूचना सेन्हा थाना को देर शाम देते हुए वर्तमान सेरेंगहातू निवासी मोहादिन अंसारी के पुत्र समीम अंसारी (35) द्वारा दो नामजद नितेश कुमार श्रीवास्तव एवं सुकेन्द्र उरांव के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए कानूनी कारवाई हेतु सेन्हा थाना में गुहार लगाया। थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि मारपीट मामला का आवेदन प्राप्त होते ही कांड संख्या 43/23 दर्ज कर धारा 341, 323, 504, 506, 295 ए,34 भादवि के तहत त्वरित कारवाई की।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुई साइकिल रैली और विचार गोष्ठी

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी : एसडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

**लोहरदगा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन एमएलए कॉलेज लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साइकिल रैली के साथ किया गया, जिसे अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने झंडा दिखला कर रवाना कराया।

एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने कहा की समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना ही इस रैली का उद्देश्य है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस रैली के माध्यम से समाज में स्वस्थ रहने का अच्छा संदेश देने का कार्य किया है। साइकिल रैली एमएलए कॉलेज से निकलकर न्यू रोड, पावरगंज, अमला टोली, बड़ा तालाब, अपर बाजार, महावीर चौक, बरवा टोली चौक होते हुए पुनः एमएलए कॉलेज में पहुंचकर विचार गोष्ठी के रूप में हुआ। रैली का नेतृत्व स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी कर रहे थे। गोष्ठी में डॉ गणेश प्रसाद ने बतलाया कि स्थापना के 75वें वर्ष में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बार विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सबके लिए स्वास्थ्य घोषित किया। इसके लिए शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज को भी स्वस्थ होना होगा। राज्य भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन भी स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूकता एवं सहायता प्रदान कर रहा है।

**खास बातें :** कार्यक्रम का संचालन सचिव अरुण राम एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो स्नेह कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ संजय प्रसाद, डॉ राजेश कुमार, सिटी मैनेजर विजय कुमार, कार्य कारिणी सदस्य प्रो स्नेह कुमार, जगतपाल केसरी, आलोक कुमार, ओम प्रकाश कसेरा, संतोष कुमार यादव, टीनू साव, मुरारी गोस्वामी, राजकुमार अग्रवाल, बी के बड़ाईक, रुणा कुमारी, गीता कुमारी, अवध किशोर मिश्र, शशि कुमारी, नीति भारतीय, रूबी जयसवाल सहित छात्र छात्राएं उपस्थित होकर महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# पुस्तकालय आकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं पुस्तक प्रेमी : बीडीओ

➲ **चैनपुर में नवनिर्मित पुस्तकालय के संचालन को लेकर बीडीओ ने की बैठक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में जानकारी देते बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह व अन्य।

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कौशल विकास केन्द्र में नवनिर्मित पुस्तकालय के संचालन को लेकर चैनपुर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई । जिसमें प्रखंड के लोग सहित सभी जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में ब्लॉक परिसर स्थित पुस्तकालय से लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले उसको लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं बीडीओ डा शिशिर कुमार सिंह ने बताया कि पुस्तकालय चालू होने से यहां के जितने भी पुस्तक प्रेमी हैं वो यहां आकर अपनी पढ़ाई कर सकते हैं। बहुत जल्द ही उपायुक्त के चैनपुर आगमन पर पुस्तकालय भवन का नामकरण किया जाएगा। वहीं चैनपुर मुख्यालय के सभी जनप्रतिनिधि एवं आम लोगों के साथ बैठक कर पुस्तकालय के सफल संचालन के लिए एक कमिटी का गठन किया जाएगा जो सभी लोगों को पुस्तकालय संबंधी जानकारी एवं नामांकन प्रक्रिया की जानकारी दे सकेंगे। बैठक में मुख्य रूप से चैनपुर अंचलाधिकारी गौतम कुमार, कॉलेज के सहायक शिक्षक अमित कुमार उपप्रमुख प्रमोद खलखो, सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं चैनपुर के ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## चौकीदार के हत्या का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**कांडी।** थाना क्षेत्र के जमुआ गांव से कांडी पुलिस ने चौकीदार बसंत पासवान के हत्या मामले में चार वर्षों से फरार एक प्राथमिकी अभियुक्त रविंद्र राम को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए कांडी थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि 16 मार्च 2018 को कांडी थाना में दर्ज कांड संख्या 32 मामले में आईपीसी की धारा 341/323/307 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त रविंद्र राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे गढ़वा भेज दिया गया है।

## मारपीट में वृद्ध घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के ग्राम खजुरी निवासी स्व. फागु मेहता के 63 वर्षीय पुत्र शिवनाथ मेहता को पड़ोसी द्वारा ईंट पत्थर से मारकर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। घायल शिवनाथ मेहता को परिजनों ने रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया।

## श्री बालाजी खादी भंडार का उद्घाटन

**गढ़वा।** शहर के थाना के सामने जिला परिषद मार्केट में शनिवार को श्री बालाजी खादी भंडार का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन गढ़वा नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, पूर्व सांसद घूरन राम, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित तथा फीता काटकर किया।

## आधुनिक सामुदायिक जिम का उद्घाटन

**चतरा।** राज्य के मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता ने शनिवार को चतरा शहर के गन्दौरी मंदिर के समीप जलछाजन भवन में नवनिर्मित आधुनिक सामुदायिक जिम जल छाजन भवन चतरा का फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। जिला प्रशासन चतरा द्वारा अधिष्ठापित आधुनिक सामुदायिक जिम जल छाजन भवन चतरा के संचालन हेतु विकास केशरी को नियुक्त किया गया है।

## जनता दरबार के माध्यम से सुनी गयीं आमजनों की समस्याएं

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने की बात कही।

## दो वर्ष बाद घर लौटा मजदूर प्रयाग

**इटखोरी।** प्रखंड के हुरनाली गांव का रहने वाला प्रयाग भुइयां केरल तथा स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से दो वर्ष के बाद सकुशल अपने घर वापस आ गया है। उसके घर वापस आने पर परिजनों ने खुशी जाहिर की है। प्रयाग ने बताया है कि वह दो वर्ष पूर्व अपने साथी मजदूरों के साथ मजदूरी करने के लिए केरल गया था। इसी दौरान उसकी याददाश्त चली गई। केरल में यहां वहां भटकता हुआ देखकर वहां की पुलिस ने प्रयाग को किसी सेवा आश्रम को सुपुर्द कर दिया था।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** सीसीए कार्यक्रम के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्ग 6 से 8 तक के इस प्रतियोगिता में आकाश हाउस को प्रथम, पवन हाउस को द्वितीय और पानी हाउस को तृतीय स्थान मिला, जबकि धरती हाउस चौथे स्थान पर रहा। वहीं विजेताओं को विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा एवं प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों को बधाई दी। मौके पर अनमोल रतन, संजय कुमार, आशुतोष गौतम, सुभय कुमार, रजनी बाला, रमेश कुंज समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# क्राइम मीटिंग में एसपी बोले, सभी फरार वारंटियों को शीघ्र पकड़ें, केस सुलझायें

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग (मासिक अपराध गोष्ठी) का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एसपी ने थानावार विभिन्न प्रकार के दर्ज कांडों की समीक्षा करते हुए लम्बित कांडों को निर्धारित अवधि के अंदर निष्पादित करने, फरार वारंटियों और कांडों के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने, नियमित रूप से गश्ती करने, सूचना तंत्र को मजबूत रखते हुए हाल ही रिहा हुए कांडों के आरोपियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने आदि का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि अपनी समस्याओं को लेकर थाना आने वाले लोगों की समस्याएं गौर से सुने और उनकी समस्याओं का समाधन करने का प्रयास करें। बैठक के उपरांत बीते एक माह के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में खोए हुए 10 मोबाइलों के बरामद होने पर एसपी ने मोबाइल धारकों को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर मोबाइल सौंप दिया। मौके पर एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, थाना प्रभारी द्वारिका राम समेत विभिन्न थाना के थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

## महिला सुरक्षा समिति ने चलाया जागरूकता अभियान

**डोमचांच (कोडरमा)।** महिला सुरक्षा समिति के तहत कोडरमा जिले के विभिन्न प्रखंडों में महिलाओं की सुरक्षा संरक्षण एवं अधिकार को लेकर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के तहत कोडरमा के सतगावां एवं डोमचांच के जंगली एवं सुदुरवर्ती क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला हिंसा संकल्प अभियान निकालने की तैयारी की शुरुआत की गई, साथ ही नारे लगाए गए जिसमे समाज से करें पुकार, हमें भी दो समाज में अधिकार आदि शामिल हैं। इसके अलावा नारा लगाते हुए महिला हिंसा संकल्प अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। यह अभियान जिले विभिन्न-विभिन्न गांव तक महिला सुरक्षा समिति के द्वारा चलाया जायेगा, ताकि महिलाएं हिंसा से बच सकें।

# भावुक हुए मरीज, चिकित्सकों और नर्सों को दिया आशीर्वाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला प्रशासन की पहल से जिले वासियों को लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का कार्य किया जा रहा है। चाहे सदर अस्पताल सहित सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर देना या कैंप व शिविर के माध्यम से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना। जिला प्रशासन की पहल से और इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन कर जिलेवासियों को आंख से संबंधित परेशानियों की जांच कर उसका समुचित इलाज किया जा रहा है और जिन मरीजों का मोतियाबिंद का अपरेशन किया जा रहा है, उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा में भर्ती करवा कर जिले के चिकित्सकों एवं नर्सों के द्वारा बेहतर देखभाल की जा रही है। जिले के चिकित्सकों व नर्स के द्वारा बेहतर चिकित्सा पाकर मरीजों ने अपना अनुभव साझा किया। वहीं झुमरी तिलैया के गौशाला रोड के रहने वाले सूरजदेव सिंह ने बताया कि मेरे आंख में समस्या थी, लेकिन आंख का अपरेशन होने के बाद सब कुछ अच्छा दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा बेहतर व्यवस्था सुविधा प्रदान की जा रही है। वही चंदवारा की रजिया देवी ने बताया कि मेरी आंख में बहुत समस्या होती थी, आंख लप-लपता था, लेकिन आपरेशन होने के बाद मुझे सब कुछ ठीक दिखाई दे रहा है। मरीज अपनी आंखों की रोशनी पाकर भावुक होते हुए सभी चिकित्सकों एवं नर्सों को आशीर्वाद दिया और जिला प्रशासन को धन्यवाद कहा।

## जेबीबीएनएल के निदेशक ने की विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक

**कोडरमा।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीबीएनएल) के निदेशक (कमर्शियल एंड एनर्जीघ अकाउंटिंग) मनीष कुमार कीघ अध्यक्षता में शुक्रवार को कोडरमाघ विद्युत अंचल में एक बैठकघ आयोजित की गई। बैठक में उप महाप्रबंधक तकनीकी सुधांशु, कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार, वरीय प्रबंधक तकनीकी कमलेश कुमार मीणा, वरीय प्रबंधक प्रभाकर कुमार, सहायक अभियंता पंकज कुमार मेहरा, कनीय प्रबंधक भामा पद टुड्डू, पुरन कुमार घांसी सहित अन्य उर्जा मित्र मौजूद थे। निदेशक की ओर से नए कनेक्शन के लंबित आवेदनों कोघ घटाने के निर्देश दिये। वहीं ओटीएस सिस्टम से ज्यादा से ज्यादा लोगो तक पहुंचाकर 5 करोड़ के लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

एक नजर में

## शोकाकुल परिवार से मिले सांसद, बंधाई ढांढस

**सिमरिया।** सांसद सुनील कुमार सिंह शनिवार को मुरवे गांव पहुंचे और शोकाकुल भाजपा नेता रविंद्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने उनकी पत्नी की आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया और उन्हें ढांढस बंधाया। सांसद ने कहा कि इतनी कम उम्र में अर्धांगिनी का इस प्रकार देहावसान बेहद पीड़ादायक घटना है। किंतु अगली पीढ़ी को संवारने के लिए इस घटना को सहन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने इस दुख की घड़ी में हमेशा उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह सह सांसद प्रतिनिधि की पत्नी का निधन हृदय गति रुक जाने से हो गया।

## जनसंघी नेताओं को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा सप्ताह कार्यक्रम अन्तर्गत सांसद प्रतिनिधि सह टंडवा मंडल प्रभारी ईश्वर दयाल पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय और मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने जनसंघी नेताओं को उनके घर पहुंच कर शॉल देकर सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने वालों में मुख्य रूप से सिसई निवासी पुर्व मुखिया छेदी पांडेय, युगल किशोर रजक, स्व. महेश भारतीय की पत्नी लक्ष्मी देवी, संत कुमार पांडेय, बुकरू निवासी प्रसिद्ध नारायण सिंह, सोपारम निवासी पुर्व मुखिया रघुनंदन दास थे। ये सभी जनसंघ काल में 1977 इमरजेंसी के समय पुर्व विधायक स्व. उपेन्द्र नाथ दास के साथ जेल में भी रहे थे।

## महर्षि वेद व्यास परिषद की पांच शाखाओं का पुनर्गठन



चयनित सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रांची के पुराना विधानसभा सभागार में महर्षि वेद व्यास परिषद झारखंड का प्रदेश एवं जिला स्तरीय पुर्नगठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर व महापुरूषों के चरणों में पुष्प अर्पित कर की गई। बैठक में महर्षि वेदव्यास परिषद झारखंड की सभी इकाइयों को भंग करते हुए नई समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ राज कुमार को प्रदेश अध्यक्ष एवं डॉ कुलदेव चौधरी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसके बाद बिनोद चौधरी एवं अन्य पांच सदस्यीय टीम के द्वारा मुख्य संगठन के साथ पांच शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों का चुनाव किया गया। संगठन सभी को एक साथ लेकर विकास एवं उत्थान के लिए पूरा प्रयास करेगी।

# खसरा व रूबेला टीकाकरण को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को खसरा व रूबेला रोग के रोकथाम के लिए टीकाकरण को लेकर प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड सत्यनारायण भकत ने खसरा व रूबेला बीमारी के प्रति विस्तार रूप से जानकारी दिए और कहा कि इस बीमारी के रोकथाम के लिए टीकाकरण ही एक महत्वपूर्ण उपाय है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि को इस टीकाकरण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है और कहा है कि यह एक खतरनाक रोग है और इस रोग से बचाने के लिए टीकाकरण करना अति आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि यह टीकाकरण 9 माह से ऊपर 15 साल तक के सभी बच्चों को दिया जाएगा, यह टीका इस यायुवर्ग के अभी बच्चों को बिना बिना लैंगिक, जातीय, सांप्रदायिक या धार्मिक भेद भाव के लगाया जाएगा, खसरा रुबेला का टीका पूर्ण रूप से सुरछित है एवं इसके कोई दुष्प्रभाव नही हैं। वहीं बीडीओ सह सीओ वैधनाथ उरांव ने इसके टीकाकरण सभी लोगों से कदम से कदम मिलाकर रोकने के लिए सभी बच्चों को टिका अवश्य लगवायें।

## अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के लिए बैठक



बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के लिए उपायुक्त शेखर जमुआर ने शनिवार को समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा समेत कई वरीय पदाधिकारी ने भाग लिया। साथ हीं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया। बैठक में डीसी व एसपी ने जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। साथ ही प्राथमिकता के आधार पर अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से जुड़े मामले में संलिप्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अन्य आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने बालू घाट का डीएसआर बनाने को लेकर हुए अच्छे कार्य को लेकर वन प्रमंडल पदाधिकारी समेत सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किया।

# मुखिया संघ हुआ एकजुट, रोजगार को लेकर डीसी को लिखेंगे पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** औद्योगिक नगरी टंडवा में बेरोजगार युवकों की समस्याओं को लेकर टंडवा प्रखंड के सभी मुखिया काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। इस गंभीर समस्याओं को मध्य नजर रखते हुए टंडवा प्रखंड के सभी मुखिया एकजुट होकर समस्या का निदान हेतु शनिवार को टंडवा नगर भवन में एक बैठक आयोजित किया गया।बैठक की अध्यक्षता टंडवा मुखिया संघ अध्यक्ष सुबेश राम एवं संचालन मुखिया किसुन राम ने किया।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में चतरा जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह मौजूद हुवे।इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के मुखिया मौजूद हुए।जिसमें प्रत्येक पंचायत के विभिन्न समस्याएं एवं प्रखंड में व्याप्त समस्याओं पर विशेष चर्चा परिचर्चा किया गया।बैठक में गहरा मंथन करते हुए मुख्य रुप से मगध एवं अम्रपाली जैसे सीसीएल कंपनियों से विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्रों में व्याप्त बेरोजगारी की समस्या को देखते हुए चतरा उपायुक्त एवं सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर प्रखंड मुखिया संघ के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपकर एक कमेटी बनाने का आग्रह किया जाएगा।आगे मुखिया संघ के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि टंडवा में एशिया महादेश का सबसे प्रसिद्ध कंपनियां जैसे एनटीपीसी एवं मगध अम्रपाली कोल परियोजना जैसी विभिन्न कंपनियां कार्यरत है फिर भी यहां किसी प्रकार का बीमारी के उचित इलाज के लिए अस्पताल की व्यवस्था नहीं है।जिससे प्रत्येक दिन क्षेत्र के कई लोग बीमारी से ग्रसित होकर उनकी मौत हो जाती है। साथ ही इस क्षेत्र में बड़ी तादात पर घटनाएं होती रहती है जिसका प्राथमिक उपचार करने के बाद एंबुलेंस से रांची हजारीबाग भेजा दिया जाता है। जाते-जाते रास्ते में ही मरीज दम तोड़ देता है इस प्रकार अनेकों समस्याओं को लेकर टंडवा मुख्य संघ ने अतिशीघ्र चतरा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल बनाने का मांग करेंगे। साथ ही टंडवा मुखिया संघ ने प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया ने एकता का परिचय देते हुए बैठक की समाप्ति की गई। बैठक में मुख्य रूप से नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत मुखिया महावीर साहू, मिश्रऑल मुखिया सुबेश राम, कोईद मुखिया किशुन राम, कल्याणपुर पंचायत मुखिया महेश मुंडा, कासियाडीह पंचायत मुखिया सरिता देवी, बेंती पंचायत मुखिया सरिता देवी, गाड़ीलॉन्ग पंचायत मुखिया शबिदा खातून, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, मुखिया पति सुभान मियां समेत सभी मुखिया गण मौजूद थे।

## खाना पकाने के दौरान गैस लीक, एक व्यक्ति झुलस कर गंभीर, रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया निवासी 42 वर्षीय रंजीत मेहता शनिवार की सुबह घर में खाना बनाने के दौरान गैस अचानक लीक हो जाने के कारण आग की लपेट में आ गया और आग में झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके ईलाज के लिए बाद आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा कोवार मुख्य मार्ग स्थित गरचांच पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 65 वर्षीय नारायण शर्मा डंडाडीह निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति स्कुटी से अपने घर डंडाडीह लौट रहा था, इसी दौरान पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही गई।

घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना के एसआई अमित कुमार, एएसआई दिलिप कुमार मंडल ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# सभापति सरयू राय ने सरकारी उपक्रमों के अधिकारियों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झारखण्ड विधानसभा की उपक्रम समिति के सभापति सरयू राय ने सरकारी उपक्रमों के अधिकारियों के साथ चतरा परिसदन में बैठक की । बैठक में उपायुक्त अबु इमरान सहित कई संबंधित अधिकारी मौजूद थे। विधान सभा की सरकारी उपक्रम समिति ने सभी विभागों के संबंधित मामलों की समीक्षा कर उपक्रमों के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सभापति सरयू राय ने कहा कि कार्य समय पर पूर्ण करें ताकि लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल सके। अटल टिंकरिंग लैब को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जानकारी दिया कि कस्तुरबा आवासीय विद्यालय एवं अन्य आवासीय विद्यालयों में कुल 06 अटल टिंकरिंग लैब लगाया गया हैं जिसमें एक लैब आपूर्तिकर्ता के लापरवाही के कारण संचालित नहीं हो पा रहा है। इस संदर्भ में लापरवाह आपूर्तिकर्ता के उपर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वहीं जिले भर में 05 अटल टिंकरिंग लैब संचालित है। इसे लेकर समिति के अध्यक्ष ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जिस उद्देश्य से अटल टिंकरिंग लैब लगाया गया है वो पूर्ण रूप से संचालित हो ताकि स्कूली छात्र/छात्राओं में नवीनीकरण को उजागर किया जा सके। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता के द्वारा ग्रिड, पावर सब स्टेशन, जिले में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या की जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि लोगों को बिजली कनेक्शन एवं मीटर लगाने हेतु तथा समय समय पर विद्युत बिल जमा करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। वहीं 100 यूनिट की मुफ्त बिजली का लाभ भी लाभुकों को दिया जा रहा है। जिला खनन पदाधिकारी ने जिले में बालू घाटों की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि बालू घाटों की डीएसआर बनाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कुल 98 बालू घाट चिन्हित किये गए है। कैटेगरी दो के चार बालू घाट जेएसएमडीसी द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। बैठक प्रारंभ होने के पूर्व उपायुक्त श्री अबु इमरान ने झारखण्ड विधानसभा की उपक्रम समिति के सभापति सरयू राय को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

उक्त मौके पर उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाएं : रामदास



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा की जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति के सभापति रामदास सोरेन कोडरमा पहुंचे और स्थानीय परिसदन भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। बैठक के दौरान समिति के सभापति श्री सोरेन ने जिले में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ तय अवधि के अंदर पूर्ण करने तथा लम्बित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने आदि का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला परिषद की दुकानें, मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं, आवास योजना, राजस्व, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण, विशेष प्रमण्डल, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण, वन विभाग, परिवहन, खनन विभाग समेत विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर सभापति ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुचाने का प्रयास करें, योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दें, एक भी योग्य व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

# महुआडांड़ जामा मस्जिद में जुम्मा के दिन खत्मे तरावीह का आयोजन , सैकड़ों मुस्लिम धर्मावलंबी हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ स्थित जामिया नूरिया उल इस्लाम में जुम्मा के दिन हमें तरावीह किया गया। यह तरावीह शुरू रमजान से लेकर 15 रमजान तक चला। तरावी की नमाज जामिया नूरिया उल इस्लाम के इमाम व मोहतमिम मुफ्ती शब्बीर साहब के द्वारा बहुत ही खुबसूरत अंदाज में पढ़ाई में। ज्ञात हो कि तरावीह की नमाज में कुरान मस्जिद के तीस पारे को बिना देखे हुए पढ़ी जाती है। यह बहुत बड़ी सआदतमंदी की बात होती है जो हाफिज होते हैं वह बिना देखे इतनी मोटी किताब कुरान मजीद के 30 पारे को बिना देखे तरावीह की शक्ल में सुना देते हैं। रमजान के दिनों में तरावीह का एक अहम मुकाम होता है हर आम व खास लोग शामिल होकर अकीदत के साथ तरावीह की नमाज अदा करते हैं। हर वर्ष जिस इमाम के द्वारा तरावी पढ़ाई जाती है उन्हें मुक्तदियों की ओर से तोहफा एवं नजराना दिया जाता है। इस वर्ष भी तोहफा एवं नजराना के तौर पर नई कमेटी एवं पुरानी कमेटी के द्वारा संयुक्त रूप से 51781 रुपए इमाम को दिया गया। साथ ही कमेटी की ओर से शुक्रिया भी अदा की गई। तरावीह खत्म होने के उपरांत मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा इल्म यानी शिक्षा से संबंधित लोगों को बातें बताई गई उन्होंने कहा कि कुरान में अल्लाह के द्वारा जो सबसे पहले आयत नाजिल की गई वह इल्म यानी शिक्षा से संबंधित था इसलिए इस्लाम में इल्म को सबसे पहले तरजीह दी जाती है। शुरू से ही इस्लाम में इल्म सीखने को फर्ज बताया गया। वही कारी साहब,हाफिज जावेद साहब, शहजाद आलम व मदरसे के तलबा के द्वारा नाम शरीफ पढ़ी गई। जिसके बाद मुफ्ती शब्बीर साहब के द्वारा बहुत ही अच्छे अंदाज में देश, दीन और दुनिया के लिए दुआ की गई। मौके हाजी मोहम्मद साहब नसीर उद्दीन साहब सदरे आलम सज्जाद साहब सदर फहीम खान आजाद साहब तनवीर अहमद महमूद हसन शाहिद कमाल शमशाद अहमद मुजाहिद उर्फ गुड्डू बशारत अली इरफान अली उर्फ राम शहीद खान डॉक्टर जमशेद खान, खुर्शीद आलम इरफान आलम आरिफ आलम, लाडले हसन, समेत सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा तरावीह में शामिल होकर नमाज अदा की गई।


मौके पर मौजूद लोग

# अंधविश्वास के प्रति निकाली गई जागरूकता रैली


जागरूक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** डायन-कुप्रथा जादू, टोना जैसे अंधविश्वास के प्रति जागरूकता लाने को लेकर शनिवार को महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत परहाटोला गांव में मुखिया रीता खलखो की अध्यक्षता एवं जेएसएलपीएस के महिला समूह की सखी मंडल के नेतृत्व और नरेगा वाच सदस्य अफसाना के अथक प्रयास से महिलाओं द्वारा रैली निकालकर लोगो को अंधविश्वास के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पूरे गांव के गली गली में भ्रमण किया गया।

## बीते दिन पूर्व ही सप्ताहिक बाजार में शराब पिलाकर एक युवक की की गई थी हत्या

# अवैध शराब बिक्री पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

## भाकपा माले के कार्यकताओं ने भी बैठक कर सप्ताहिक बाजार में शराब बंद करवाने का किया था मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित सप्ताहिक बाजार में दिन शुक्रवार को मनिका पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए बाजार में अवैध तरीके से महुआ शराब व हड़ियां बेचने पर रोक लगा दिया गया है और अवैध शराब बेचने वालों को बाजार में दोबारा शराब नहीं बेचने की सख्त हिदायत दी गई है।

ज्ञात हो कि 31 मार्च दिन शुक्रवार को नावाडीह गांव निवासी विकास भुइयां को शराब पिलाकर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गई थी जिसके बाद पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी घटना को संज्ञान में लेते हुए भाकपा माले के कार्यकताओं ने भी बैठक कर पुलिस से सप्ताहिक बाजार में अवैध तरीके से शराब बेचने पर रोक लगाने का मांग किया था। जिसे लेकर आज दिन शुक्रवार को मनिका थाना के एसआई राजकुमार तिगा के नेतृत्व में अवैध तरीके से शराब बिक्री कर रहे लोगों का जांच किया गया। जिसमें पकड़े गए शराब को पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। मौके पर एसआई राजकुमार तिगा ने कहा कि सप्ताहिक बाजार में शराब बिक्री होने के कारण कुछ अपराधिक तत्वों के लोग यहां आते हैं और शराब पीकर मारपीट,झगड़ा झंझट,हत्या,समेत इत्यादि घटनाओं को अंजाम देते हैं जिस पर रोक लगाने को लेकर आज पुलिस के द्वारा जांच किया जा रहा है। और अवैध शराब बिक्री कर रहे लोगों को अगले बार से यहां पर शराब नहीं बेचने की सख्त हिदायत दी गई है। अगर पुलिस की बातों का उल्लंघन कर कोई भी व्यक्ति अगले बार से यहां पर शराब बेचते पकड़ा गया तो उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एएसआई राम प्रताप सिंह,महिला पुलिस,समेत कई पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।


अवैध शराब की जांच करते पुलिस की टीम

# बाल मजदूरी और शिक्षा की नाटक का मंचन

## नई शिक्षा नीति के प्रति लोगों को जागरूक किया


नुक्कड़ नाटक में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शिक्षा बचाओ, देश बचाओ की ज्ञान विज्ञान समिति का कला जत्था के द्वारा चंदवा के इंदिरा गांधी चौक, चेतर समेत विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम कर बाल मजदूरी और शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक किया। नाटक और गीत के माध्यम से नई शिक्षा नीति से बदहाल हो रही शिक्षा व्यवस्था से लोगों को जागरूक किया। बच्चों को मजदूर नहीं बनानें उसे स्कूल भेजने और शिक्षित करने पर जोर दिया।

मंडली के द्वारा कहा गया कि हम कला जत्था के माध्यम से शिक्षा बचाओ, देश बचाओ नारे के साथ शिक्षा अधिकार कानून 2009 बच्चों के समुचित शिक्षा के प्रबंधन की जिम्मेदारी सरकार और समुदाय के सहयोग से शत-शत करने की बात करते हैं। पोषण के मामले में अगर आप देखें तो खाद्य सुरक्षा कानून 2013 जिसमें पर्याप्त रूप से बच्चों एवं उनकी माताओं के खाद्य सुरक्षा की बात कही गई है। बच्चों की अगर बात करते हैं तो उनके अधिकार की शुरूआत माता की कोख से शुरू हो जाती है परंतु वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा जो प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना है उसके क्रियान्वयन में तकनीकी कठिनाइयां है। हम इस जत्था के माध्यम से अपने नाटकों के माध्यम से आपके बीच यह संदेश देना चाहते हैं और एक संवाद की शुरूआत करना चाहते हैं। आइए साथ मिलकर समर्थ लोकतंत्र की स्थापना के लिए पारदर्शी शासन व्यवस्था और सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए वैज्ञानिक नजरिया और संवैधानिक मूल्य पर विचार करें।

कला जत्था टीम का नेतृत्वकर्ता रवि सिंह, शांति कुमारी, रुणी कुमारी, कल्पना हेमरोम, दयावती कुमारी, अरुण उरांव, शिवकांत पाठक, पिंटु उरांव, मंटु कुमार तुरी, जितेन्द्र कुमार तुरी, गुणाधर पंडित, शिमंती कुमारी शामिल थे। मौके पर दिलीप पाठक, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान व अन्य शामिल थे।

# बरवाडीह बाजार में दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन आज


पार्टी में बना व्यंजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह के दुकानदार संघ की ओर से मुख्य बाजार में रविवार की शाम दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने के लिए कमेटी के द्वारा मुस्लिम भाइयों के साथ-साथ स्थानीय व्यवसायियों और सभी समुदाय के लोगों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए कमेटी के सदस्यों ने बताया कि दावते इफ्तार का आयोजन रोजा खोलने के समय 6.15 में होगी। वहीं उन्होंने 5.30 तक सभी लोगों को शामिल होने की अपील की है। कहा कि इफ्तार पार्टी में सभी वर्ग के लोगों की उपस्थिति एकता कमेटी के हौसलों को मजबूत करेगा। बता दें कि बरवाडीह बाजार में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाना वर्षों की परंपरा रही है।

इसमें दोनों समुदाय के लोग बढ़- चढ़कर हिस्सा लेते है। कमेटी में गुलाम असगर, मो. नसीम, मो. असलम, मो. अनीश, सिकंदर अंसारी, फिरोज सिद्दीकी, अख्तर खान, मो. शकील, मो. कलीम और मो. हसीन और मो. गुलाम सहित सभी दुकानदारों का नाम शामिल है।

# परिवहन विभाग ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के उदेश्य से डीआईओ संतोष कुमार सिंह के निदेर्शानुसार परिवहन विभाग की टीम के द्वारा चंदवा में शनिवार को सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान चंदवा पुलिस के साथ संयुक्त रूप से चंदवा थाना प्रवेश द्वार के समक्ष सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों के हेल्मेट व चार पहिया वाहन चालको के सीट बेल्ट की जांच की गयी, जांच के क्रम में नियमो का उलंघन करते 5 चार पहिया व 4 दो पहिया वाहन पकड़े गए वाहनों से 9 हजार रुपये का जुमार्ना वसूल किया गया। अभियान के क्रम में विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमलोगों से परिवहन नियमो का पालन करने का निर्देश दिया गया। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि नाबालिग के द्वारा वाहन चलाये जाने, तेज गति व शराब पीकर वाहन चलाने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है जिस कारण लोगो को जानमाल की क्षति उठानी पड़ रही है। इसी पर विराम लगाने को लेकर उक्त अभियान चलाया जा रहा है।

# शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**बारियातू।** कांग्रेस प्रखंड कार्यालय मे माननीय शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। शोक व्यक्त करने वाले मुख्य रुप से बीससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, बीससूत्री उपाध्यक्ष सुरेश गंझु, समाजसेवी लाल आशीष नाथ शाहदेव, मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत, विश्वनाथ गंझु, भुनेश्वर यादव,जगदीश गंझु, अहमद, टेपा गंझु, मो मुमताज अंसारी,ईश्वर गंझु,नरेश उरांव, कुलदीप राम, निरंजन यादव, प्रदीप राम, प्रमोद यादव,संतोष राम, जगदीश उरांव, राजेश लोहरा सहित अन्य लोगों ने शिक्षा मंत्री की निधन होने पर शोक सभा का आयोजन किया जहाँ झारखंड के माननीय शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की आत्मा को शांति के लिए उनके चित्र पर पुष्पा अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर गहरा शोक व्यक्त किया।

# पेलोडर, हाईवा ट्रैक्टर एवं बालू की हुई नीलामी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** राजसात वाहनों के लिए खनन विभाग से निकाली गयी निविदा की नीलामी को लेकर शनिवार को उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी एवं विभाग के द्वारा निर्धारित राशि के एवज में नीलामी संपन्न हुई। जिसमें पेलोडर, हाइवा, ट्रैक्टर एवं अवैध रूप से जप्त बालू की नीलामी हुई। जिसमें पेलोडर 32 लाख, 50 हजार, हाइवा 20 लाख 78 हजार, 5 सौ, ट्रैक्टर 1 लाख 50 हजार की अधिकत दर पर नीलामी की गयी। जबकि बालू की नीलामी 1 लाख 51 हजार 1 सौ की राशि में हुई। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि संवेदको को दस दिनों के अंदर निर्धारित दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि के अलावे पूरी राशि जमा करवाना होगा। उन्होंने बताया कि जप्त वाहनों एवं बालू की नीलामी उपायुक्त के निर्देश के आलोक में गठित समिति के समक्ष की गयी। खनन विभाग के द्वारा राजसात वाहनों की नीलामी में विभाग को कुल 56 लाख, 29 हजार, 5 सौ रुपए की राजस्व प्राप्त होगी। जिसमें पेलोडर 32 लाख, 50 हजार, खरीददार मुकेश कुमार सिंह, पिता कृष्णा सिंह बालूमाथ, हाइवा राशि 20 लाख 78 हजार, 5 सौ, खरीददार भोला सिंह, पिता मनी प्रसाद सिंह लातेहार, ट्रैक्टर, राशि 1 लाख 50 हजार, खरीददार- नरेश कुमार, पिता विरो राम, मनिका जुगूंर, लातेहार, बालू की नीलामी 1 लाख 51 हजार 1 सौ की राशि में हुई एवं इसे अधिकतम बोली लगाकर उपकार, इंफाटेक्कर, प्राइवेट लिमिटेड, पार्टनर-एम वासुदेव रेडडी, रेलवे कैंप बालूमाथ लातेहार ने लगाया है। राजसात प्राप्त वाहनों की नीलामी उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष की गयी। नीलामी में गठित समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप,जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिला लेखा पदाधिकारी, उपायुक्त वाणिज्यकर, पलामू एवं मोटरयान निरीक्षक लातेहार समेत संवेदक मौजूद थे।

# पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ है या नहीं, रविवार को खुलासा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

## पीटीआर में लगे हैं सैकड़ों ट्रैप कैमरा एक भी कैमरे में कैद नहीं हुई बाघ की तस्वीर

रामनिवास पाठक

**बेतला।** पलामू टाइगर रिजर्व के 50 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला रेंज में अनेकों कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसमें वन एवं वन्य जीव के बारे में खासकर स्कूली छात्र छात्राओं को इसका महत्वपूर्ण जानकारी एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाई जा रही है।

पलामू टाइगर रिजर्व में पिछले रिपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा खुलासा किया गया था कि पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या जीरो है, लेकिन इस बार वन विभाग के तमाम पदाधिकारियों ने यह तय कर लिया है कि इस बार जो पलामू टाइगर रिजर्व के बाघो की संख्या शून्य होने का जो दाग लगा था उसे मिटाया जा सके एवं इस बार की घोषणा में पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ होने की पुख्ता सबूत के साथ घोषणा हो जाए, बताते चलें 4 साल के अंतराल में पलामू टाइगर रिजर्व में सैकड़ों ट्रैपकैमरा लगाया गया है। लेकिन 4 सालों में बाघ की एक भी तस्वीर उस कैमरे में कैद नहीं हुआ, यह भी बहुत बड़ा सवाल है।



वास्तव में पीटीआर में यदि बाग उपलब्ध है तो तस्वीर क्यों नहीं आई या सोची समझी साजिश के तहत सरकार से आवंटन लेने के लिए इस बार वन विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ होने का दावा किया जा रहा है। जो ग्रामीणों में संसय बना है। वह 9 अप्रैल रविवार को प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा खुलासा में स्पष्ट हो ही जाएगा, बताते चलें पलामू टाइगर रिजर्व एक खुला जंगल है जिसमें अन्य राज्य के जंगलों से भी कई जंगली जानवर प्रवेश करते हैं एवं बाहर भी चले जाते हैं,देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा की पलामू टाइगर रिजर्व के लिए रविवार का दिन शुभ होता है या अशुभ, बाघों की संख्या का खुलासा में पता चल जाएगा।

## एक नजर में

### 3 नाबालिग समेत 5 के साथ छेड़खानी मारपीट व लूटपाट, जांच में जुटी पुलिस

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लाधुप सेन्हा से लगभग 7 किमी दूरी पर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कांति झरना घूमने आए 3 नाबालिग 2 बच्ची, एक बच्च एवं दम्पति के साथ अज्ञात उच्चको के द्वारा छेड़खानी व मार पीट कर उनसे 5 मोबाइल व 2 हजार नकद रुपये छीन लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी के बाद चंदवा पुलिस मामले की जांच पड़ताल तेज कर दिया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि लोहरदगा के शहरी इलाके से एक दम्पति 2 नाबालिग बच्ची व एक बालक के साथ कांति झरना घूमने आए थे। जैसे ही वे झरना पहुंचे लगभग आधा दर्जन युवक वहां मौजूद थे, वे बच्चीयों के साथ छेड़खानी करने लगे जिसका बच्चीयों व दम्पति ने विरोध किया। जिसके बाद सरारती तत्वों ने उनके साथ मारपीट किया व मोबाइल व 2 हजार रुपये नकद लूट कर भगा दिए। जिसके बाद सभी भुक्तभोगी कुडु थाना पहुंच मामले की जानकारी पुलिस को दी, कुडु पुलिस घटना स्थल पहुंच कर घटना की जानकारी पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को दी। जिनके निर्देशन चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुच कर मामले की जांच की व अपराधियों की धर पकड़ को लेकर अभियान तेज कर दिया।

### बच्चो के विकास के लिए शिक्षकों के साथ अभिभावको की भूमिका महत्वपूर्ण: रूपेंद्र

**हेरहंज।** बच्चो के विकास के लिए शिक्षकों के साथ बच्चो के अभिभावको की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक से पहले माता पिता ही बच्चो के शिक्षक है। बस उन्हे सही दिशा देनी है। शिक्षक और अभिभावक दोनो मिलकर बच्चो के भविष्य की नई दिशा दे सकते है। उक्त बाते हेरहंज स्थित टी एल मेमोरियल पब्लिक स्कूल मे आयोजित परीक्षाफल परिणाम के दौरान पुरस्कार वितरण के दौरान मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद सांसद प्रतिनिधि सह पत्रकार रूपेंद्र जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा की विद्यालय मे शिक्षकों का काम है की बच्चो को उचित शिक्षा दे, और विद्यालय के बाद अभिभावकों का कार्य है की बच्चो पर ध्यान दे। विद्यालय मे दिन भर होने वाले गतिविधियों के बारे मे बच्चो से जानकारी ले। गौरतलब हो की विद्यालय मे वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमे अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओ को मुख्य अतिथियो के द्वारा मेडल और शील्ड का पुरस्कार दिया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक रौशन पाण्डेय ने किया। अतिथि के रूप मे मौजूद मध्य विद्यालय के शिक्षक मिथलेश शुक्ला ने कहा की बच्चो को गुणवता पूर्ण शिक्षा देने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों का आपसी तालमेल होना जरूरी है। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र जायसवाल, अभिभावक चंद्रकांत जायसवाल, राजेश कुमार साहू,उदय साहू, विनोद राम, पिंटू गुप्ता, इसराफिल अंसारी समेत विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।

### अपने कर्तव्यों उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का शपथ

**लातेहार।** बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय के विभिन्न सदनों के नवनिर्वाचित कप्तान और उपकप्तान ने अपने कर्तव्यों उत्तरदायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का शपथ लिया। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रार्थना सभागार में साप्ताहिक को कैरिकुलर एक्टिविटी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसमें दयानंद, अरविंदो, विवेकानंद, श्रद्धानंद सदनों के नव निर्वाचित सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गये। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन और सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा ने विभिन्न सदनों के सदन संचालकों के साथ संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए किया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्याललीय छात्रों ने सामूहिक रूप से वैदिक मंत्रोच्चार एवं भजन गायन किया। प्रभारी प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद शक्ति का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का द्योतक है अतः आप लोगों से अपेक्षा है कि इस जिम्मेदारी का निर्वाह कुशलतापूर्वक करेंगे। सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा ने अनुशासन तथा शिष्टाचार के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हुये विद्यार्थियों को विद्यालय की गरिमा को उन्नत करने की शपथ दिलाई।

### 83 बुथों में लगाया गया सोलर लाइट

**महुआडांड़।** चतरा लोकसभा सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से महुआडांड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद एवं जिला कार्यसमिति सदस्य भैया आनंद किशोर नाथ शाह के देखरेख में प्रखंड के रामपुर, राजडण्डा, दीपाटोली, जरहाटोली, परहाटोली, अक्सी, नेतरहाट, असनारी समेत 83 बूथ में सोलर लाइट लगाया गया। जिसका निरीक्षण व देखरेख का जिम्मा बुथ अध्यक्षों को दिया गया है।

### नौ अप्रैल को बाधित रहेगी बिजली

**लातेहार।** नौ अप्रैल को लातेहार शहर में सुबह नौ बजे से अपराह्न दो बजे तक बिजली आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी। इस आशय की जानकारी कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि शहर के करकट ग्रीड में 33 केवी (लातेहार फीडर) में खराब ब्रेकर को बदलने उक्त अवधि में बिजली सेवा बाधित की जायेगी।

### अम्बेडकर जयंती मनाने को लेकर कमिटी का हुआ विस्तार

**बारियातू।** प्रखंड स्थित बारिखाप करेसर के समीप साल्वे मुखिया राजीव भगत के अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के 132 वीं जयंती को प्रखण्ड स्तर पर मनाने को लेकर बैठक कर विचार विमर्श किया गया. विधिवत रूप से आंबेडकर जयंती मनाने हेतु प्रखण्ड समिति व पंचायत समिति का भी गठन किया गया। बैठक मे सर्वसम्मती से अध्यक्ष कैलाश राम, उपाध्यक्ष रिगन कुमार,सचीव दिगम्बर टाना भगत, उपसचिव राजु रामबृक्ष लोहरा, कोषाध्यक्ष दुलारचंद पासवान, उपकोषाध्यक्ष विनोद गंझु, महामंत्री सुरेन्द्र मेहरा,उपमहामंत्री शंकर पासवान,विधि व्यवस्था एवं कानून मंत्री बिरेंद्र पासवान,सकेन्द्र राम, संगठन मंत्री अजय बैठा , शम्भु पासवान, मिडिया प्रभारी संजय राम,रामप्रीत लोहरा,व रूपेश कुमार तथा संरक्षक रामप्रीत लोहरा,उप सरंक्षक ब्रजमोहन राम, बजरंग प्रसाद, गणेश राम, एवं अरूण कुमार संजय राम तथा सरंक्षण मंत्री नंदु उरांव, जयपाल उरांव, सुरेश उरांव, व जिप सदस्य रमेश राम को चयनित किया गया.वहीं पंचायत सिबला पंचायत के अध्यक्ष रुपेश कुमार, टोटी पंचायत अध्यक्ष कुलदीप राम, उपाध्यक्ष दशरथ राम, अमरवाडिह पंचायत अध्यक्ष राजु रामबृक्ष लोहरा, उपाध्यक्ष प्रकाश राम,व अर्जुन पासवान, गोनियां पंचायत के अध्यक्ष सुरेश राम उपाध्यक्ष कृष्णा राम एवं साल्वे पंचायत के अध्यक्ष रामप्रीत लोहरा बनाए गए। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के बुद्धिजीवी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बीएलओ को मतदाता से संबंधित प्रशिक्षण

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल मुख्यालय सभागार मे बीएलओ को मतदाता संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) को मतदाता सूची से सबधित जानकारी देते जपीएस इसीदोर आइंद और प्रशिक्षक अनुपमा केरकेट्टा ने गरूड़ एप के माध्यम से कार्यों को निष्पादित करने संबंधी जानकारी दी। फार्म छह, सात और आठ की जानकारी देते सुधार के तरीके बताए गए। आंगनबाड़ी सेविका के साथ बीएलओ के कार्यभार से कुछ सेविकाएं अपने को दबा-दबा तो कुछ उत्साहित दिखीं। महिलाओं का घर-घर घूमना और कार्य को अंजाम तक पहुंचाने में कई तरह की समस्याओं को लेकर पुरूष को ही प्राथमिकता की बात कही। कुछ ने मजबूरी तो कुछ लोगों ने उत्साहित होते कहा कि इससे नया कुछ करने और सीखने का मौका मिलेगा। मौके पर पद्मावती देवी, सुषमा वैद्य, जोलजेन मिंज, पुष्पा देवी, सुकृता मिंज समेत अन्य बीएलओ मौजूद थीं।

# पुलिस की सक्रियता से टली मोड़ें मांझी बैठक, मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में जवान ने किया फ्लैग मार्च

**रामजी साह**





**दुमका/रामगढ।** प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सिलठा बी पंचायत के हेड ग्रहण में शनिवार को संभावित मोड़ मांझी की बैठक प्रशासन की सक्रियता एवं पुलिस के लगातार क्षेत्र में पेटोलिंग से मोडे. मांझी की बैठक टल गई । शनिवार को मजिस्ट्रेट बिनोद हेम्ब्रम की प्रतिनियुक्ति में दर्जनों महिला एवं पुरुष पुलिस के जवान हेडग्रहण गांव पहुंचे। पुलिस के जवान ने पुरे गांव में फ्लेग मार्च कर लोगों में शांति बहाल की अपील करते रहे। पुलिस के गांव आने के पूर्व पूरा गांव में लोग डर से अपने अपने घर में दुबके थे। पुलिस के जवान के गांव पहुंचने के बाद ग्रामीण अपने अपने घरों से बाहर निकले। मुखिया रामलाल हांसदा गांव में रहकर लोगों में शांति बहाल करने में लगे रहे।ज्ञात हो कि एक अप्रैल को हेडग्रहण गांव के छोटका मुर्मू की सतर बर्षिय वृद्ध मां मायनों टुडु अचानक घर से गायब हो गई। छोटका मुर्मू अपने परिजनों के यहां मां खोजबीन करने घर से निकला इसी बीच उसके घर में हजारों की चोरी बाद में 3 अप्रैल को उसकी मां का शव को पुलिस ने कूप से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा था। मृतक के पुत्र छोटका अपनी मां का शव मिलना हत्या मानकर गांव में मोड़ मांझी करने का जुड़ा अफवाह फैलाया। जब इसकी सूचना मुखिया रामलाल हांसदा को मिला तो मुखिया ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। जिसपर विगत शुक्रवार बीडीओ कमलेंद्र सिन्हा,थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय दल बल के साथ गांव पहुंच ग्रामीणों के साथ बैठक कर 21 सदस्यी शांति समिति का गठन किया। यहां बता दें कि 2012 में हेड ग्रहण में मोड़ें मांझी की बैठक में दो ब्यक्ती को जिंदा जला दिया गया था।इसी अशंका को देखते हुए प्रशासन विगत दो दिनों से लगातार गांव में असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रही थी और प्रशासन की सक्रियता से मोड मांझी की बैठक टल गई।इस मामले में हेड ग्रहण गांव में प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त मैजिस्ट्रेट सह राजस्व उप निरीक्षक बिनोद हेम्बरम ने बताया कि आठ अप्रैल को हेडग्रहण गांव में मोड़ें मांझी की बैठक एक अफवाह थी गांव में शांति का माहोल है पुलिस की तैनाती से लोगों में सुरक्षा की भावना देखने को मिल रही है कहीं से किसी प्रकार अप्रिय घटना की खबर नहीं है। बहरहाल प्रशासन की सक्रियता से नक्सल प्रभावित क्षेत्र सिलठा बी हेडग्रहण में मोडे मांझी बैठक टल गई। वहीं प्रशासन मोड़ें मांझी की बैठक की खबर महज एक अफवाह मान रही है। बहरहाल गांव में स्थिती समान्य और शांति देखा जा रहा है। मौके पर पुलिस जवान के अलावा मुखिया रामलाल हांसदा,ग्राम प्रधान सुलेमान मुर्मू आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### आग से एक दर्जन घर जले,संपति का नुकसान

**सहरसा(हि .स.)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के खजूरी पंचायत के वार्ड नंबर 13 गोरियारी टोला में शनिवार दोपहर को अचानक आग लगने से एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गया। सूचना पर अग्निशमक कर्मी ने आकर आम पर काबू पाया। उक्त घटना में घर में रखे अनाज, नगदी, मोटरसाइकिल सहित सभी समान जलकर राख हो गया। कुछ मवेशी भी झुलस गये। अग्नि पीड़ित जोगिंदर मिस्त्री, उपेंद्र मिस्त्री, शरण मिस्त्री, उपेंद्र शर्मा आदि सभी पीड़ित ने बताया कि आग के कारण हमारे घर में रखे सभी सामान जलकर राख हो गया। खजूरी पंचायत के सरपंच संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंच स्थानीय युवकों के साथ मिलकर आग बुझाने का कार्य किया।

### बेतिया मे विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बेतिया (हि .स)।** नौतन मे गश्ती के दौरान वाहन चेकिंग के क्रम में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भंगमलही पुल के पास से 80 पीस विदेशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए दोनों तस्कर श्रीनगर धनुष टोली के बसंत कुमार और संदेश कुमार बताये गये है। शनिवार को थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि गश्ति के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गंडक दियरा क्षेत्र से बाईक पर दो तस्कर शराब का खेप लेकर निकले वाले हैं। बताया कि प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस वरीय पदाधिकारी को सुचित करते हुए दिशा निर्देश पर जाल बिछाया। और दोनों तस्करों को शराब के साथ दबोच लिया।

## 72 घंटे के अंदर किया महिला के हत्याकांड का सरैयाहाट पुलिस की उदभेदन

# प्रेमिका का हत्यारा प्रेमी सहित पांच गिरफ्तार

### सात बच्चे की मां को प्यार करना पड़ा महंगा, प्रेमी ने हत्या कर पहाड़ पर झाड़ियों में फेंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सरैयाहाट।** उपराजधानी दुमका की सरैयाहाट पुलिस ने महज 72 घंटे में हत्याकांड का उद्भेदन कर हत्यारे प्रेमी समेत शव को छिपाने में सहायता करने वाले 5 हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने में शनिवार को सफल रही। मामले की जानकारी प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ, सदर शिवेंद्र ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 4 अप्रैल की शाम सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के बभनी गांव के समीप तेलहदमगी पहाड़ के पास एक शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस की टीम तेलहदमगी पहाड़ पर पहुंची तो एक सड़े गले अवस्था में एक शव बरामद किया। प्रथम दृष्टया में शव के हाथों में चूड़ी और गले में मंगलसूत्र देख महिला का शव होने का अंदाजा लगाया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शिनाख्त में जुट गई। एसआई आनंद कुमार साहा के लिखित आवेदन पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध अज्ञात महिला की हत्या कर शव छुपाने के नियत से फेकने के मामले में सरैयाहाट थाना में कांड संख्या 31/2023 धारा 302,201/34 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। थाना प्रभारी बिनय कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल कार्रवाई करते हुए तकनीकी सेल की मदद से कांड का उद्भेदन 72 घंटे के अंदर संदिग्ध आरोपी सुबोध कुमार को पूछताछ के लिए बिहार के पटना जिला के मनेर थाना के रामपुर दियारा गांव से मनेर थाना की मदद से हिरासत में लेकर सरैयाहाट लायी। पुलिसिया पूछताछ में सुबोध कुमार ने बताया कि उक्त शव मनेर थाना क्षेत्र के शेरपुरा ब्रह्मचारी गांव के विनोद महतो की पत्नी जीरा देवी उर्फ गुड़िया देवी का है। आरोपी जीरा देवी से करीब दो साल से अवैध संबंध होने की बात स्वीकारी। सुबोध उक्त महिला और उसकी 6 वर्षीय बच्ची प्रिया कुमारी के साथ अपने परिचित सरैयाहाट के बभनी गांव निवासी मिथुन दास के घर में बीते12 मार्च को लाया। जहां गुड़िया देवी ने सुबोध पर शादी का दबाब बनाने लगी शादी नहीं करने पर थाना जा कर केस कर फंसाने की बात कहने लगी। जिस पर सुबोध कुमार ने 23 मार्च को अहले सुबह जीरा देवी उर्फ गुड़िया देवी को सोये अवस्था में कपड़ा से गला दबा कर हत्या कर मिथुन दास और उसके परिवार के चाचा बासुदेव दास, दादा फागु दास एवं चचेरे दादा देवनारायण दास के सहयोग से उक्त महिला के शव को कपड़े में लपेट कर साइकिल में लोडकर गाँव के बाहर स्थित तेलहदमगी पहाड़ पर झाड़ियों में छुपा दिया। एसडीपीओ ने बताया कि महिला सात बच्चों की माँ है। मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस सुबोध कुमार समेत सभी पांच आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त साईकिल,सुबोध कुमार का जिओ कम्पनी का मोबाईल,शव के पास से चूड़ी /कंगन व मंगलसूत्र बरामद करते हुए आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# दिव्यांगता जांच शिविर में 208 की जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** सर्वजन पेंशन योजना के अन्तर्गत स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन पेंशन योजना का लाभ देने के लिए शनिवार को प्रखंड कार्यालय में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चक्रधरपुर नगर, प्रखंड के अलावा बंदगांव प्रखंड के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। शिविर में जांच के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। बंदगांव के 21, चक्रधरपुर नगर के 28, चक्रधरपुर प्रखंड के 159 समेत कुल 208 दिव्यांगों की जांच की गई। जांच के लिए डाक्टर गणेश बिरूली, डाक्टर सेलिन सोसन टोपनो, डाक्टर दीपक कुमार सिन्हा, डाक्टर दीपक कुमार गिरि, डाक्टर महेश हेम्ब्रोम के अलावा मनोज कुमार यादव, कृष्णा बोदरा, ब्रज मोहन लागुरी, उदय सुंडी मौजूद रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, अंचल अधिकारी बाल किशोर महतो,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मनोज कुमार सिन्हा, कनीय अभियंता प्रकाश रंजन गुप्ता शिविर में मौजूद रहकर लोगों को मार्गदर्शन करते रहे।

## निर्माणधीन थाना भवन के ठेकेदार मुंशी से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**जमुई (हि.स.)।** चकाई थाना क्षेत्र के बीचकोड़वा में निर्माणधीन थाना भवन के ठेकेदार,मुंशी से रंगदारी की मांग किये जाने के मामलें में पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।इसको लेकर शनिवार को एसडीपीओ कार्यालय झाझा में मामले को लेकर खुलासा करते हुये एसडीपीओ रविशंकर प्रसाद ने बताया कि विगत 5 अप्रैल को निर्माणधीन थाना भवन के ठेकेदार और मुंशी से रंगदारी मांगे जाने की सूचना चकाई थाना में प्राप्त हुआ।जिसमें रंगदारी मांगने वाले ने रंगदारी नही देने पर काम बंद करने एवं जान मारने की धमकी भी दिया।जिसके बाद आवेदक मृत्युंजय कुमार सिंह ने चकाई थाना में लिखित आवेदन दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ.शौर्य सुमन के दिशा निर्देश में मेरे अगुवाई में एक टीम गठित की गई जिसमें सब इंस्पेक्टर विजय कुमार,डीआईयू एवं पदाधिकारी बल शामिल होकर त्वरित कार्रवाई करते हुये रंगदारी मांगने वाले आरोपी छोटू कुमार यादव को उसके घर रंगनियां थाना चकाई से गिरफ्तार किया गया।जिसमें उसने स्वीकार किया कि अरबिंद यादव के नाम पर ठेकेदार एवं मुंशी से रंगदारी मांगा।वही उक्त आरोपी ने पुलिस के डर से अपना मोबाईल तोड़कर एक कुंआ में फेंक दिया था।

# अनियंत्रित कार ने दो मासूम को कुचला, गंभीर,एक रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हंसडीहा।** थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर स्टेट हाइवे पर कुरमाहाट बाजार के समीप शनिवार को दुमका के रास्ते भागलपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े दो मासूम बच्चे को कुचलते हुए हंसडीहा की ओर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कुरमाहाट निवासी मिस्त्री सोरेन के 10 वर्षीय पुत्र दिलिप सोरेन, व मिस्त्री मरांडी के 12 वर्षीय पुत्र बिमल मरांडी साईकिल में हवा भरवाने कुरमाहाट बाजार आया था सड़क पर वाहनों का आवागमन देखकर दोनों बालक सड़क किनारे साईकिल लेकर खड़े हो गये इतने में दुमका की और से आ रही तेज रफ्तार कार ने खड़े दोनों मासूमों को कुचलते हुये फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ घटना स्थल पर जुटी और हंसडीहा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद सहायक अवर निरीक्षक रामनाथ खेरवार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच गम्भीर रूप से घायल दोनों बालक को उठाकर ईलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सरैयाहाट पहुँचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बिमल मरांडी की नाजुक हालत को देखते हुये देवघर रेफर कर दिया गया।

# जनहित में जरूरत पड़ी तो करेंगे उग्र आंदोलन : डा विजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड के भालूपानी गांव में बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों की बैठक मुखिया सावित्री मेलगांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय सिंह गागराई थे। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि विगत एक महीने से बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव में बिजली नहीं है। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों का मोबाइल रिचार्ज नहीं हो पा रहा है। बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी प्रभावित हो रही है। यह गांव जंगल के नजदीक होने के कारण रात होते ही जंगली जानवरों का भी गांव में आने का खतरा बना रहता है। जिस कारण अविलंब बिजली का ट्रांसफार्मर बदला जाए और लोगों को निर्बाध रूप से बिजली मिल। सारी समस्या जाने के पश्चात पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय सिंह गागराई ग्रामीणों के समक्ष ही बिजली विभाग के एसडीओ से फोन पर बातचीत की और जल्द से जल्द बिजली का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने एसडीओ से कहा कि यहां के लोगों को बिजली नहीं रहने से काफी दिक्कतें हो रही है। उसका समाधान अविलंब होनी चाहिए, अन्यथा ग्रामीण बिजली विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी सीताराम मेलगांडी, हिंदू राम मेलगांडी, त्रिदेव मेलगांडी, कोला मेलगांडी, रंगो मेलगांडी, सोमनाथ मेलगांडी, साहेब केराई, साधु चरण मेलगांडी, सत्यनारायण मेलगांडी, दुर्गा मेलगांडी, दिशान मेलगांडी, जेमा मेलगांडी, कुणाल मेलगांडी, सुनीता मेलगांडी समेत काफी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित थे।

# महाजुटान में होगा दिसोम मांझी थान आर जाहेर समिति का महा पंचायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान समिति के तत्वधान में 9 अप्रैल को होने वाली महाजुटान की तैयारी पूरी कर ली गई है। संथाल परगना प्रमंडल के सभी जिलों के मांझी बाबा एवं समाजसेवी बुद्धिजीवी को सादर आमंत्रण किया गया है। ज्ञात हो कि अन्य निकटवर्ती राज्यों से भी बुद्धिजीवी समाजसेवी पधार रहे हैं। बीते दिनों से दिसोम मांझी थान की समिति पूरे विवादित रूप से चल रही है। समाज में कई तरह के चर्चे हो रहे हैं। इसको पूर्ण रूप से विराम देने के लिए इस महाजुटान में महापंचायत किया जायेगा । इस महाजुटान में विवाद में चल रहे समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की बारे में समाज के बुद्धिजीवी लोगों द्वारा सामाजिक विचार से विवाद को विराम दिया जायेगा। दिसोम मांझी थान समिति की गरिमा, धार्मिक आस्था, पारंपरिक, सैद्धांतिक रुप से बनी रहे । आपसी समन्वय और भाईचारा का संदेश इस महाजुटान के माध्यम से स्थापित होगा। इसी उद्देश्य के तहत महजुटान में महापंचायत का आयोजन होगा। आपको बता दें कि कुछ असामाजिक एवं कुंठित विचारधारा के लोगों के द्वारा दिसोम मांझी थान समिति की गरिमा को समाज में धूमिल किया जा रहा है। ऐसे लोगों को सामाजिक रूप से दंडित करना अति आवश्यक है। संताल समाज के लोगों को मुख्यधारा से भटका कर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ना कुछ गिने-चुने लोगों के द्वारा ऐसे कुकृत्य हरकत कर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का अंजाम दिया जा रहा है। जो काफी चिंता का विषय हैं। विगत कार्यकाल का आंकलन किया जाए तो समिति सचिव के रूप में कार्यरत सुरेश चंद्र सोरेन (सरकारी शिक्षक)के कारनामे हैरतंगेज करने वाले है। यह सरकारी शिक्षक प्राथमिक विद्यालय बरमसिया में भी सचिव है और समिति में हमेशा सचिव बने रहना इनकी मानसिकता है। यह सदैव समाज को मुख्यधारा से भटकाने का कार्य करता है। समिति के विगत पत्रांक 19 दिनांक 29 अगस्त 2020 पत्र के द्वारा पूर्व दिसोम मांझी बाबा दिगंबर मरांडी भी इनकी हरकत और षड्यंत्र से काफी परेशान थे। ऐसी परिस्थिति में दिगंबर मरांडी ने एसपी को भी कार्रवाई करने के लिए आवेदन समर्पित किया था। आपको बता दें कि सरकारी शिक्षक सुरेश चंद्र सोरेन के द्वारा समिति का कीमती रजिस्टर, बायोलॉज एवं मीटिंग रजिस्टर वर्ष 2020 में ही चोरी कर ली गई है ।इसके लिए नगर थाना में भी सनहा भी दर्ज है। इस व्यक्ति के द्वारा समिति का तिरपाल एवं फूल लगाने वाला गमला एवं कार्यालय में मौजूद कीमती सामानों का चोरी कर ली गई है। ऐसी हरकत इस व्यक्ति द्वारा किया गया। जो काफी निंदनीय है। दूसरे स्थान पर सरकारी शिक्षक सत्येंद्र मुर्मू हैं। जो चोरों के तीस मार खान हैं। दोनों मिलकर चोरी करने के षड्यंत्र बनाकर समाज के लोगों को दिग्भ्रमित कर आपस में लड़ाने एवं आपसी मनमुटाव कराने का काम करते है। सत्येंद्र मुर्मू सरकारी शिक्षक वर्तमान में राजकीय मध्य विद्यालय हरीपुर, जरमुंडी में कार्यरत है। यह समिति में कोषाध्यक्ष के रूप में विगत वर्षों से कार्यरत हैं ? ।इनकी भी मंशा है जीवन भर समिति में कोषाध्यक्ष बना रहना। इसके लिए छल प्रपंच और दांवपेच खेलना इनकी नियति है।

## एक नजर में

### धरती से पानी का दोहन बंद करे बरौनी पेप्सी प्लांट प्रबंधन, नहीं तो होगा आंदोलन : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय (हि .स.)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बेगूसराय के बरौनी में पेप्सिको प्लांट द्वारा अपने उत्पादन के लिए प्रतिदिन हजारों लीटर पानी धरती से निकाला जा रहा है। इस क्षेत्र में पानी का वाटर लेवल नीचे चला जाएगा, जिससे जल संकट पैदा होने का खतरा है। प्रबंधन गंगा नदी से पानी लेकर प्लांट को चलाए। अगर ऐसा नहीं करता है तो किसानों के साथ पेप्सी प्लांट की घेराबंदी की जाएगी ।बीहट में एलिवेटेड फ्लाईओवर निर्माण को लेकर बीहट नगर वासियों के द्वारा शनिवार को आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पेप्सी प्लांट में 80 प्रतिशत मजदूर बाहर से आकर काम करते हैं। लेकिन पानी हमारा ले रहे हैं, कंपनी की ऐसी मनमानी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि बीहट की बेटियों ने कबड्डी के क्षेत्र में जिला और राज्य का नाम रौशन कर रही है। आज आपके द्वारा दिए गए सम्मान का सदा ऋणी रहूंगा। गिरिराज सिंह ने कहा कि जात-पात और पार्टी से ऊपर से उठकर एक साथ बीहट के लोगों ने संगठित होकर एलिवेटेड फ्लाईओवर निर्माण के पक्ष में आवाज बुलंद किया, आज यह उसी का परिणाम दिख रहा है। एलिवेटिड फ्लाईओवर की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर बीहट के ग्रामीण प्रयास कर रहे थे, जिसे पथ निर्माण मंत्री नितिन गडकरी ने मंजूरी दे दी। यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। नगर विधायक कुंदन कुमार ने कहा कि विगत 50 वर्ष के बाद बेगूसराय में विकास हो रहा है, यह बेगूसराय का स्वर्णिम काल है। सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार अमर ने कहा कि सांस्कृतिक परंपरा का नाम बीहट है। बेगूसराय में राजनीति बदल रहा है, आने वाले दस साल में एक नए विकसित जिला के रूप में बेगूसराय की पहचान होगी। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा, कांग्रेस नेता नंदकिशोर सिंह, रामनारायण सिंह, अरुंधती देवी, सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह एवं समाजिक कार्यकर्ता रामकृष्ण ने भी संबोधित किया।

### बिहारशरीफ दंगे के मास्टर माइंड पप्पू मियां ने फारबिसगंज थाना में किया सरेंडर

**अररिया (हि .स.)।** फारबिसगंज थाना में बिहारशरीफ हिंसा के आरोपी पप्पू मियां ने शनिवार को थानाध्यक्ष आफताब अहमद के समक्ष आत्म समर्पण किया ।बिहारशरीफ हिंसा के आठवें आरोपी पप्पू मियां पिता - कल्लू नालंदा जिला के बिहारशरीफ के गगन दीवान नगरी मौहल्ला का रहने वाला है ।उसने नालंदा पुलिस की ओर से लगातार हो रहे कुर्की जब्ती को लेकर आत्म समर्पण किया। हिंसा मामले में चिह्नित नौ आरोपियों के घर कुर्की शुरू होने के बाद नालंदा हिंसा के एक-एक कर आरोपी सरेंडर कर रहे हैं ।नालंदा से प्राप्त जानकारी के अनुसार,आत्म समर्पण करने वालों में नालंदा बजरंग दल के संयोजक कुंदन कुमार भी शामिल है। उसने भी सरेंडर कर दिया है। अबतक आठ लोग सरेंडर कर चुके हैं। फिलहाल फारबिसगंज थाना में आत्मसमर्पण किए पप्पू मियां से पुलिस की पूछताछ जारी है साथी थाना पुलिस फारबिसगंज से उनके लिंग को भी खंगालने में जुटी है। उल्लेखनीय है कि नालंदा के बिहारशरीफ में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा हुई थी ।जिसके कारण विधि व्यवस्था के साथ पूरे देश में बिहार की नकारात्मक छवि बनी थी ।रोहतास सहित नालंदा एवं अन्य स्थानों पर हुए हिंसा को पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी ने गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शिनाख्त कर कार्रवाई का आदेश दिया था ।जिसके आलोक में ताबड़तोड छापेमारी के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी और आत्म समर्पण के लिए कुर्की जब्ती जैसे कठोर कार्य पुलिस के द्वारा की जा रही है ।इसी के आलोक में नालंदा हिंसा के आठवें आरोपी पप्पू मियां ने फारबिसगंज थाना में पुलिस की दबिश के कारण सरेंडर किया है। थाना में सरेंडर करने बाद उससे पूछताछ जारी है। नालंदा हिंसा में नौ दोषियों को चिह्नित किया गया था और सभी फरार थे। पप्पू मियां के सरेंडर करने से पहले सात आरोपी सरेंडर कर चुके थे।

## पेज 1 का शेष

### लेवी न मिलने से...

इस कार्य में लगी जेसीबी और ट्रैक्टर मालिक लीला साव के घर के सामने खड़े थे। रात को हथियारबंद नक्सली पहुंचे और वाहनों के आग के हवाले कर दिया। वहीं लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के मकांदू टोंगरी में संचालित बालाजी स्टोन ट्रेडिंग वर्क्स लिमिटेड के माइंस तथा क्रशर प्लांट में पीएलएफआई के नक्सलियों ने शुक्रवार रात एक पोकलेन और एक साउंडलेस जेनरेटर को फूंक दिया। पोकलेन ऑपरेटर के साथ मारपीट की। दशहत फैलाने के उद्देश्य से दो बम विस्फोट भी किये। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया कि लेवी के लिए पीएलएफआई संगठन के कृष्णा यादव तथा उनके सहयोगियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। **लेवी से जुड़ा है मामला :** जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला लेवी और रंगदारी से जुड़ा हुआ है। अपने वर्चस्व को एक बार फिर कायम करने के लिए तथाकथित नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। कंपनी के मालिकों के द्वारा रंगदारी नहीं दी गई तो सुनियोजित साजिश के तहत पुल निर्माण स्थल पर हमला किया गया। तथाकथित नक्सली संगठनों के द्वारा इस इलाके में पिछले कई वर्षों में कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया गया है।

### बहरागोड़ा में...

सैकड़ों ट्रकों में लदी सब्जियां सड़ने लगी हैं। आंदोलन के कारण ट्रेन सेवा चरमराई गयी है। रेलवे अधिकारी हालात को चिंताजनक बता रहे हैं। **आम लोगों की भी बढ़ी मुसीबतें :** ट्रेन सेवा और एनएच पर जाम की वजह से सबसे ज्यादा दिक्कत उनको हो रही है, जिन्हें कोलकाता जाकर इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़ना होता है। इसके अलावा लोकल ट्रेन नहीं चलने के कारण जमशेदपुर की फैक्ट्रियों में काम करने के लिए हर दिन घाटशिला, मुसाबनी, चाकुलिया और आसनबनी जैसे जगहों से आना-जाना करने वाले लोग बेहद परेशान हैं। **क्या है मांग :** पश्चिम बंगाल के खेमाशुली में कुड़मी जनजाति को एसटी में शामिल करने और कुड़मी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने की मांग को ले कर एंदोलन पर हैं। बहरागोड़ा के कुड़मी समाज के करीब 50 प्रमुख सदस्यों के नेतृत्व में झारखंड के कुड़मी समाज के लोग खेमासुली में आयोजित आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे। धीरे- धीरे आंदोलन उग्र रूप लेती जा रही है और आंदोलनकारियों की भी संख्या बढ़ती जा रही है। सरकार जब तक आगे की कारवाई नहीं करती है, तबतक आंदोलन जारी रहेगा। इस बार कुड़मी समाज अपना हक लेकर रहेगी। खेमासुली में चल रहे आंदोलन को लेकर छात्र नेताओं के द्वारा कुड़मी बहुल गांवों में डोर-टू-डोर जाकर खाद्यान्न सामग्री (चाल,दाल,हरि सब्जी) सग्रहन कर आंदोलन में सहयोग कर रहे हैं. साथ साथ समाज के युवा वर्ग को आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपिल कर रहे हैं। कुड़मी समाज ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें मानी नहीं जायेंगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस बार आर पार की लड़ाई है। **रेलवे ने की कई दौर की बैठक :** दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि खड़गपुर मंडल में खेमाशुली और आद्रा मंडल के पुरुलिया जिले में पुस्तौर स्टेशन पर कुड़मी समाज के लोग रेल लाइन पर बैठे हुए हैं। कई दौर की बैठकों में उनसे रेल लाइन खाली करने का आग्रह किया गया, लेकिन स्थित अभी तक नहीं सुधरी है। ट्रेन पटरियों पर से जब तक प्रदर्शनकारी नहीं हटते, ट्रेनों को चलाना मुश्किल है।

### सेल टैक्स विभाग...

**वन टाईम सेटलमेंट का भी मिलेगा लाभ :** विभाग को वन टाईम सेटलमेंट स्कीम का भी लाभ मिलेगा। इस स्कीम के तहत पुराने कराधानों के अंतर्गत बकाया राशि की वसूली एवं विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों को कर समाधान योजना के तहत समाधन कर आमदनी को बढ़ाया जायेगा। पिछले वित्तीय वर्ष के अन्त में लाई गयी इस योजना से वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 04 करोड़ की वसूली की गयी है। वहीं इस वित्तीय वर्ष में लगभग 500 करोड़ की वसूली होगी।

# अब इएमआइ पर मिलने लगा फलों का राजा अल्फांसो

## पुणे के एक व्यापारी अनूठी पेशकश : पहले खाओ, फिर किस्त में दाम चुकाओ

एजेंसी

**पुणे।** अपने खास स्वाद के लिए दुनिया भर में मशहूर अल्फांसो आम के दाम में बेतहाशा बढ़ोतरी को देखते हुए पुणे के एक कारोबारी ने फलों के राजा को खरीदने के लिए ग्राहकों को आसान मासिक किस्तों की अनूठी सुविधा पेश की है। महाराष्ट्र के देवगढ़ एवं रत्नागिरि में पैदा होने वाले अल्फांसो को हापुस आम के नाम से भी जाना जाता है।

आम की तमाम किस्मों में अल्फांसो को सबसे अच्छा माना जाता है। लेकिन अपने बेहतरीन स्वाद एवं कम उत्पादन की वजह से इसके दाम अक्सर आम लोगों की पहुंच से बाहर ही रहते हैं। इस



साल भी अल्फांसो आम खुदरा बाजार में 800 रुपये से 1,300 रुपये प्रति दर्जन के भाव पर बिक रहा है। ऐसी स्थिति में आम लोगों तक इस खास आम का स्वाद पहुंचाने के लिए गौरव सनस नाम के कारोबारी एक अनूठी पेशकश लेकर आए हैं। वह अल्फांसो को अब किसी महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान की तरह आसान मासिक किस्त यानी ईएमआई पर भी बेचने को तैयार हैं। सनस ने कहा कि

**इएमआइ पर लेने लिए कम-से-कम 5,000 रुपये की खरीदारी करनी जरूरी**

बिक्री शुरू होते ही अल्फांसो के दाम बहुत ऊपर जा चुके हैं। ऐसी स्थिति में अगर अल्फांसो को भी ईएमआई पर दिया जाए तो हर कोई इसका स्वाद ले सकता है।

फल कारोबार से जुड़ी फर्म गुरुकृपा ट्रेडर्स एंड फ्रूट प्रोडक्ट्स के सनस का दावा है कि पूरे देश में ईएमआई पर आम बेचने वाला पहला प्रतिष्ठान उनका है। उन्होंने कहा कि हमने सोचा कि अगर फ्रिज, एसी और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को ईएमआई पर खरीदा जा सकता है तो फिर आम को क्यों नहीं? इस तरह हर कोई इस आम को खरीद सकता है। कोई भी व्यक्ति ईएमआई पर मोबाइल फोन खरीदने की ही तरह उनकी दुकान से अल्फांसो को किस्त पर खरीद सकता है। इसके लिए ग्राहक के पास क्रेडिट कार्ड होना चाहिए और फिर खरीद मूल्य को तीन, छह या 12 महीनों की किस्तों में बदल दिया जाता है। हालांकि सनस की दुकान पर अल्फांसो को ईएमआई पर खरीदने के लिए कम-से-कम 5,000 रुपये की खरीदारी करनी जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए अब तक चार लोग आगे भी आ चुके हैं। इस तरह ईएमआई पर अल्फांसो की बिक्री का सफर शुरू हो चुका है।

## अतीक की पत्नी शाइस्ता पर अब इनाम 50,000

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार कर दी गई है। उमेश पाल हत्याकांड में नामजद होने पर पहले पुलिस ने शाइस्ता पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। फरार होने के बाद पुलिस जगह-जगह उसकी तलाश में जुटी हुई है। लेकिन तमाम दबिश के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने इनाम की राशि को बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले अतीक अहमद, भाई अशरफ, पुत्रों सहित शाइस्ता परवीन पर भी मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद से ही वह फरार चल रही थी।

स्पीड न्यूज

## अतीक का साबरमती जेल में बदली गई बैरक

**लखनऊ/गुजरात।** गुजरात की साबरमती जेल में बंद उत्तर प्रदेश का माफिया अतीक अहमद की बैरक को बदल दिया गया है। उसे जेल की कड़ी सुरक्षा क्षेत्र में आने वाली 200 खोली बैरक में शिफ्ट किया गया है। यहां पर बेहद संगीन और देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त सजायाफ्ता कैदियों को रखा जाता है। प्रयागराज के उमेश पाल हत्या कांड में अतीक अहमद को बीते दिनों न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायालय के फैसला आने के बाद अहमदाबाद की साबरमती जेल में बंद अतीक को अब हाई सिक्योरिटी बैरक में शिफ्ट किया गया है।

## यूपीः सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में पति -पत्नी सहित छह लोगों की मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि बलरामपुर उतरौला मार्ग पर गालिबपुर गांव के पास सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के कार में सवार सभी सदस्यों की मौत हो गयी। सोनू साहू अपने परिवार के अन्य पांच लोगों के साथ कार से नैनीताल से वापस देवरिया जिले में स्थित अपने घर जा रहे थे कि अचानक बलरामपुर उतरौला मार्ग पर गालिबपुर गांव के पास सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रक से कार की भिड़ंत हो गयी।

## सीबीआई ने कोचर दंपति पर आरोपपत्र दायर किया

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने 3,250 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 409 तथा भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोपपत्र दायर किया है।

## एटीजीएल ने सीएनजी की कीमतें घटाईं

**नयी दिल्ली।** अडाणी समूह की गैस वितरण कंपनी अडाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने शनिवार को सीएनजी की कीमत में 8.13 रुपये प्रति किलोग्राम और पाइपलाइन गैस की कीमत में 5.06 रुपये प्रति घन मीटर की कटौती करने की घोषणा की। यह बदलाव सरकार द्वारा प्राकृतिक गैस की कीमत तय करने का नया फॉर्मूला लागू करने के बाद किया गया है।

## सुकमा में दो नक्सली अरेस्ट, विस्फोटक जब्त

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से कथित रूप से विस्फोटक बरामद किए गए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुचक सुखराम (28) और माडवी कोसा (30) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था तथा दोनों सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के इरादे से विस्फोटक लगाने की साजिश रच रहे थे।

## गैंगस्टर की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**बाराबंकी ।** पुलिस ने शनिवार को अतुल वर्मा गैंग के सदस्य की सम्पत्ति को कुर्क किया है। सम्पत्ति की कीमत करीब एक करोड़ 41 लाख 60 हजार रुपये है।एसपी दिनेश कुमार ने बताया कि थाना मसौली पर दर्ज गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त फतहाबाद निवासी शरद कुमार वर्मा गैंग लीडर अतुल वर्मा के लिए काम करता था।

# जहां पर परिवारवाद होता है, वहीं से भ्रष्टाचार : मोदी

## प्रधानमंत्री ने तिरुपति के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

- भारस व कांग्रेस पर किया प्रहार, कहा- परिवारवादी ताकतें व्यवस्था पर अपना नियंत्रण छोड़ना नहीं चाहतीं
- कुछ मुट्ठी भर लोग विकास के कार्यों से बौखलाए हुए हैं

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (भारस) और कांग्रेस की राजनीति पर शनिवार को करारा प्रहार करते हुए कहा कि ये परिवारवादी ताकतें व्यवस्था पर अपना नियंत्रण छोड़ना नहीं चाहतीं, क्योंकि इससे उनके भ्रष्टाचार की राजनीति अवरुद्ध हो जाएगी। श्री मोदी ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर तिरुपति के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करने के बाद परेड मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और 11 हजार 300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें 7865 करोड़ रुपए की छह राजमार्ग परियोजनाएं तथा बीबीनगर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) निर्माण शामिल है।

श्री मोदी ने कहा कि तेलंगाना-आंध्र प्रदेश को जोड़ने वाली एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई है। यह आधुनिक ट्रेन अब भाग्यलक्ष्मी मंदिर के शहर को भगवान श्री वेंकटेश्वर धाम तिरुपति से जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि आज मुझे तेलंगाना के विकास को और गति देने का पुनः सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में, भारतीय जनता पार्टी की सरकार औद्योगिक और कृषि विकास दोनों के लिए तैयार है। कपड़ा क्षेत्र वह है जो किसानों और मजदूरों दोनों को सशक्त बनाता है। हमने देश भर में सात मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने का फैसला किया है और इनमें से एक तेलंगाना में स्थापित किया जाएगा। यह न केवल रोजगार को बढ़ावा देगा बल्कि राज्य में समग्र विकास भी सुनिश्चित करेगा।



प्रधानमंत्री ने कहा कि तेलंगाना और तेलंगाना के लोगों के विकास को लेकर जो सपना आपने देखा था उसको पूरा करना केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार अपना कर्तव्य समझती है। हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मॉडल को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि आज के नए भारत में देशवासियों की आशाओं को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है लेकिन कुछ मुट्ठी भर लोग विकास के इन कार्यों से बहुत बौखलाए हुए हैं। ऐसे लोग जो परिवारवाद, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को पोषित करते रहे उन्हें ईमानदारी से काम करने वालों से परेशानी हो रही है।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को देश के हित और समाज के भले से कोई लेना देना नहीं है, ऐसे लोग केवल अपने कुनबे को फलता-फूलता देखना पसंद करते हैं। तेलंगाना को ऐसे लोगों से बहुत सतर्क रहना है। उन्होंने कहा कि हमने देशभर में डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था बढ़ाई है लेकिन ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ? इसलिए नहीं हुआ क्योंकि परिवारवादी ताकतें व्यवस्था पर... सिस्टम पर अपना कंट्रोल छोड़ना नहीं चाहती थीं। किस लाभार्थी को क्या लाभ मिले, कितना मिले, ये नियंत्रण ये परिवारवादी अपने पास ही रखना चाहते थे। इससे इनके तीन मतलब सिद्ध होते थे। एक- इनके ही परिवार की जय जयकार होती रहे। दो - भ्रष्टाचार का पैसा इनके परिवार के पास ही आता रहे तथा तीसरा- जो पैसे गरीब के लिए भेजे जाते हैं, वे इनके भ्रष्ट इको-सिस्टम में बांटने के काम आ जाए। लेकिन मोदी ने भ्रष्टाचार की जड़ पर ही प्रहार कर दिया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष को झटका दिया :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित मनमाने इस्तेमाल के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले कुछ राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका खारिज करके उन दलों को करारा झटका दिया है। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिये बिना कहा कि कुछ दिन पहले कुछ राजनीतिक दल न्यायालय में संरक्षण मांगने गए थे कि कोई हमारी भ्रष्टाचार की जांच की मांग न करे। वे न्यायालय गए, लेकिन न्यायालय ने उन्हें झटका दे दिया।

## राजगोपालाचारी के प्रपौत्र भाजपा में हुए शामिल



**नयी दिल्ली।** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और भारत के अंतिम गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी के प्रपौत्र सी आर केसवन शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस में रह चुके केसवन ने जन-केंद्रित नीतियों और भ्रष्टाचार मुक्त तथा समावेशी शासन के साथ भारत में व्यापक परिवर्तन की शुरूआत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। तमिलनाडु के रहने वाले केसवन ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। हालिया काशी-तमिल संगमम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास तथा परंपराओं का विभिन्न कार्यक्रमों के साथ जश्न मनाया जा रहा है। केसवन ने सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी से निपटने की सराहना करते हुए कहा कि इससे दुनिया में भारत की छवि मजबूत हुई। वह केंद्रीय मंत्री वी के सिंह और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर सिंह ने देश के लिए राजगोपालाचारी के योगदान का हवाला दिया और आरोप लगाया कि आजादी के बाद उन्हें दरकिनार कर दिया गया तथा इतिहास से गायब कर दिया गया क्योंकि एक परिवार ने यह कहने की कोशिश की कि उन्होंने सब कुछ किया। सिंह ने कहा कि केसवन भाजपा और तमिलनाडु की राजनीति में एक मजबूत आवाज होंगे।

# अब यूपी में गुंडे व माफियाओं की सिट्टी-पिट्टी हुयी गुम : योगी

एजेंसी

- जनता को आतंकित करने वालों की गीली हो रही पैंट
- विकास, निवेश और रोजगार में विश्वास करते लोगः सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून के इतर काम करने की इजाजत किसी को नहीं है। प्रदेश के लोगों के जान के दुश्मन बने माफिया को अब खुद जान के लाले पड़े हैं। जनता को आतंकित करने वालों को कोर्ट जब सजा सुनाती है तो उनकी पैंट गीली हो जा रही है। आज उत्तर प्रदेश में निवेशकों की और उनकी पूंजी सुरक्षा की गारंटी है। सबकी सुरक्षा सरकार की जवाबदेही है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप बस रहे औद्योगिक गलियारे में गोरखपुर विकास प्राधिकरण (गीडा) के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1071 करोड़ रुपये के निवेश से लग रहे प्लांट का भूमि पूजन व शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक दौर वह भी था जब गुंडे और माफिया, कारोबारियों को धमकी देते थे। अब गुंडे, माफियाओं की सिट्टी-पिट्टी गुम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छह वर्ष पूर्व यूपी की पहचान दंगों और अराजकता से थी। इस वर्ष जब रामनवमी पर देश के कुछ राज्यों में दंगे हो रहे थे तब यूपी में अमन चैन था। अयोध्या में 33 लाख लोग पहुंचे और एक तिनका भी नहीं हिला। एक हजार से अधिक शोभायात्राएं निकाली गईं। इन पर हिंदू-मुस्लिम पुष्पवर्षा कर रहे थे। 06 अप्रैल को हनुमत जयंती पर यूपी में 500 से अधिक शोभायात्राएं



शांतिपूर्ण तरीके से निकली। अब यूपी में पर्व त्योहार पर बमवर्षा नहीं बल्कि पुष्पवर्षा होती है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता दंगों पर नहीं बल्कि विकास, निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने वाली डबल इंजन सरकार पर विश्वास करती है। इसी विश्वास की देन है कि उत्तर प्रदेश को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

यूपी में अब हर तरह की शानदार कनेक्टिविटी : मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब शानदार कनेक्टिविटी है। पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे शुरू हो चुके हैं। गंगा एक्सप्रेसवे पर काम जारी है।

नेपाल, बिहार, उत्तराखंड, छतीसगढ़, झारखंड तक फोरलेन की कनेक्टिविटी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि 2017 तक यूपी में सिर्फ दो एयरपोर्ट पूर्ण और दो आंशिक क्रियाशील थे। आज नौ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं, 12 पर काम चल रहा है। जल्द ही उत्तर प्रदेश, पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य होगा। मेट्रो और रोपवे पर युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है।

# हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं : भागवत

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने शनिवार को संगठित कार्य शक्ति की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा के लिए उपयुक्त एवं उत्कृष्टता पूर्ण कार्यकर्ता बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया। डॉ. भागवत जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में चल रहे सेवा संगम के दूसरे दिन देशभर से आए सेवा भारती के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं। इसके लिए सामर्थ्य-सम्पन्न संघ शक्ति चाहिए, क्योंकि अच्छा कार्य भी बिना शक्ति के कोई मानता नहीं है, कोई देखता नहीं है। यह विश्व का स्वभाव है। आरएसएस की प्रार्थना में विजेत्री

**संघ प्रमुख ने सेवा भारती के प्रतिनिधियों को किया संबोधित**



च नः संहता कार्यशक्ति विधायास्य धर्मस्य संरक्षणम। परं वैभवं नेतुमेतत स्वराष्ट्रं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। धर्म का संरक्षण करते हुए हम राष्ट्र को परम वैभव सम्पन्न बनाएंगे। फल की इच्छा नहीं रखकर किए जाने वाले कार्य सात्विक होते हैं। जो कार्य स्वार्थवश किए जाते हैं वे राजसी कार्य होते हैं। तामसिक कार्य भी होते हैं। ऐसा करने वाले अपना भी भला नहीं करते और दूसरों का भी नुकसान करते हैं।

## चीन सीमा के पास गांव का दौरा करेंगे गृह मंत्री

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 और 11 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान वह भारत-चीन सीमा से लगे एक गांव किबिथू में ह्यजीवंत गांव कार्यक्रम' की शुरूआत करेंगे। गृह मंत्रालय की ओर से शनिवार को बताया कि कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिए 4,800 करोड़ रुपये के केंद्रीय आवंटन के साथ जीवंत गांव कार्यक्रम (वीवीपी) को मंजूरी दी है। इसमें 2,500 करोड़ रुपये विशेष रूप से सड़क संपर्क के लिए निर्धारित किए गए हैं। वीवीपी के तहत उत्तरी सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों और लद्दाख के 19 जिलों के 46 ब्लॉक में 2,967 गांव की व्यापक विकास के लिए पहचान की गई है। पहले चरण में, आंध्र प्रदेश में 455 सहित 662 गांव की पहचान की गई है।

# अंतरिक्ष से अब हर घंटे वायु प्रदूषण पर होगी निगरानी

**वॉशिंगटन।** नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन( नासा) ने एक ऐसे उपकरण को लॉन्च किया है, जिसकी सहायता से अंतरिक्ष से ही हवा की गुणवत्ता का निरीक्षण करने के वैज्ञानिकों के तरीके में सुधार होगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने शनिवार को वायु प्रदूषण की स्थिति पर नजर रखने के लिए ट्रोपोस्फेरिक एमिशन मॉनिटरिंग ऑफ पोल्यूशन इंस्ट्रूमेंट या टेम्पो नाम का एक वायु गुणवत्ता मॉनिटर लॉन्च किया है। नासा के वैज्ञानिक ने बताया कि टेम्पो पहला अंतरिक्ष आधारित उपकरण है जो प्रमुख वायु प्रदूषकों की हर घंटे निगरानी करेगा। बता दें कि नासा ने टेम्पो को फ्लोरिडा में केप कैनावरेल स्पेस फोर्स स्टेशन से स्पेसएक्स फॉल्कन 9 रॉकेट के ऊपर लॉन्च किया है। इस उपकरण का मीशन केवल प्रदूषण का अध्ययन करने से कहीं ज्यादा

**वायु गुणवत्ता बताने वाला टेंपो उपकरण नासा ने किया लांच**



अधिक है। यह सभी के लिए पृथ्वी पर जीवन को बेहतर बनाने के लिए लान्च किया गया है। यह वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार प्रत्येक कारणों का अध्ययन करेगा। जैसे सर्वाधिक ट्रैफिक, जंगल में आग लगना और ज्वालामुखी की वजह से होने वाले प्रदूषण पर नजर रखेगा। टेम्पो से मिलने वाले डाटा का प्रयोग कर उत्तरी अमेरिका के क्षेत्रों में पैदा हो रहे प्रदूषण के कारकों से निपटा जा सकेगा।

# प्रीति जिंटा ने कामाख्या मंदिर में की पूजा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने कामख्या मंदिर में किया दर्शन। प्रीति जिंटा अपने पति जेन गुडइनफ के साथ यूएस में रहती हैं। प्रीति जिंटा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है जो कई तस्वीरों के कोलाज से बनाया गया है।

इस वीडियो में प्रीति ने अपने गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर दर्शन की जर्नी दिखाई है। प्रीति जिंटा ने वीडियो के साथ अपने पोस्ट में लिखा, 'गुवाहाटी जाने का मेरा एक कारण प्रसिद्ध कामाख्या देवी मंदिर जाना था। भले ही हमारी उड़ान कई घंटों के लिए विलंबित थी और मैं पूरी रात जागी थी, लेकिन मंदिर में प्रवेश करते ही यह सब सार्थक लगने लगा। जब मैं वहां गई तो मुझे पावरफुल वाइब्रेशन और शांति महसूस हुई। स्थिरता और कृतज्ञता के ये क्षण चारों ओर की सभी अराजकता और निर्णय के लिए आपको तैयार करते हैं और इसके लिए मैं आभारी हूं। यदि आप में से कोई भी गुवाहाटी घूमने जाए तो इस अविश्वसनीय मंदिर को देखना न भूलें। आप मुझे बाद में धन्यवाद दे सकते हैं। जय मां कामाख्या - जय माता दी।



बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस